

// सुख-दुख तो अतिथि हैं, बारी-बारी से आयेंगे चले जायेंगे, यदि ये नहीं आयेंगे तो हम अनुभव कहां से लायेंगे। \\

दैनिक खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

# अर्थ प्रकाश

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

सुबल वाणी

जिंदगी में सब कुछ छोड़ देना, लेकिन मुस्कुराना और उम्मीद कभी मत छोड़ना।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, सोमवार, 27 अक्तूबर, 2025 | कार्तिक शुक्ल पक्ष: षष्ठी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 296 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12







## न्यूज़ ब्रीफ

### बिहार चुनाव और उपचुनाव 2025: साइलेंस पीरियड में नहीं होगा कोई प्रचार, एग्जिट पोल पर भी रोक

**नई दिल्ली (अप्रस)।** बिहार विधानसभा चुनाव और उपचुनावों से पहले चुनाव आयोग ने सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स, न्यूज चैनलों और डिजिटल नेटवर्क्स को सख्त चेतावनी जारी की है। आयोग ने कहा कि आगामी चुनावों के दौरान साइलेंस पीरियड और एग्जिट पोल से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। चुनाव आयोग ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव दो चरणों में होंगे। पहला चरण 6 नवंबर को और दूसरा 11 नवंबर को होगा। आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) का हवाला देते हुए कहा कि मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले किसी भी प्रकार की चुनावी सामग्री या प्रचार से संबंधित प्रसारण टीवी, रेडियो या किसी अन्य माध्यम पर नहीं होना चाहिए। इस साइलेंस पीरियड के दौरान किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार के पक्ष या विपक्ष में चर्चा, बहस या मतदाता को प्रभावित करने वाला कोई भी कार्यक्रम प्रसारित करना कानूनन अपराध माना जाएगा। चुनाव आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि धारा 126ए के तहत एग्जिट पोल का संचालन या प्रकाशन भी पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध 6 नवंबर सुबह 7 बजे से लेकर 11 नवंबर शाम 6:30 बजे तक लागू रहेगा। इस दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल सभी माध्यमों पर एग्जिट पोल से जुड़ी कोई भी जानकारी साझा नहीं की जा सकेगी। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि इन नियमों के उल्लंघन पर दो साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों सजा हो सकती हैं।




**सराहनीय प्रयास:** पंजाब सरकार ने की बाढ़ प्रभावित जिलों के किसानों को मुफ्त गेहूं के बीज वितरण की शुरुआत

# बाढ़ के कारण किसानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा, संकट की घड़ी में किसानों के साथ खड़ी है सरकार: मान

- मुख्यमंत्री ने मुफ्त गेहूं के बीज ले जा रहे 7 ट्रकों को दिखाई हरी झंडी
- राज्य सरकार की ओर से किसानों को दो लाख क्विंटल बीज मुफ्त दिया जाएगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 26 अक्टूबर।** राज्य के बाढ़ पीड़ितों के साथ किए गए एक और वादे को पूरा करते हुए, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने हाल ही में आई बाढ़ के दौरान लगभग पांच लाख एकड़ जमीन में अपनी फसल गंवाने वाले किसानों को दो लाख क्विंटल गेहूं के बीज मुफ्त प्रदान करने के लिए रविवार को सात ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के कारण राज्य के किसानों को अनगिनत मुश्किलों का सामना करना पड़ा है और सरकार इस गंभीर संकट की घड़ी में राज्य के किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में आई बाढ़ के कारण राज्य के किसानों को भारी नुकसान सहना पड़ा है, जिसके चलते राज्य सरकार ने उन्हें 74 करोड़ रुपए के दो लाख क्विंटल बीज मुफ्त प्रदान करने का फैसला किया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जिलों के किसानों को मुफ्त बीज वितरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है और इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मेहनती किसानों ने देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य के किसान बाढ़ के कारण बड़े संकट का सामना कर रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार उन्हें इस समस्या से बाहर निकालने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन किसानों को आगामी रबी की फसल बोने में मदद करने के लिए गेहूं के बीज मुफ्त प्रदान किए जा रहे हैं।





### किसानों की मुश्किलों को कम करने की दिशा में छोटा सा कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के दौरान हुई तबाही के कारण किसानों के लिए पैदा हुई मुश्किलों को कम करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किया गया यह एक छोटा सा प्रयास है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन बाढ़ों के कारण हुई तबाही का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता, क्योंकि पंजाब को पहले कभी इतना नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य के मेहनती, बहादुर और दृढ़ किसानों ने बाढ़ के कहर का डटकर सामना किया है और वे राष्ट्रीय खाद्य पूल में अनाज का योगदान देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### 2,300 से अधिक गांव बाढ़ में डूबे

मुख्यमंत्री ने दुख व्यक्त किया कि बाढ़ के कारण 2,300 से अधिक गांव डूब गए, 20 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए और पांच लाख एकड़ जमीन में फसलें तबाह हो गईं। उन्होंने कहा कि दुख की बात यह है कि इन बाढ़ों के दौरान 56 लोगों की जान चली गई और लगभग सात लाख लोग बेघर हो गए। उन्होंने कहा कि 3,200 सरकारी स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए, 19 कॉलेज मलबे में तब्दील हो गए, 1,400 क्लीनिक और अस्पताल बर्बाद हो गए, 8,500 किलोमीटर सड़कें तबाह हो गईं और 2,500 पुल ढह गए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार लगभग 13,800 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है, हालांकि वास्तविक आंकड़ा इससे भी अधिक हो सकता है।

**हिसार में मनाया गया संत नामदेव जी महाराज का राज्य स्तरीय समारोह, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की शिरकत**

# संत नामदेव जी का जीवन प्रेम, भक्ति और समानता का प्रतीक: सैनी

- प्रदेश में किसी सरकारी संस्थान का नाम संत नामदेव जी महाराज के नाम पर रखने की मुख्यमंत्री ने की घोषणा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**हिसार, 26 अक्तूबर।** हरियाणा सरकार द्वारा संतों और महापुरुषों के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही 'संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना' के तहत रविवार को हिसार में संत नामदेव जी महाराज राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्यमंत्री ने संत नामदेव जी को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन प्रेम, भक्ति और समानता का प्रतीक है। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव, छुआछूत और असमानता को मिटाकर मानवता को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया।

मुख्यमंत्री ने समाज की मांग के अनुसार प्रदेश में किसी एक सरकारी संस्थान का नाम संत नामदेव जी महाराज के नाम पर रखने की घोषणा की। इसके अलावा, समाज की विभिन्न धर्मशालाओं के रख- रखाव और सोलर पैनल लगवाने के लिए 51 लाख रुपए देने की भी घोषणा की। साथ ही, उन्होंने कहा कि भिवानी, पानीपत और नारनौल में समाज द्वारा जमीन के लिए आवेदन करने पर नियमानुसार भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके अलावा समाज द्वारा दी गई अन्य मांगों को संबंधित विभागों को भेजकर पूरा करवाने का काम किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत नामदेव जी हर व्यक्ति में ईश्वर का अंश देखते थे और इसी भाव से उन्होंने समाज में फैली जातिवाद, छुआछूत और असमानता जैसी बुराइयों को मिटाने का काम किया। उन्होंने बताया कि सच्चा धर्म वही है जो मानव को मानव से जोड़े और जो दूसरों के दुःख को अपना दुःख माने। उन्होंने कहा कि संत नामदेव जी का मेहनत, भक्ति और ईमानदारी से जीवन जीने का संदेश हरियाणा की सामाजिक चेतना में भी गहराई से रचा-बसा है। हरियाणा का श्रमिक वर्ग, किसान, कारीगर, दर्जी, लोहार, और हर परिश्रमी समुदाय, संत नामदेव जी की उसी भावना को अपने कर्म में जीता है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 21वीं सदी के विकसित भारत का निर्माण कर रहे हैं, तब संत नामदेव जी की शिक्षाएं हमारे लिए और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जब देश 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र पर आगे बढ़ रहा है, तो यह मंत्र भी संत परंपरा से ही प्रेरित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महापुरुषों ने जो समानता का संदेश दिया है, उसे साकार करने के लिए सरकार ने अनेक ऐसी योजनाएं बनाई हैं, जिनसे गरीब से गरीब व्यक्ति का जीवन स्तर ऊंचा उठ सके। राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के दर्शन पर चलते हुए अन्त्योदय अभियान में उन परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है, जो किन्हीं कारणों से पिछड़े रह गए।

शेष पेज-2 पर



### हरियाणा में सद्भाव, सौहार्द और समान विकास के साथ आमजन की जिंदगी में आ रहा सुखद बदलाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सद्भाव, सौहार्द, समान विकास, समरसता और सहिष्णुता के साथ ऐसे परिवर्तन किए हैं, जिनसे आम नागरिक का जीवन अधिक सरल, सुगम और सुरक्षित बना है। आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ती। आज हरियाणा में आम आदमी की आशाएं और आकांक्षाएं साकार हो रही हैं तथा उनके सपनों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। राज्य सरकार संतों और महापुरुषों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण और उत्थान के लिए समर्पित है। सरकार का पहला और प्रमुख लक्ष्य समाज के सबसे गरीब व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊपर उठाना है, ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### पहले की सरकारें ओबीसी समाज को वोट बैंक के लिए इस्तेमाल करती थी

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 से ओबीसी आयोग ही नहीं था। उस समय की सरकार ओबीसी समाज को केवल वोट बैंक के लिए इस्तेमाल करती थी, लेकिन उन्हें उनके अधिकार कभी नहीं मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओबीसी आयोग बना कर ओबीसी वर्ग के लोगों को उनके अधिकार देने का काम किया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने गरीब व्यक्ति का हमेशा शोषण किया है। वोट बैंक की राजनीति ही की है। हरियाणा में वर्ष 2013 में कांग्रेस सरकार ने गरीबों को 100- 100 गज के प्लॉट देने की बात कही थी लेकिन न तो उन्हें प्लॉट का कागज दिया न ही कब्जा दिया। वे लोग दर- दर भटक रहे थे। हमारी सरकार आने के बाद हमने उन लोगों को प्लॉट के कागज़ भी दिए और कब्जा भी दिया।

**सच्चखंड श्री हरमंदिर साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी रघुबीर सिंह ने की खास अपील**

# रूमाल खरीदने में पैसा न करें बर्बाद, उस पैसे से गरीबों की मदद करें

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 26 अक्टूबर।** सिख धर्म में हमेशा से सिर को ढकने की परंपरा चली आई है। चाहे महिला हो या पुरुष, गुरुद्वारे में दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं को सिर ढकना अनिवार्य है। इसे गुरुद्वारे में सम्मान का प्रतीक माना जाता है, लेकिन अब सच्चखंड श्री हरमंदिर साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी रघुबीर सिंह ने संगत से रुमालों को लेकर एक अपील की है। उन्होंने कहा है कि वे कुछ सेकंड के लिए सिर ढकने के लिए पैसे की बर्बादी न करें और उन पैसों से गरीबों की मदद करें। सच्चखंड श्री हरमंदिर साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी रघुबीर सिंह ने श्रद्धालुओं के साथ रूमालों के नाम पर हो रही लूट का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि दुकानदार पुराने कपड़ों से रूमाल बनाते हैं और संगत बेकार में उन पर पैसा खर्च करती है। उन्होंने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा कि आजकल रूमालों के नाम पर संगत के साथ लूट की जा रही है और गुरु घर के प्रति बेअदबी हो रही है। श्रद्धालु अक्सर बेवजह रूमाल खरीद लेते हैं, जिनका बाद में कोई उपयोग नहीं होता। उन्होंने कहा कि कि एक मिनट के लिए माला को छूते हैं और फिर रूमाल को एक तरफ रख देते हैं, फिर वो रूमाल किसी के काम नहीं होता।








**वतन वापसी** | **कैथल के 14 युवक अमेरिका से डिपोर्ट, डंकी रूट से पहुंचे थे सपनों के देश**

# बेड़ियों में बांधकर जहाज से भेजा गया भारत, पुलिस ने शुरू की गहन पूछताछ

अर्थ प्रकाश/ ओम प्रकाश

**कैथल, 26 अक्तूबर।** विदेश में बेहतर जिंदगी के सपने देखने वाले कैथल जिले के 14 युवाओं का अमेरिकी सफर जेल और बेड़ियों में खत्म हो गया। अमेरिकी प्रशासन ने सभी युवकों को अवैध प्रवेश के आरोप में डिपोर्ट कर भारत भेज दिया है। ये युवक 'डंकी रूट' के जरिए खतरनाक जंगलों और सीमाओं को पार कर अमेरिका पहुंचे थे। अब शनिवार देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पर उतारे जाने के बाद पुलिस ने सभी को कैथल पुलिस लाइन में लाकर पूछताछ शुरू कर दी है। डिपोर्ट किए गए युवकों की उम्र 25 से 40 वर्ष के बीच है। कोई खेत-जमीन बेचकर गया था, तो किसी ने लाखों का कर्ज लेकर सपनों के देश की ओर रुख किया था। इनमें तारागढ़ के नरेश, पीडल के कर्ण, अग्रसेन कॉलोनी के मुकेश, कैथल के ऋतिक, जडौला के सुखबीर सिंह, हाबड़ी के अमित, बुच्ची के अभिषेक, बात्ता के मोहित, पबनावा के अशोक कुमार, सेरधा के आशीष, हाबड़ी के दमनप्रीत, सिसला के प्रभात और ढांड के सतनाम सिंह शामिल हैं। डीएसपी यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि ये सभी युवक टूरिस्ट वीजा या फर्जी दस्तावेजों के सहारे अमेरिका पहुंचे थे। कुछ के पास तो कोई वैध दस्तावेज भी नहीं थे। वहां दस्तावेजों की जांच के दौरान ये पकड़ में आ गए। कई महीनों तक जेल में रखने के बाद अमेरिकी प्रशासन ने सभी को बेड़ियों में बांधकर विमान से भारत भेजा। डीएसपी ललित यादव ने बताया कि फिलहाल सभी युवकों से पूछताछ जारी है। एक युवक को छोड़कर अभी तक किसी का कोई आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है, बाकी युवाओं को दस्तावेजी जांच के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि इसी वर्ष फरवरी में भी कैथल जिले के 7 युवकों को अमेरिका से डिपोर्ट किया गया था, जिनमें कलायत, मटौर, काकौत, रामनगर और गुलियानी गांवों के युवक शामिल थे। लगातार बढ़ रहे डंकी रूट मामलों ने एक बार फिर अवैध इमिग्रेशन नेटवर्क की हकीकत को उजागर कर दिया है।

**एक युवक को पुलिस ने लिया हिरासत में:** पुलिस जांच में अब तक तारागढ़ निवासी नरेश कुमार के खिलाफ दो पुराने मामले सामने आए हैं। एक चेक बाउंस और दूसरा शराब तस्करी से जुड़ा। वह दोनों मामलों में अदालत से अनुपस्थित था और विदेश भाग गया था। अब उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस ने फिलहाल युवक को हिरासत में ले लिया है।



### 14 महीने जेल में रहकर लौटा वतन

मैं शनिवार को अमेरिका की जेल से डिपोर्ट होकर भारत आया हूं। नौ जनवरी 2024 को दिल्ली से ब्राजील गया था। वहां उसका संपर्क पानीपत निवासी एजेंट आशीष कुमार और सुनील कुमार से हुआ था। दोनों ने मुझे डंकी के रास्ते ब्राजील से अमेरिका भेजने के साढ़े 57 लाख रुपये लिए थे। मैंने गांव की अपनी करीब एक एकड़ जमीन बेच कर 42 लाख रुपये और बकाया पैसे ब्याज पर उठाए थे। मार्च 2025 में दोनों को 42 लाख रुपये दिए थे। जून में डंकी के रास्ते सफर शुरू कर दिया था। पनामा के जंगलों से होते हुए आगे तक गए थे। डोंकर ठीक से खाना भी नहीं देते थे। ग्वाटेमाला पहुंचा तो उससे डोंकर ने छह लाख रुपये ले लिए थे। वहां से मैक्सिको सिटी पहुंचा तो छह लाख रुपये वहां लिए गए। वहां से तेजवाना बार्डर पार करके अमेरिका भेजने के नाम पर भी करीब तीन लाख रुपये ले लिए थे। पैसे लेने के बाद भी मुझे दूसरे बार्डर से अमेरिका भेजा और वहां पहुंचते ही पुलिस ने पकड़ लिया था। डंकी रूट पर मुझे करीब दो महीन का समय लगा था। इसके बाद से मैं जेल में ही था। अमेरिका की जेलों और कैंपों में काफी संख्या में भारतीय बंद हैं। अभी बहुत से जहाज भारत आने हैं। मैं तो युवाओं को हाथ जोड़कर कहूंगा कि कोई भी युवा डंकी के रास्ते से अमेरिका ना जाए।

तरनतारन में मुख्यमंत्री भगवंत मान का मेगा रोड शो, 'आप' उम्मीदवार के समर्थन में सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

# 'आप की सरकार, आप का विधायक': मान व सिसोदिया ने हरमीत संधू के लिए मांगा समर्थन

कहा- विकास की रफ्तार होगी दोगुनी

लोगों ने 2022 से पारंपरिक पार्टियों को बार-बार नकारा 'आप' करती है ईमानदारी, विकास और मान-सम्मान की राजनीति, लालच या सत्ता की नहीं: भगवंत मान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**तरनतारन, 26 अक्टूबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को तरनतारन विधानसभा उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के समर्थन में एक विशाल रोड शो किया। इस दौरान 'आप' पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया भी शामिल थे। इस जोशीले रोड शो में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली, जो भगवंत मान के नेतृत्व और 'आप' के पारदर्शी शासन के मॉडल में लोगों के विश्वास को दर्शाती है। रोड शो ने बाला चक्क, गोहलवड़, कोट दसंधी मल्ल, पंडोरी सिधवां, मानण, खैरदिनके, ठठगढ़, जगतपुरा और ढंड समेत कई गांवों को कवर किया, जहां हजारों निवासियों ने 'इंकलाब जिंदाबाद' और 'आप जिंदाबाद' के नारों के साथ नेताओं का स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह उपचुनाव सिर्फ एक विधायक चुनने के बारे में नहीं है, यह तरनतारन के भविष्य को चुनने के बारे में है। मान ने कहा कि हमारी सरकार ने पंजाब की राजनीति की दिशा बदल दी है। झूठे वादों और परिवारवाद का युग खत्म हो गया है। अब पंजाब ईमानदार शासन और विकास के लिए खड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि मुफ्त बिजली प्रदान करने से लेकर गरीबों तक राशन पहुंचाना, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में सुधार करना और युवाओं को नौकरियां प्रदान करना ही 'आप'का शासन है। उन्होंने कहा कि हमने 55,000 सरकारी नौकरियां योग्यता के आधार पर दी हैं। वहीं पुलिस, पटवारी और न्यायिक सेवाओं में भर्ती जारी है। किसानों को दिन में मुफ्त बिजली मिल रही है, नहरों का पानी खेतों तक पहुंच रहा है और राशन हर गरीब के घर तक पहुंच रहा है।

मान ने लोगों को यह भी याद दिलाया कि 'आप' बाढ़ प्रभावित किसानों के साथ मजबूती से खड़ी रही और 1.85 लाख क्विंटल गेहूं के बीज सप्लाई करने के अपने वादे को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि हम यहां भाषण देने के लिए नहीं बल्कि सेवा करने के लिए आए हैं। हमारी प्रतिबद्धता किसानों और मजदूरों को वापस पटरी पर लाने की है।

विरोधी पार्टियों पर तीखा हमला करते हुए मान ने कहा, 'जिन्होंने कभी पंजाब पर राज किया, अकालियों और कांग्रेस ने पांच साल खुद को चंडीगढ़ के बंगलों में बंद कर लिया। उन्होंने कभी आपके दर्द की परवाह नहीं की। ये लोग सिर्फ अपने परिवारों के बारे में सोचते हैं, पंजाब के बारे में नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'अब ये लोग आपसे हाथ मिलाने आएंगे, इसलिए हाथ मिलाने के बाद, अपनी उंगलियां गिन लेना, नहीं तो वो भी चोरी हो जाएंगी!'

2022 के विधानसभा चुनावों और बाद के उपचुनावों में 'आप' की लगातार जीतों का जिक्र करते हुए, मान ने कहा, ÷पंजाब के लोगों ने हमें 2022 में ऐतिहासिक जनादेश दिया था और उसके बाद हर उपचुनाव में भ्रष्ट और वंशवादी पार्टियों को खारिज करना जारी रखा है। तरनतारन एक बार फिर साबित करेगा कि लोग 'काम की राजनीति' चाहते हैं, 'भ्रष्ट राजनीति' नहीं।'

### 'मेरा सपना है कि पंजाब देश में नंबर एक बने': मान

मान ने पंजाब के युवाओं के लिए अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, 'मेरा सपना है कि पंजाब देश में नंबर एक बने, हमारे युवा खेलों, नौकरियों और जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट हों, और हमेशा के लिए नशे से मुक्त रहें। अगर मुझे पैसा कमाना होता, तो मैं अपनी कला के जरिए ऐसा कर सकता था, लेकिन मैं राजनीति में सिर्फ पंजाब की सेवा करने के लिए आया हूं।' उन्होंने सभा को यह भी बताया कि रोड शो के बाद, वह श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के आने वाले 350वें शहीदी पर्व समारोहों, जो कि 23-25 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब और गुरु साहिब के जीवन से जुड़े पवित्र स्थानों पर मनाए जाएंगे, के संबंध में राष्ट्रपति से मुलाकात के लिए दिल्ली रवाना होंगे।

## 'आप' उम्मीदवार संधू ने मान सरकार का रिपोर्ट कार्ड किया पेश, कहा- पारंपरिक पार्टियों के झूठे वादों का दौर अब खत्म

किसानों की खुशहाली और गरीबों को राशन सुनिश्चित किया, लोग 'काम की राजनीति' पर मुहर लगाएंगे: हरमीत संधू



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**तरनतारन, 26 अक्टूबर।** तरनतारन विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने आज दावा किया कि यह चुनाव तरनतारन के भविष्य का फैसला करेगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव 'आप' सरकार की 'काम की राजनीति' और विरोधियों के 'खोखले वादों' के बीच सीधा मुकाबला है। संधू ने कहा कि तरनतारन के लोग अब जागरूक हो चुके हैं और वे सिर्फ जमीनी स्तर पर हुए विकास कार्यों को देखकर ही वोट डालेंगे।

प्रेस बयान जारी करते हुए हरमीत सिंह संधू ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार ने वह करके दिखाया है जो पिछली सरकारें सिर्फ बातें करती थीं। हमने जमीनी स्तर पर आम आदमी के जीवन को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है।'

हरमीत संधू ने ब्योरा देते हुए कहा कि जिले के 1 लाख 81 हजार 343 पीएच कार्ड धारकों और 5585 अंत्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों तक राशन पहुंचाया गया है। पिछले तीन महीनों में ही 1 लाख 05 हजार 365 क्विंटल गेहूं का वितरण सुनिश्चित किया गया है, ताकि कोई गरीब भूखा न सोए।

किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए संधू ने कहा कि हमने किसानों को मंडियों में परेशान होने से बचाया है। गेहूं के सीजन के दौरान न सिर्फ फसल का समय पर उठान हुआ, बल्कि इतिहास में पहली बार किसानों को निर्धारित समय के भीतर उनकी मेहनत का पूरा भुगतान सीधे खातों में मिला। खरीद से लेकर भंडारण (स्टोरेज) तक का पूरा प्रबंध सुचारू ढंग से किया गया, जो पारंपरिक पार्टियां कभी नहीं कर सकीं।

उन्होंने सरकार की दूरदर्शिता के बारे में बताते हुए कहा, 'हम सिर्फ आज की नहीं, बल्कि आने वाले कल की भी सोच रहे हैं। फसल विविधीकरण के तहत जिले में धान का रकबा घटाकर बासमती के तहत लाया गया है। पिछले साल के 52,000 हेक्टेयर के मुकाबले इस साल 72,000 हेक्टेयर रकबे पर बासमती की बिजाई, हमारी सरकार की किसान-हितैषी कृषि नीति की बड़ी सफलता है।'

हरमीत सिंह संधू ने तरनतारन के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा, 'ये सभी काम मुख्यमंत्री भगवंत मान जी के नेतृत्व में हुए विकास की एक झलक हैं। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि आपका वोट मुझे और ताकत देगा ताकि मैं सरकार के साथ मिलकर तरनतारन के विकास की गति को दोगुना कर सकूं। मुझे पूरा यकीन है कि लोग इस बार पारंपरिक पार्टियों को नकार कर 'काम की राजनीति' पर मुहर लगाएंगे।'

## मान सरकार द्वारा बुढ़ापा पेंशन योजना के तहत अब तक 2400 करोड़ रुपये जारी: डॉ. बलजीत कौर

बुढ़ापा पेंशन के तहत 23 लाख से अधिक लाभार्थियों को मिल रहा है लाभ

'हमारे बुज़ुर्ग हमारा मान'– मान सरकार बुज़ुर्गों के सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 अक्तूबर।** पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने जानकारी दी है कि पंजाब सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान बुढ़ापा पेंशन योजना के तहत अब तक 2400.70 रुपये करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 23 लाख से अधिक लाभार्थियों को नियमित रूप से लाभ पहुंचाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने बुढ़ापा पेंशन योजना के लिए चालू वित्तीय वर्ष में 4100 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है, ताकि प्रत्येक बुज़ुर्ग को समय पर उसकी पेंशन प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार बुज़ुर्गों को राज्य का गौरव मानती है, इसलिए उनके सम्मान और सुरक्षा को बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मान सरकार हर बुज़ुर्ग की गरिमा और सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है। यह पेंशन योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि बुज़ुर्गों के प्रति सरकार के सम्मान और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि 'हमारे बुज़ुर्ग हमारा मान हैं', इसलिए उनकी पेंशन समय पर जारी की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक योग्य लाभार्थी तक योजना का लाभ सुनिश्चित रूप से पहुँचाया जाए।

'आप' सांसद मालविंदर कंग ने पीयू प्रशासन को घेरा, कहा- दिल्ली के 'आकाओं' के दबाव में रद्द किया गुरु साहिब का सेमिनार

## सेमिनार रोकना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, पीयू प्रशासन अपना फैसला वापस ले: कंग

सांसद कंग ने वाइस चांसलर को चिट्ठी लिखकर सेमिनार की इजाजत तुरंत बहाल करने की मांग की, कहा- गुरु साहिब का इतिहास सिलेबस का हिस्सा होना चाहिए



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 अक्टूबर।** श्री आनंदपुर साहिब से सांसद और आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश महासचिव मालविंदर सिंह कंग ने पंजाब यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिहाड़े को समर्पित सेमिनार आयोजित करने की इजाजत रद्द करने की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने इस फैसले को 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' और 'दुखद' करार देते हुए यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर से तुरंत इस मामले में दखल देने और इजाजत बहाल करने की मांग की है।

यहां जारी एक प्रेस बयान में, मालविंदर सिंह कंग, जो खुद पंजाब यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र, दो बार के स्टूडेंट काउंसिल अध्यक्ष और पूर्व सीनेट सदस्य रह चुके हैं, ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब की शहादत सिर्फ सिख कौम के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए है। उन्होंने कहा, 'गुरु साहिब की शहादत बेमिसाल और लासानी है। उन्होंने सिर्फ धर्म की रक्षा के लिए नहीं, बल्कि इस देश की संस्कृति और मानवता को बचाने के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया।'

सांसद कंग ने सीधा आरोप लगाया कि पीयू प्रशासन ने यह फैसला दिल्ली में बैठे अपने 'आकाओं' के दबाव में लिया है। उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि वाइस चांसलर साहिब पर दिल्ली से दबाव है। केंद्र की बीजेपी सरकार नहीं चाहती कि गुरु साहिब की शहादत का इतिहास और प्रेरणादायक विरासत युवा पीढ़ी तक पहुंचे।' उन्होंने कहा कि एक तरफ देश 'हिंद की चादर' की कुर्बानी को याद कर रहा है, दूसरी तरफ पंजाब की अपनी यूनिवर्सिटी में उनके इतिहास पर चर्चा करने से रोका जा रहा है।

कंग ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें छात्रों से पता चला है कि प्रशासन ने यह इजाजत 27 अक्टूबर को होने वाले सेमिनार में प्रख्यात सिख विद्वान और चिंतक सरदार अजमेर सिंह की भागीदारी के कारण रद्द की है, जिन्हें विवादास्पद कहा जा रहा है। कंग ने इस तर्क को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सरदार अजमेर सिंह पिछले तीन दशकों से अधिक समय से सार्वजनिक जीवन में हैं, उन पर कोई केस नहीं है और वह देश-विदेश के विश्वविद्यालयों में बोलते रहे हैं। उन्हें रोकना सीधे तौर पर अकादमिक स्वतंत्रता पर हमला है। उन्होंने कहा कि यह इतिहास तो हमें अपने सिलेबस में पढ़ाना चाहिए ताकि युवा इससे प्रेरणा लेकर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। लेकिन पंजाब की धरती पर बनी यूनिवर्सिटी में ही गुरु साहिब के इतिहास को बयां करने से रोका जा रहा है। उन्होंने इसे शहीद भाई जसवंत सिंह खालड़ा की तस्वीर हटाने जैसी घटनाओं की कड़ी का हिस्सा बताया, जो पंजाब के युवाओं और सिख विरासत की आवाज को दबाने की कोशिश है।

सांसद मालविंदर कंग ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में वाइस चांसलर प्रो. रेनू विज्ज को एक औपचारिक चिट्ठी भी लिखी है। उन्होंने मांग की कि वीसी बिना किसी राजनीतिक दबाव के, तुरंत छात्रों को 'हिंद की चादर' की लासानी कुर्बानी को समर्पित यह सेमिनार आयोजित करने की इजाजत दें। उन्होंने कहा कि सारी दुनिया गुरु साहिब की कुर्बानी को मानती है, यूनिवर्सिटी को यह छोटी सोच छोड़कर तुरंत इजाजत बहाल करनी चाहिए।

## नई पीढ़ी देश को कुरीतियों से आजाद कराने का प्रयास करे: बलजिंदर मान

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर।** नई पीढ़ी देश को कुरीतियों से आज़ाद कराने का प्रयास करे। यह विचार इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज पंजाबी की एकमात्र बाल पत्रिका 'निक्कियां करूँबलां' के संपादक और शिरोमणि साहित्यकार बलजिंदर मान ने स्कूल ऑफ एमिनेंस खुआसपुर हीरां में एन.एस.एस. वालंटियरों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने आगे कहा कि देश को आज़ाद हुए सात-आठ दशक बीत चुके हैं, लेकिन देश में आज भी गरीबी, बेरोज़गारी, भुखमरी, जात-पात और धार्मिक कट्टरता का बोलबाला है। इससे यह सिद्ध होता है कि हम सभी को एकजुट होकर एक और आज़ादी की जंग लड़नी पड़ेगी जिसमें नई पीढ़ी विशेष भूमिका निभा सकती है। उन्होंने वालंटियरों से कहा कि एन.एस.एस. के सदस्य बनकर आप देश और कौम के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। देश में चल रहे घटनाक्रमों को मोड़ देने की क्षमता नई पीढ़ी के हाथ में है। इस लिए उन्हें अपने अंदर दृढ़ निश्चय, मेहनत, लगन, परिश्रम, साझेदारी, समानता, ईमानदारी और हिम्मत जैसे गुण भरने पड़ेंगे। इन गुणों के कारण ही वे एक उदाहरण बनकर देश को नई दिशाएं प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को अधिक से अधिक अच्छी पुस्तकें पढ़ने, अच्छी संगति, सहनशीला, आज्ञाकारी और मधुर वाणी को ग्रहण करने के लिए भी प्रेरित किया। 'निक्कियां करूँबलां' प्रकाशन की ओर से सर्वश्रेष्ठ वालंटियर वंशिका, अमित कुमार, कोमल, राजवीर सिंह और गौतम को पुस्तकों के सेट भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी तरह स्कूल पुस्तकालय के लिए पुस्तकों का सेट प्रिंसिपल रमनदीप कौर को प्रदान किया गया और छात्रों को पत्रिका की प्रतियाँ बांटी गई। सर्वश्रेष्ठ टीम स्पिरिट का पुरस्कार रेड ग्रुप को और सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार मनदीप सिंह और शिफा को मिला। इस अवसर पर एन.एस.एस. कैंप के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले वालंटियरों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

इस मौके पर एन.एस.एस. की प्रोग्राम अधिकारी सुखजीत कौर ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके लिए आज बहुत गर्व की बात है कि एन.एस.एस. वालंटियर के रूप में अपने जीवन की शुरुआत करने वाले जाने-माने देश प्रेमी, लेखक, संपादक और पत्रकार छात्रों से मुलाकात कर रहे हैं। हमें उनके अनुभवों से सीख लेकर समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त करना चाहिए। प्रिंसिपल रमनदीप कौर ने बलजिंदर मान का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसी शख्सियतें छात्रों और शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं जिन्होंने अपना सारा जीवन शिक्षा, साहित्य, कला, संस्कृति, खेल और समाज सेवा को समर्पित किया है। इस अवसर पर ज़िला कोऑर्डीनेटर शिक्षा विभाग योद्धामल और कॉर्पोरेशन स्वच्छता अधिकारी मैडम मीना कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। वालंटियर सम्मान समारोह के प्रबंधों को शानदार ढंग से संचालित करने में लेक्चरार स्टाफ सदस्य कुलवीर कौर, प्रीति सोनी, मीनाक्षी, सरिता, हरजिंदर सिंह, अमनदीप कौर, संदीप कौर, राजविंदर कौर आदि ने भूमिका निभाई। सबका धन्यवाद करते हुए एन.एस.एस. यूनिट की प्रोग्राम अधिकारी सुखजीत कौर ने कहा कि हम सभी को अपनी-अपनी ज़िम्मेदारी बखूबी निभानी चाहिए।

## सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से निवेश के नए अवसर सृजित करने और सतत विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निवेशक सम्मेलन करवाया गया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 अक्टूबर।** पंजाब में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पी.पी.पी.) के माध्यम से पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे से संबंधित परियोजनाओं में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से पंजाब बुनियादी ढांचा विकास बोर्ड (पी.आई.डी.बी.) के नेतृत्व में चंडीगढ़ में निवेशक सम्मेलन आयोजित किया गया।

इस आयोजन के दौरान पी.आई.डी.बी., पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले विभाग और आवास निर्माण एवं शहरी विकास विभाग के अधिकारी, संभावित परियोजना निवेशक और डेवलपर तथा ट्रांजेक्शन सलाहकारों सहित प्रमुख साझेदारों ने संभावित पर्यटन और आतिथ्य परियोजनाओं की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। इसका उद्देश्य निवेश के नए अवसर उत्पन्न करना और निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में सतत विकास को प्रोत्साहित करना था।

इस बैठक के दौरान निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पी.पी.पी. के तहत शुरू की जाने वाली 06 पर्यटन और आतिथ्य परियोजनाओं की प्रस्तुति दी गई, जिनमें अमृतसर में अर्बन रोपवे परियोजना, सरहिंद के आम-खास बाग में विरासती होटल, रोपड़ के आम-खास बाग में पिंकासिया टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स, कपूरथला के दरबार हाल में विरासती होटल, मोहाली में कन्वेंशन सेंटर कम प्रदर्शनी केंद्र और लुधियाना में कन्वेंशन सेंटर कम प्रदर्शनी केंद्र से संबंधित कार्य शुरू करना शामिल है।

इस बैठक में परियोजनाओं की संभावनाओं, समय-सीमाओं और कानूनी स्वीकृतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर पी.पी.पी. फ्रेमवर्क पर चर्चा की गई, जिसमें प्रतिस्पर्धी बोली की प्रक्रिया और राजस्व-साझा मॉडल शामिल थे। परियोजना से संबंधित नियमों को भरोसेमंद और निवेशक अनुकूल बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। साथ ही, अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए परियोजना से संबंधित शर्तों में संशोधन और उन्हें निवेशक अनुकूल बनाने हेतु निवेशकों को अपनी प्रतिक्रिया साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

यह बैठक जन और निजी क्षेत्रों के बीच सार्थक संवाद शुरू करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगी, जिसका उद्देश्य पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना और पंजाब आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करना है।

राज्य सरकार ने निवेशकों के लिए पारदर्शी और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, विश्व स्तरीय पर्यटन और आतिथ्य बुनियादी ढांचे के विकास में निजी क्षेत्र के साथ निरंतर सहयोग की आशा व्यक्त की।

## स्पीकर ने स्वर्गीय वाई. पूरन कुमार आईपीएस की 'अंतिम अरदास' पर श्रद्धांजलि अर्पित की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 अक्तूबर।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने पंचकूला स्थित गुरुद्वारा नाडा साहिब में स्वर्गीय वाई. पूरन कुमार आईपीएस के भोग एवं अंतिम अरदास समारोह में शिरकत की। उन्होंने वाई. पूरन कुमार आईपीएस के असमय निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि देश की भलाई के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को समाज हमेशा याद रखेगा। स संधवां ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का संदेश भी पहुंचाया, जिन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में हम स्वर्गीय वाई. पूरन कुमार आईपीएस के परिवार के साथ खड़े हैं।

स्पीकर संधवां ने वाहेगुरु से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें, अपने चरणों में सदा के लिए स्थान दें तथा परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें।

## पॉलीहाउस खेती से 14 लाख तक का मुनाफा कमा रहा लुधियाना का किसान

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद नौकरी की जगह बागवानी को बनाया मुख्य व्यवसाय

पंजाब सरकार बागवानी को बढ़ावा देने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए तेजी से कर रही है काम



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 अक्टूबर।** पंजाब के बागवानी मंत्री मोहिंद्र भगत के निर्देशों के तहत बागवानी विभाग राज्य में फसली विविधता को प्रोत्साहित करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए तेजी से काम कर रहा है।

राज्य सरकार की किसान-हितैषी योजनाएं किसानों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। पंजाब सरकार किसानों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। बागवानी निदेशक श्रीमती शैलेंद्र कौर ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए जिला लुधियाना के गांव सराभा का किसान हरबीर सिंह आज पॉलीहाउस खेती से अच्छा मुनाफा कमा रहा है और अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुका है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद हरबीर ने नौकरी की बजाय खेती को अपना मुख्य व्यवसाय चुना और पारंपरिक खेती को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर नए मानदंड स्थापित किए।

किसान हरबीर सिंह का कहना है कि बागवानी विभाग की ओर से उसे पॉलीहाउस खेती से संबंधित पूरी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आज वह पॉलीहाउस के तहत बीजरहित खीरा, रंगीन शिमला मिर्च, खरबूजे, आलू और मेथी की खेती कर 12 से 14 लाख रुपये तक का औसत मुनाफा कमा रहा है।

किसान हरबीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2014 में पारंपरिक ढंग से सब्जियों की खेती में बदलाव करते हुए उसने करतरपुर स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सब्जियां) से प्रशिक्षण प्राप्त किया। उसने बताया कि बागवानी विभाग के अधीन चल रही योजना 'राष्ट्रीय बागवानी मिशन' के अंतर्गत सब्सिडी लेकर पॉलीहाउस लगाया।

इस पॉलीहाउस में रंगीन शिमला मिर्च और बीजरहित खीरे की खेती शुरू की। इस खेती के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए वह समय-समय पर बागवानी विभाग के अधिकारियों से संपर्क करता रहा।

किसान ने बताया कि खेती में पूरी मेहनत, काम के प्रति समर्पण, समस्याओं को गहराई से समझना और बागवानी विभाग के अधिकारियों से मिली सहायता ही उसकी सफलता की कुंजी है।

### पेज एक का शेष

संत नामदेव जी...

नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने पिछड़ा वर्ग की क्रीमी लेयर आय सीमा को 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये वार्षिक किया है। शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग (ए) को 8 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। पिछड़ा वर्ग- बी को पंचायती राज संस्थाओं व शहरी स्थानीय निकायों में आरक्षण दिया है। सरपंच पद के लिए 5 प्रतिशत तथा अन्य पदों के लिए उनकी जनसंख्या का 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्गों के उत्थान व कल्याण के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया है। लोक निर्माण और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि संत नामदेव जी महाराज जैसे महान संत, समाज सुधारक और समानता के संदेशवाहक थे। वे केवल भक्ति आंदोलन के अग्रदूत ही नहीं थे, बल्कि उन्होंने सामाजिक समानता, प्रेम, एकता और ईश्वर भक्ति को जीवन का सर्वोच्च मार्ग बताया। हमारे सभी संत-महात्मा किसी एक जाति या वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे समाज के मार्गदर्शक होते हैं। वे भले ही विभिन्न परिवारों में जन्म लेते हैं, परंतु उनके उपदेश पूरे मानव समाज को दिशा देने वाले होते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने संत-महात्माओं की जयंती को सरकारी स्तर पर मनाने की परंपरा स्थापित की है। संत कबीर दास, गुरु रविदास, भगवान विश्वकर्मा, भगवान परशुराम, संत धन्ना भगत जैसे अनेक महापुरुषों की जयंती अब पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। यह कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने शुरू किया है, जबकि पिछली सरकारों के समय केवल अपने परिवार के लोगों की ही जयंतियां मनाने का काम किया जाता था। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सावित्री जिंदल, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, हिसार के मेयर श्री प्रवीण पोपली, श्री सतबीर वर्मा सहित नामदेव सभा के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में प्रदेश के कोने कोने से आए समाज के लोग मौजूद रहे।

# नलवा क्षेत्र में विकास की रफ्तार कांग्रेस के कार्यकाल के मुकाबले तीन गुना तेजी से बढ़ी आगे : मुख्यमंत्री

नलवा में 97 विकास घोषणाएं पूरी, 7 पर काम गति से जारी

48 संकल्प पूरे किए, साल के अंत तक 90 और वादे होंगे पूरे – नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री ने किया 22 करोड़ रुपये की तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 अक्टूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नलवा क्षेत्र में विकास की रफ्तार कांग्रेस के कार्यकाल से तीन गुना तेजी से आगे बढ़ी है। जहाँ वर्ष 2014 से अब तक वर्तमान सरकार ने नलवा विधानसभा क्षेत्र में 1,168 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं पूरी की हैं, वहीं कांग्रेस सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में केवल 377 करोड़ रुपये



विकास कार्यों पर खर्च हुए। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में नलवा हलके के लिए कुल 120 घोषणाएं की गई, जिनमें से 97 पूरी हो चुकी हैं और 7 पर काम गति से जारी है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी आज हिसार में नलवा में आयोजित धन्यवाद रैली में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए निरंतर विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव से पहले जनता को दिए गए 217 संकल्पों में से 48 संकल्प मात्र एक वर्ष में पूरे हो चुके हैं और इस वर्ष के अंत तक 90 और वादों को पूरा कर लिया जाएगा। इसी प्रकार हिसार जिले के लिए भी पांच संकल्प लिए गए हैं, जिनमें औद्योगिक क्लस्टर की स्थापना, हिसार हवाई अड्डे का अंतरराष्ट्रीय कार्गो हब के रूप में विस्तार, सेरेमिक पार्क का निर्माण, अमरुद प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग प्लांट की स्थापना और 800 मेगावाट का नया थर्मल पावर प्लांट शामिल हैं जिन्हें पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार गति से कार्य कर रही है।

इस अवसर पर उन्होंने 1,700 करोड़ रुपये की लागत से हिसार को दुनिया से जोड़ने वाले महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे की शुरुआत का भी उल्लेख किया, जहां से विभिन्न शहरों के लिए हवाई सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने हिसार जिला और नलवा विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

**किसानों को राहत में वर्तमान सरकार अग्रणी, कांग्रेस से 13 गुना अधिक दिया मुआवजा :** मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के 10 वर्ष में केवल किसानों को फसल खराबे का केवल मात्र 1155 करोड रुपए जारी किये गए, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में फसल खराबे के 15,465 करोड़ रुपये किसानों के खातों में पहुंचाए।

**किसान हित सरकार की प्राथमिकता, किसानों की समृद्धि ही हमारा लक्ष्य :** हरियाणा सरकार द्वारा गन्ने का समर्थन मूल्य 415 रुपये प्रति क्विंटल तय करने का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसान हित वर्तमान सरकार की नीतियों के केंद्र में है। प्रदेश में अब सभी फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 12 लाख किसानों के खातों में फसल खरीद के रूप में 1,48,000 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटिश राज के समय से चली आ रही आबियाना प्रणाली को समाप्त कर किसानों को राहत दी गई है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हरियाणा देश का ऐसा राज्य है जहां सामाजिक सुरक्षा पेंशन सबसे अधिक दी जा रही है, जिसे हाल ही में 3,000 रुपये से बढ़ाकर 3,200 रुपये मासिक किया गया है। इसके अतिरिक्त, 卐दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना卐 की शुरुआत की गई है, जिसके तहत गरीब महिलाओं को आगामी 1 नवंबर से 2,100 रुपये मासिक आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

**'वोकल फॉर लोकल' और 'मेक इन इंडिया' से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम :** वर्तमान सरकार के विकास और कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इसी दिशा में प्रधानमंत्री ने 'वोकल फॉर लोकल' और 'मेक इन इंडिया' का आह्वान किया है और जीएसटी सुधारों के माध्यम से अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है।

# भाजपा दलित समुदाय का बार-बार कर रही है अपमान : रणदीप सुरजेवाला

बोले- भाजपा की सोच बाबा साहेब के विचारों के विरोध में है

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 26 अक्तूबर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा की सरकारें बार-बार दलित समाज और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा हाल ही में दिए गए बयान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा की सोच बाबा साहेब के विचारों के विरोध में है। सुरजेवाला ने कहा कि खट्टर के बयान से करोड़ों दलितों की भावनाएं आहत हुई हैं। सांसद सुरजेवाला आज गांव महदूद में रणबीर महदूद के निवास स्थान पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जहां ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रणदीप सुरजेवाला का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान गांव में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और सुरजेवाला जिंदाबाद के नारे गूंज उठे। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राज्यसभा में ऐसा ही अपमानजनक प्रयास किया था, जब उन्होंने अंबेडकर जी के योगदान को कमतर बताने की कोशिश की थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेता बार-बार संविधान को कमजोर करने और संस्थाओं को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। आज भाजपा संविधान की आत्मा पर प्रहार कर रही है- यही संविधान जिसने देश के हर नागरिक को समान अधिकार और सम्मान दिया। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार को यह समझना चाहिए कि डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जो सामाजिक न्याय और समानता का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं को दलित समाज से माफी मांगनी चाहिए और सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार करना चाहिए कि उन्होंने अनुचित बयान दिए हैं। कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि जब-जब भाजपा सत्ता में आती है, वह संविधान और आरक्षण प्रणाली पर चोट करने की कोशिश करती है। हम बाबा साहेब के संविधान की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। भाजपा का असली चेहरा अब देश के सामने आ चुका है -एक ऐसा चेहरा जो समाज में विभाजन और भेदभाव की राजनीति पर टिका है। सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर दलित, हर वंचित और हर कमजोर वर्ग के साथ खड़ी है और अंबेडकर के सपनों के भारत के निर्माण के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### रविदासिया धर्म को समर्पित विशाल संत समागम एवं भंडारा 5 को

**बराड़ा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** बराड़ा के समीपवर्ती डेरा बेगमपुरा



तंदवाली में ब्रह्मलीन 108 संत श्री बैसाखी दास उदासीन जी महाराज की 44वीं पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में रविदासिया धर्म को समर्पित विशाल संत समागम एवं भंडारा 5 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। डेरे के सेवादार श्री 108 संत सोमदास जी उदासीन ने बताया कि संत श्री बैसाखी दास उदासीन मैमोरियल ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता संत सतपाल दास जी चाहड़वाला करेंगे जबकि संत मनदीप दास जी सिरसगढ़ मुख्यतिथि होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लहरी सिंह उपस्थित होंगे जबकि निशान साहिब की रस्म हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह नंदगढ़ निभाएंगे और ज्योति प्रचंड यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी करेंगी। इसके अलावा अन्य संतजन और कीर्तनी जत्थे गुरु रविदास जी की महिमा का बखान करेंगे। उन्होंने बताया कि 5 नवंबर को सुबह 4 बजे अमृतवाणी पाठ का शुभारंभ होगा, जिसका भोग 8 बजे डाला जाएगा। वहीं, निशान साहिब की चोला रस्म के बाद 10 बजे से सत्संग एवं प्रवचन कार्यक्रम शुरू होगा। संगत के लिए अटूट भंडारा भी लगाया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना मे दंपति की मौत

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** सड़क दुर्घटना में एक दंपति की मौत हो गई । बताया जाता है कि अंबाला रोड पर स्थित मलिकपुर गांव के दंपति प्यारा गिर और अपनी धर्मपत्नी कृष्ण के साथ मोटरसाइकिल41सी4042 पर सवार होकर समारोह में भाग लेकर अपने घर मलिकपुर की ओर आ रहा था। जैसे ही उनके मोटरसाइकिल गांव से बाहर लिंक रोड से निकल कर जीटी रोड पिहोवा अंबाला रोड पर पहुंची। तभी पीछे से एक तेज गति से आ रही बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। जिस कारण पति-पत्नी दूर सड़क पर जा गिरे। गाड़ी चालक अपनी गाड़ी को लेकर फरार हो गया। दंपति की मौके पर ही मौत हो गई । लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

### चांद सराय की डेहा वस्ती में शुरू हुई साप्ताहिक डिस्पेंसरी



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ नागरिक आयाम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा करनाल में चांद सराय के डेहा बस्ती के डकौत धर्मशाला में एक निशुल्क साप्ताहिक स्वास्थ्य परीक्षण केंद्र डिस्पेंसरी का शुभारंभ धार्मिक विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उद्योगपति अभिषेक गुप्ता तथा आज इंडिया राइस एक्सपोर्ट ऐसोससिएशन के पूर्व प्रधान विजय सतिया थे। इस अवसर पर टीबी के 60 मरीजों के टीवी की किट दी। इा अवसर पर डेढ़ सौ से अधिक मरीजों का चैकअप किया गया। उन्हे निशुल्क दवाए भी दी गईं। इस डिस्पेंसरी के माध्यम से इस क्षेत्र में रहने वालों का उपचार किया जा रहाहै। वरिष्ठ नागरिक आयाम स्वासथ्य विभाग के प्रमुख डा. के के चावला ने बताया कि इस डिस्पेंसरी में बाल रोग विशेषज्ञ डा के के चावला, जनरल फिजीशियन डा. श्याम बधवा, डा. ओ पी गोगिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. सरिता ठाकुर तथा डा. गीताजंली ने मरीजों का चैकअप किया। इस अवसर पर सुरेशपुरी ने बताया कि यह डिस्पेंसी प्रति राविवार को खुलेगी। आवश्यक्ता पडने पर इसे सप्ताह में दो दिन किया जा सकता हैं। इस अवसर पर सुरेश पुरी, दिनेश गर्ग सुभाष मित्तल, लाजपत बंसल, मधुसूदन खुराना, दिनेश छावड़ा, राकेश वोहती, इंदर कुमार खुराना, सुदर्शन रहेजा, सतीश कुकरेजा, मीनू चावला, श्रुति काम्बोज आदि ने अपनी सेवाएं दीं।इस अवसर पर आसपास के बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग पहुंचे।

### दो दिवसीय 'अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य' क्षमता संवर्धन कार्यक्रम

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** राधा कृष्ण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल के प्रांगण में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा अंग्रेज़ी भाषा एवं साहित्य विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू नरवाल, प्रबंध निदेशक लाभ सिंह लैलर तथा मुख्य अतिथि एवं संसाधन व्यक्तियों में इला गौतम और श्वेता गर्ग ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अध्यापकों ने गायत्री मंत्र का सामूहिक उच्चारण करते हुए प्रार्थना की। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान संसाधन व्यक्तियों ने अध्यापकों को रोचक गतिविधियों, नवीन शिक्षण पद्धतियों तथा खेल-खेल में विषय पढ़ाने के विभिन्न व्यावहारिक तरीकों से अवगत कराया। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) के अनुरूप रहा। इसमें शिक्षकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं प्रभावी कक्षा प्रबंधन के उपायों की जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में कैथल सहित आस-पास के जिलों से आए अनेक अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू नरवाल ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रत्येक शिक्षक के लिए 50 घंटे का प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है, जिससे शिक्षकों का ज्ञानवर्धन होता है और विद्यार्थियों को भी बेहतर शिक्षण अनुभव प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने की कोई आयु नहीं होती, मनुष्य जीवन पर्यंत सीखता रहता है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की टीम अशोक, गौरव धीमान, राजीव, अंजू धीमान, गीता गर्ग, दीप्ति, मोनिका मदान आदि ने किया।

# हिंदू जन जागृति मंच प्रदेशस्तरीय कार्यालय का हवन पूजन कर किया शुभारम्भ

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 26 अक्तूबर।** प्रदेश स्तरीय हिंदू जन जागृति मंच के कार्यालय का रविवार कों अध्यक्ष विकास छौक्कर के नेतृत्व और भाजपा नेता कृष्ण छौक्कर की मौजूदगी में हवन पूजन कर किया शुभारम्भ किया गया। इस दौरान

विकास छौक्कर ने बताया कि भारत में सनातन धर्म संस्कृति और सभ्यता को बचाने का और सनातन विरोधी जो कानून बनाए गए हैं उनके खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प लिया। क्योंकि सनातन पूरी सृष्टि का सार है पृथ्वी जलवायु तेज आकाश गिरी पर्वत पहाड़ सभी तीर्थ स्थान सभी सनातन ही है पूरी संस्कृति का नाम सनातन में ही है अन्य किसी धर्म का नाम इस संस्कृति इतिहास में नहीं है पूरे विश्व में आदिकाल से सनातन की मर्यादा हमारे श्री राम जी और श्री कृष्णभगवान जी ने इस पृथ्वी पर जन्म लेकर सनातन धर्म संस्कृति और सभ्यता के अनुसार जीवन यापन किया जिनका वर्णन महा ऋषि वेदव्यास जी महर्षि रविदास जी ऋषि वाल्मीकि जी आदि ऋषि मुनियों ने लिखा जो सनातन का पूरे विश्व में इतिहास बना जिनकी मर्यादाओं से सभी नर नारी जीवन यापन कर रहे हैं लेकिन भारत में कुछ कट्टरपंथी सोच के द्वारा विभिन्न संगठन बनाकर सनातन धर्म संस्कृति को ब्राह्मणों के द्वारा लिखा हुआ मनगढ़ंत पाखंड दर्शाया जा रहा है जो बिल्कुल सनातन का अपमान है यह किसी ब्राह्मण का लिखा हुआ नहीं है ब्राह्मणों ने सभी महर्षियों के द्वारा लिखा हुआ इतिहास को सभी सनातनियों के लिए प्रकाश डालने का काम किया लेकिन देश के कुछ सनातन विरोधी सोच के नेताओं ने देश में गंदे कानून बनाकर सनातन धर्म संस्कृति और सभ्यता को नष्ट करने का कार्य किया।

# कार्यकर्ता फील्ड में उतरकर पार्टी की नीतियों को घर घर पहुंचाए : रामपाल माजरा

## इनेलो कर्मचारी प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी की घोषणा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 26 अक्तूबर।** इनेलो की कर्मचारी प्रकोष्ठ को नई ऊर्जा देने के लिए जिला कैथल कर्मचारी प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी की सूची जारी कर दी गई है। जिला अध्यक्ष रघबीर शिमला ने यह सूची जारी करते हुए कहा कि कर्मचारी प्रकोष्ठ पार्टी को गांव व शहर जाकर मजबूत करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का जिम्मा अब नई टीम के कंधों पर रहेगा। नई सूची में हलका प्रधान पूंडरी के रूप में रमेश चंद म्योली, हलका प्रधान कलायत रणधीर सिंह चंदाना, हल्का प्रधान कैथल पोप सिंह और हल्का प्रधान गुहला नफे सिंह पिसोल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला




कर्मचारी प्रकोष्ठ कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बलराज नरड़ को जगह दी गई है। इसके अलावा जगदीश नैन नैना, सिंगारा सिंह चीका, महेंद्र सिंह चीका, धर्मपाल रोहेड़ा, दलबीर सिंह देबन, रामकुमार कुराड़, बलदेव सौंगल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रधान महासचिव सतबीर मोर शिमला, शमशेर सिंह भाना, चंद्रभान पाई, सतपाल कैलरम, उदय सिंह पूनिया भूसला, रामफल नेहरा कैथल, कर्मबीर सिंह नरड़, सतबीर तारागढ़ को चुना गया है जबकि संगठन सचिव पद पर साहिल कौल और सचिव पद पर बलवान सिंह कैथल, महेंद्र सिंह अमरगढ गामड़ी, राजपाल करोड़ा, राजबीर बालू, रघबीर सिंह जखौली, दयानंद कोटड़ा, सतबीर सिंह पाई, मेहर सिंह चीका को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष जगपाल सारण और प्रवक्ता अर्जुन ढुल सेरधा, कार्यलय सचिव बलबीर सिंह पट्टी अफगान को जिम्मेदारी दी गई है।

सूची जारी होने के बाद इनेलो प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामपाल माजरा और कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष बलवान सिंह के से नई टीम ने निर्देश दिए। प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि कार्यकर्ताओं को अब फील्ड में उतरकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को हर घर तक पहुंचाना है। जिला अध्यक्ष रघबीर शिमला ने कहा कि यह टीम संगठन को गांव-गांव और शहर-शहर में मजबूती प्रदान करेगी।

# मुलाना में नाबालिग माही की हत्या का बड़ा खुलासा आरोपी सचिन गिरफ्तार और 4 दिन की रिमांड पर

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक



**मुलाना, 26 अक्तूबर।** धीन गांव की नाबालिग माही के लापता मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। मामले में आरोपी सचिन निवासी सोहाना ने मुलाना पुलिस कीक प्रारंभिक पूछताछ में अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि माही की डेढ़ साल पहले ही हत्या हो चुकी थी। जिसे आरोपी सचिन ने छुपा कर रखा। आरोपी सचिन के साथ कुछ अन्य लोगों के शामिल होने की आंशका जताई जा रही है।

रविवार को मुलाना पुलिस ने आरोपी सचिन को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 4 दिन रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि माही की हत्या को किस तरह से अंजाम दिया गया और इसके पीछे क्या कारण थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रिमांड के दौरान मामले में कई महत्वपूर्ण और चौंकाने वाले खुलासे होने की संभावना है।

वहीं परिजन आरोपी को कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रहे है। आरोपी सचिन ने माही को प्यार के जाल में जकड़ा हुआ था। माही सचिन दोसड़का में किराए के मकान पर रह रहे थे। जहां किसी विवाद के चलते सचिन ने माही की हत्या की और शव को यमुनानगर में नहर में फेंक दिया। हालांकि हत्या करने का तरीका और कारण का खुलासा होना फिलहाल बाकी है। लेकिन एक नाबालिग झूठे प्यार की भेंट चढ़ गई।

**मुलाना थाना प्रभारी प्रमोद सिंह:** आरोपी ने नाबालिग की हत्या कबूल ली है। आरोपी को न्यायालय से 4 दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से हत्या के कारण और हत्या के तरीके सहित अन्य पहलूओं पर पूछताछ की जाएगी।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, सोने के गहने बरामद

**अम्बाला (अप्रस)।** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अकुंश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में 25 अक्तूबर 2025 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी साजिद उर्फ संजय उर्फ संन्जू उर्फ अजीत कुमार निवासी कमल विहार घेल रोड अम्बाला शहर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी से 01 सोने की चैन, 01 जोडी कानो के छोटे टोपस, 01 बडे टोपस (01 किटी सैट सोना 01 चैन साथ में लाकेट, 01 जोडी कानो के टाप्स, 01 अंगुठी( कुल लगभग 32 ग्राम) सोने के गहने बरामद किये गये है।

# नाबालिक लड़की की हत्या के आरोप में युवक रिमांड पर

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**मुलाना, 26 अक्तूबर।** मुलाना के गांव धीन से करीब दो साल से गायब नाबालिग लड़की के मामले में पुलिस ने आरोपी सचिन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे चार दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। मुलाना थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जाएगी और जांच की जाएगी कि इस मामले में कौन-कौन शामिल है। इसके अलावा लड़की के शव की बरामदगी समेत अन्य पूछताछ की जाएगी। पूछताछ में जो भी सामने आएगा उसके बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मामले में परिवार की तरफ से पैरवी कर रही एडवोकेट अंजू शर्मा ने कहा कि लड़की के परिवार की तरफ से कोर्ट में याचिका दाखिल कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस ने शुरू से ही ढिलाई बरती है, इसलिए इस मामले की सीबीआई जांच की मांग करेंगे। उल्लेखनीय है कि धीन की नाबालिग लड़की को गांव सुहाना का सचिन नामक युवक ले गया था। लड़की की मां उषा ने बच्ची की तलाश और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मुलाना थाने में शिकायत दी। जब उसकी बेटी का पता नहीं चला तो उसने एडवोकेट अंजू शर्मा के माध्यम से कोर्ट की शरण ली। बीते कल काफी संख्या में लोग थाने में जमा हो गए। वहीं, पुलिस ने आरोपी सचिन को गिरफ्तार कर जब उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि लड़की की मौत डेढ़ साल पहले हो चुकी है।

# गुड की खीर पुरी खाएंगे परन्तु नही पीयेगे जल

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 26 अक्तूबर।** छठ पूजा के लिए सरस्वती सरोवर पर सभी तैयारियां बड़े जोरों से चल रही है । साफ सफाई के साथ छठ पूजा स्थल को देखने के लिए श्रद्धालुओं का आना भी शुरू हो रहा है । छठ पूजा के लिए आज श्रद्धालु गुड की खीर पूरी बनाएंगे तथा खीर पूरी को अपने स्नेही जनों परिजनों को खिलाएंगे। गुड की खीर पुरी खाएंगे तो सही परंतु जल नहीं पियेंगे। इस बारे जानकारी देते हुए सरपंच विकल चौबे ने बताया कि इससे पहले दिन नया चावल घीया आदि की सब्जी को बनाया गया था । जिसे नहा धोकर खाया गया। उसे नहाए खाए कहा जाता है। आज पंचमी के दिन गुड की खीर पुरी का प्रसाद मां छठी देवी को लगाया जाएगा। खीर पूरी अपने परिजनों को भी खिलाई जाएगी। परंतु खीर पूरी खाने के बाद जल ग्रहण नहीं किया जाएगा तथा शाम को सरस्वती सरोवर पर जाकर छठ पूजा स्थल पर दीप प्रज्वलित करके आराधना की जाएगी ।सोमवार को सायं के समय छठ पूजा के लिए मां सरस्वती के तट पर जाकर मां सरस्वती के पावन पवित्र जल में खड़े होकर मां छठी की पूजा की जाएगी। व सूर्य आराधना की जाएगी । आटा गुड़ के साथ ढेकुआ बनाया जाएगा तथा उससे मां छठी को भोग लगाया जाएगा। इसके साथ सभी प्रकार के फल का प्रसाद भी छठी मैया को लगाया जाएगा। हैरानी की बात है कि इन फलों को व्रत करने वाले नहीं खाएंगे अर्थात व्रती इन फलों को ग्रहण नहीं करेंगे। रात्रि भर भजन कीर्तन किया जाएगा तथा मंगलवार को सुबह मां सरस्वती के पावन पवित्र जल में खड़े होकर सूर्य आराधना की जाएगी तथा मां सरस्वती के तट पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।

# दीयों से घर रोशन किए जाते हैं, बकरा काटने वाले कातिल हो सकते हैं : खुर्शीद आलम

आजम खान हिंदू मुस्लिम बांटने से वाज आएं

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 26 अक्तूबर।** हयिाणा राज्य हज कमेटी के पूर्व मिडिया कॉर्डिनेटर खुर्शीद आलम ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखलेश यादव ने कुछ समय पहले सनातन संस्कृति के बारे में अपशब्द कहे थे अब उन्हीं की पार्टी सपा के वरिष्ठ नेता आज़म खान ने दीवाली के त्यौहार के अवसर पर कह दिया है कि दीए जलाने वाले किसी को भी जला सकते है, वहीं दूसरी तरफ ये भी कहा की दीए रोशन किए जाते है जलाएं नहीं जाते जो रौशनी देने का कार्य करते हैं। आज़म खान सहाब हिंदू मुस्लिम समाज को बांटने की राजनीति में लगे रहते हैं। अभी 18 महीने जेल में रह कर आएं हैं मगर अपनी बदजुबानी के कारण फिर से गिफ्तारी की तलवार उनके सर पर



लटक रहीं है। हाल में एक सोशल मीडिया चैनल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा है कि दीए जलाने वाले किसी को भी जला सकते है। मैं खुर्शीद आलम करनाल हरियाणा निवासी यह कहना चाहता हूं बकरा काटने वाले किसी को भी काट सकते हैं। क्योंकि जब उनको दीया जलाने वाले देशभक्तों पर आशंका व्यक्त हो रही है क्यों न हमें भी बकरा काटने वालों को आशंका ही नहीं बल्कि शक होता है कि जो बकरा काटते हैं वो किसी भी काट सकते हैं ओर ऐसा देखा जाता रहा है। आज़म खान सहाब हमेशा हिंदू मुस्लिम समाज को बांटने वाली राजनीति को छोड़ कर अपने समाज को जागरुक करने वाले कार्य करने की पहले करे ना कि समाज को बदनाम करने की। बरेली के मौलाना तौकीर रज़ा साहब के बारे में जो सोशल मीडिया पर बयान दिया है आप चाहते हैं योगी आदित्यनाथ जी बुलडोजर मुख्यमंत्री की सरकार बातचीत करती जो कतई भी उचित नहीं हैं क्योंकि जिसने बरेली को दंगे की आग में झोंकने का कार्य कर दिया था, अगर बरेली का प्रशासन जागरुक सचेत ना होता तो शायद एक बार फिर उत्तर प्रदेश में 2013 की तरह मुजफ्फरनगर वाला दंगा हो जाता। उसे समय 2013 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी की सरकार थी और इसी आजम खान के इशारे पर अपराधियों को छोड़ा गया था जिसके कारण मुजफ्फरनगर और आसपास के कई जिले दंगे की आग में झोंक दिए गए थे। अब फिर बरेली के मौलाना तौकीर रजा जिसने बरेली को दंगे की आग में झोंकने का प्रयास किया उसका पक्ष रख कर वो ही 2013 की याद ताजा करना चाहता है। जिला प्रशासन पूरी तरह से जागरुक हो कर भीड़ और दंगाईयों पर कब्ज़ा करने में कामयाब रहा था, और समय रहते तौकीर रजा और दंगाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था। अगर बरेली में धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए दंगा हो जाता तो पता नहीं उसकी आंच कहां तक पहुंच जाती इन सब बातों को ध्यान में रखते हैं वर्तमान में आज़म खान सहाब के बयानबाजी पर श्री योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन से तुरन्त जांच कर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए आदेश जारी कर दिया है। विवादित बयान बाजी करने वाले शब्द मिलते हैं तो संबधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आज़म खान को फिर एक बार जेल भेजे जाने की तैयारी हो सकती है। अगर समय रहते हुए उन्होंने समझौता या व्यक्तिगत माफ़ी नहीं मागंते है तो तुरन्त कानून कारवाही अमल में लाई जानी चाहिए।

# प्राकृतिक खेती और स्वच्छता की दिशा में आगे बढ़ें सभी नागरिक : सांसद जिंदल

बोले- स्वच्छता की दिशा में नहीं है जांबा जैसा कोई गांव

80 एकड़ में प्राकृतिक खेती कर बने अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 26 अक्तूबर।** सांसद नवीन जिंदल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की सराहना करते हुए आमजन से इसे निरंतर देखने का आह्वान किया, ताकि देश की प्रगति के लिए नए विचार और प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि आज के 127 वें एपिसोड में भी भारतीय सेना में शुआन (कुत्ता) की देशी नस्ल को शामिल करने जैसी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इसके अलावा उनके महत्वपूर्ण जानकारी कार्यक्रम में दी गई। सांसद जिंदल रविवार को गांव जांबा में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश तरक्की के आयाम छू रहा है। पूंडरी हलके में विधायक सतपाल जांबा ने भी अपनी अलग पहचान बनाई है। विधायक ने स्वच्छता और प्राकृतिक खेती में अच्छा कार्य करके दिखाया है। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में स्वच्छता में जांबा गांव जैसा कोई दूसरा गांव नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां सफाई होगी, वहां भगवान का वास होता है। विधायक ने पूरे हलके के हर गांव को साफ-सुथरा करने की दिशा में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता, हम सबको मिलकर स्वच्छता की इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए पूरी जिम्मेदारी से कार्य करना है और सफाई की दिशा में विदेशों के गांवों को टक्कर देनी है। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि हमें अपने-अपने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखना चाहिए। सांसद नवीन जिंदल ने आगे कहा कि हमें प्राकृतिक खेती और जैविक खेती की तरफ अपने कदम बढ़ाने जरूरी है। जोकि आज की जरूरत बन गई है। उन्होंने कहा कि डेढ़ वर्ष पहले पद्मश्री से सम्मानित डॉ. हरिओम से मिला था। प्राकृतिक खेती को लेकर राज्यपाल आचार्य देवव्रत के भाषणों को सुना था। इसके बाद डॉ. हरिओम से कुछ किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए बात हुई थी। विधायक सतपाल जांबा ने भी डॉ. हरिओम द्वारा दिए गए तीन दिवसीय प्रशिक्षण अच्छे से लिया। विधायक ने अपनी जमीन के 90 प्रतिशत खेती प्राकृतिक खेती की, जोकि वह पूरे हलके के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आचार्य देवव्रत के सपने को साकार करने का काम किया जा रहा है। हमें अपने देश की तरक्की के लिए प्राकृतिक खेती की ओर बढना चाहिए। इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा, बीजेपी जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, डॉ. हरिओम, जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल, सरदार जगविंद्र सिंह विर्क, कैलाश भगत, सुभाष हजवाना, सतपाल चुघ, जांबा सरपंच लाभ सिंह, जितेंद्र कुमार टाया, संजीव रसीना, सरोज, निधि मोहन, कृष्ण शर्मा, अमित गोलन, सांसद कार्यालय कैथल के प्रभारी रविंद्र धीमान आदि मौजूद रहे।

**गुरुकुल में जिम का रिबन काटकर उद्घाटन:** इससे पहले सांसद नवीन जिंदल ने गांव मोहना स्थित विधायक सतपाल जांबा के फार्म का निरीक्षण किया और गहनता से जानकारी हासिल की और फसल का मुआयना किया। सांसद ने पूंडरी गुरुकुल में जिम का रिबन काटकर उद्घाटन भी किया। विधायक सतपाल जांबा ने सांसद नवीन जिंदल का स्वागत करते हुए कहा कि पूंडरी हलका में गांव जांबा ही नहीं, अपितु पूरा पूंडरी हलका प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाएगा। स्वच्छता हो या फिर हलके के विकास की बात हो पूंडरी हलके के लोग एक साथ मिलकर आगे बढने का कार्य करेंगे। हमें पूंडरी का विकसित बनाएंगे, साथ ही अपने प्रदेश और देश को भी विकसित राष्ट्र बनाएंगे। उन्होंने बताया कि उन्होंने 80 एकड़ में प्राकृतिक खेती की है, जिसमें फसल में कोई भी बीमारियां भी नहीं आई है। हमें प्राकृतिक खेती की तरफ आगे बढ़कर एक स्वच्छ समाज में अपना योगदान देना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### पड़ोसी ने नाबालिग लड़की से किया दुष्कर्म, हुई गर्भवती

**पंचकूला (अप्रस)।** शहर में एक पड़ोसी ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया, जिसके बाद वह गर्भवती हो गई। परिवार को पता चाहते ही पुलिस में शिकायत दी गई। पुलिस पड़ोस में रहने वाले नाबालिग को पकड़ कर बल सुधार गृह भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेक्टर 14 थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की की काउंसलिंग की। जांच में पता चला कि लड़की और लड़का नाबालिग हैं। झुग्गी में रहते हुए लड़के ने कई बार लड़की को धमका कर उसके साथ संबंध बनाए। लड़की के शरीर में दर्द होने के बाद जब परिवार उसे अस्पताल लेकर पहुंचा तब उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई।

### पड़ोसी ने नाबालिग लड़की से किया दुष्कर्म, हुई गर्भवती

**पंचकूला (अप्रस)।** शहर में एक पड़ोसी ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया, जिसके बाद वह गर्भवती हो गई। परिवार को पता चाहते ही पुलिस में शिकायत दी गई। पुलिस पड़ोस में रहने वाले नाबालिग को पकड़ कर बल सुधार गृह भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेक्टर 14 थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की की काउंसलिंग की। जांच में पता चला कि लड़की और लड़का नाबालिग हैं। झुग्गी में रहते हुए लड़के ने कई बार लड़की को धमका कर उसके साथ संबंध बनाए। लड़की के शरीर में दर्द होने के बाद जब परिवार उसे अस्पताल लेकर पहुंचा तब उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई।

### नशा तस्कर दबोचा, 6.40 ग्राम हेरोइन व 8490 ड्रग मनी बरामद

**पंचकूला (अप्रस)।** मढ़ावाला चौकी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक नशा तस्कर को काबू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मढ़ावाला क्षेत्र में एक युवक हेरोइन बेचने के लिए सड़क किनारे खड़ा था। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद मढ़ावाला चौकी इंचार्ज भीम सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी की जेब से कुल 6 ग्राम 40 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की गई। इसके साथ ही आरोपी के कब्जे से नशा बेचकर कमाए गए 8,490 रुपये भी पुलिस ने जब्त किए। आरोपी के खिलाफ थाना पिंजौर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को 25 अक्टूबर को कोर्ट में पेश किया जहां उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड अवधि में आरोपी से विस्तृत पूछताछ की जा रही है ताकि उसके अन्य सहयोगियों और नशा सप्लाई नेटवर्क का पता लगाया जा सके। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि पंचकूला पुलिस नशा तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।

### साहित्य सभा कैथल से जुड़े कवि सुरेश कुमार कल्याण जींद में हुए सम्मानित

**कैथल (अप्रस)।** साहित्य सभा कैथल से जुड़े अखिल भारतीय साहित्य परिषद् हरियाणा की जिला इकाई कैथल के आजीवन सदस्य शिक्षक कवि सुरेश कुमार कल्याण को जींद की साहित्यिक संस्था हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था द्वारा श्रीमती गुलाबो देवी-जयसिंह साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। जींद के हिंदी भवन में आयोजित संस्था के 65वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान-समारोह में सुरेश कुमार कल्याण को हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला के हिंदी एवं हरियाणवी प्रकोष्ठ के निर्देशक डा. धर्म देव विद्यार्थी, संस्था के पूर्व अध्यक्ष रामफल खटकड़, संस्था की वर्तमान अध्यक्षा शकुंतला काजल शकुन और कविराज रामकुमार भारतीय अलेवा ने अपने कर-कमलों से सम्मानित किया। नारनौंद के अमर दीप सिंह के सौजन्य से प्राप्त इस सम्मान में सुरेश कुमार कल्याण को अंग-वस्त्र पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र और संस्था द्वारा प्रकाशित पुस्तक बढ़ते क़दम- तीन भेंटकर विभूषित किया गया।

# पंजाब के कैबिनेट मंत्रियों ने राजस्थान के मुख्यमंत्री को श्री गुरु तेग बहादर जी के शहीदी समारोहों में शामिल होने का आमंत्रण दिया

डॉ. बलजीत कौर और मोहिंदर भगत ने जयपुर में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से भेंट कर धार्मिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 26 अक्टूबर।** पंजाब सरकार द्वारा नौवें सिख गुरु, श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित राज्य स्तरीय भव्य समारोहों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पंजाब के कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर और मोहिंदर भगत ने जयपुर में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से विशेष मुलाकात की और उन्हें पंजाब में आयोजित होने वाले इन स्मृति समारोहों में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया।

दोनों मंत्रियों ने राजस्थान के मुख्यमंत्री को पंजाब के मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान की शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। उन्होंने बताया कि श्री गुरु तेग बहादर जी द्वारा धार्मिक स्वतंत्रता और सत्य की रक्षा हेतु दिए गए अद्वितीय बलिदान की स्मृति में पंजाब भर में एक महीने तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मंत्रियों ने जानकारी दी कि इन कार्यक्रमों की शुरुआत 25 अक्टूबर को दिल्ली स्थित गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में अरदास के साथ की गई। इसके बाद पंजाब के सभी जिलों में गुरु साहिब के जीवन और उपदेशों को दर्शाने वाले ÷लाइट एंड साउंड शो÷, कीर्तन दरबार और धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। गुरु साहिब के चरणों से जुड़े 130 पवित्र स्थलों पर भी कीर्तन दरबार आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर), गुरदासपुर, फरीदकोट और तख्त श्री दमदमा साहिब (पंजाब) से चार नगर कीर्तन प्रारंभ होंगे, जो 22 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब पहुंचेंगे। 23 से 25 नवंबर तक होने वाले मुख्य समारोहों में श्री अखंड पाठ साहिब, सर्व धर्म सम्मेलन, पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र और भव्य कीर्तन दरबार शामिल होंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री आनंदपुर साहिब में 'चक्क नानकी' नामक विशाल टेंट सिटी भी तैयार की जा रही है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने श्री गुरु तेग बहादर जी की महान विरासत को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए पंजाब सरकार के इस धार्मिक प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन धार्मिक आयोजनों से पूरी दुनिया में एकता, करुणा और सर्वधर्म सौहार्द का अमर संदेश जाएगा। उन्होंने इन समारोहों की सफलता के लिए हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

मंत्रियों ने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से गुरु साहिब जी के शांति, समानता और सत्य के संदेशों को व्यापक रूप से प्रसारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये आयोजन श्रद्धालुओं, विशेषकर युवाओं को, श्री गुरु तेग बहादर जी द्वारा दिखाए गए मानवता और सद्भावना के मूल्यों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

### पूर्व सैनिकों ने पंजाब के रावी नदी क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**कैथल (अप्रस)।** पंजाब और हरियाणा में हाल ही में हुई भीषण बरसात और बाढ़ से कई जिलों में तबाही मच गई थी। कई इलाकों में लोगों के घर, पशु और फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई। इस संकट की घड़ी में कैथल की पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन ने मानवता का परिचय देते हुए बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे कदम बढ़ाया। एसोसिएशन के प्रधान जगजीत फौजी के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों की टीम पंजाब के रावी नदी क्षेत्र के करतारपुर और डेरा बाबा नानक के आसपास के प्रभावित गांवों में पहुंची। टीम ने वहां सर्दी को देखते हुए राहत सामग्री के रूप में डबल बेड कंबल, गर्म वस्त्र और नकद आर्थिक सहायता वितरित की। यह राहत सामग्री पंजाब के पूर्व सैनिकों द्वारा पहले से चिन्हित गांवों गांव गौसल, डेरा मानपुर, धारीवाल किरण, जिगरी, नरवली डेरा और गढ़ी कलां में घर-घर जाकर बांटी गई। विशेष रूप से बुजुर्गों, विधवाओं, विकलांगों और जिनके मकान बाढ़ में ढह गए थे, उन्हें प्राथमिकता दी गई।

## डेराबस्सी हलके में ज़मीनों के कलेक्टर रेटों में 'बेतहाशा बढ़ोतरी', रियल एस्टेट कारोबारियों में रोष

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 26 अक्तूबर।** जिला प्रशासन द्वारा डेराबस्सी हलके में ज़मीनों के कलेक्टर रेटों में की गई भारी बढ़ोतरी को लेकर रियल एस्टेट कारोबारियों में जबरदस्त रोष देखा जा रहा है। कारोबारियों का कहना है कि यह कदम पहले से ही मंदी की मार झेल रहे प्रॉपर्टी सेक्टर के लिए एक और बड़ा झटका साबित होगा।

इस बढ़ोतरी का सबसे बड़ा और चौंकाने वाला पहलू यह है कि डेराबस्सी के कई गांवों में कृषि भूमि के कलेक्टर रेट पूरी तरह समाप्त कर दिए गए हैं। इसका मतलब है कि अब इन गांवों में अगर कोई व्यक्ति खेतीबाड़ी वाली ज़मीन की रजिस्ट्री करवाता है तो उसे रिहायशी या वाणिज्यिक ज़मीन के रेट ही चुकाने होंगे।

कारोबारियों के अनुसार, इस निर्णय से आम लोगों के लिए ज़मीन खरीदना और भी महंगा हो जाएगा तथा रियल एस्टेट कारोबार पूरी तरह ठप पड़ सकता है।

जानकारी के अनुसार, डेराबस्सी नगर काउंसिल के अधीन आने वाले गांव – सेखपुरा खुर्द, गुलाबगढ़, कस्बा बस्सी, रोनी माढ़ोपुर और कई अन्य इलाकों की ज़मीनों की रजिस्ट्री के लिए अब कृषि रेट लागू नहीं होंगे। इन सभी गांवों में रिहायशी या वाणिज्यिक रेट ही लागू किए जाएंगे।

गौरतलब है कि कुछ महीने पहले ही पंजाब सरकार ने बड़े पैमाने पर कॉलोनियां काटने के लिए सीएलयू (ष्टरु) के नियमों में भी भारी बढ़ोतरी की थी, जिसके चलते डेराबस्सी क्षेत्र में रियल एस्टेट कारोबारियों को पहले ही नुकसान झेलना पड़ा था। प्रॉपर्टी डीलरों ने प्रशासन के इस नए फैसले पर सवाल उठाते हुए मांग की है कि इस बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए।

- एनओसी की सिरदर्दी के बाद अब कलेक्टर रेटों का 'तौहफा'

यह बढ़ोतरी ऐसे समय में की गई है जब पहले ही अवैध कॉलोनियों के प्लॉटों की रजिस्ट्री के लिए 'नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (हृह्रष्ट)' अनिवार्य होने के कारण प्रॉपर्टी कारोबार ठप पड़ा हुआ है। कारोबारियों का कहना है कि प्रशासन ने यह बढ़ोतरी बिना किसी चर्चा या नोटिस के ÷बिजली गिरने÷ जैसा झटका दिया है।

रियल एस्टेट कारोबारियों ने प्रशासन से अपील की है कि लोगों के हित और कारोबार की स्थिरता को देखते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए।


### स्कैनर लगवाने के बहाने मोबाइल व पैसों की ठगी करने वाला ठग सीआईए-वन पुलिस ने दबोचा

**कैथल (अप्रस)।** स्कैनर लगवाने के बहाने मोबाइल फोन व बैंक खातों से रुपए ठगने वाले आरोपी को सीआईए-वन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव भागल निवासी देवेंद्र की शिकायत पर थाना चीका में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 19 अक्तूबर को एक अज्ञात युवक उसके पास आया और खुद को यूपीआई स्कैनर बनाने वाला बताते हुए उसे भी स्कैनर बनवाने की सलाह दी। युवक की बातों में आकर देवेंद्र ने उसे अपना मोबाइल दे दिया। इसी दौरान आरोपी ने उसका यूपीआई पासवर्ड प्राप्त कर लिया और बाद में उसके खाते से करीब एक लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। एसपी उपासना ने सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई कमलजीत सिंह की टीम को सौंपा गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्य जुटाते हुए आरोपी गुलशन कुमार निवासी दौराहा, जिला लुधियाना (पंजाब) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूल किया कि वह हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में इसी तरह स्कैनर लगवाने के बहाने दुकानदारों से ठगी कर चुका है।

# डा. अंबेडकर के बारे में ओछी टिप्पणी करने से बचना चाहिए : हुड्डा

कहा- उनके पिता जिस संविधान सभा के सदस्य थे। उसके अध्यक्ष डा. अंबेडकर थे

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 26 अक्तूबर।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि किसी को भी इस बात में संदेह नहीं होना चाहिए कि देश के संविधान का निर्माण डॉ. भीमराव अंबेडकर ने किया था। मुझे गर्व है कि मेरे पिता चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा उस संविधान सभा के सदस्य थे, जिसके अध्यक्ष डॉ. अंबेडकर थे। डॉ. अंबेडकर के बारे में किसी को भी ओछी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार किसी भी क्षेत्र में जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही है। आज किसान अपनी फसलों के लिए उचित मूल्य और आम जनता सुरक्षा के लिए तरस रही है। हुड्डा करनाल के सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने आए थे। इस दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि 24 फसलों पर रूस्क्क देने का दावा करने वाली बीजेपी सरकार आज मुंह छिपाकर घूम रही है। क्योंकि हरियाणा में मुख्यतः खरीफ की फसलें धान, बाजरा, कपास, मूंग समेत तमाम फसलें से 300 से 1200 रुपये कम कीमत पर पिट रही हैं।हुड्डा ने कहा, हम सरकार से बार-बार पूछ रहे हैं कि हरियाणा में वे कौन-सी 24 फसलें हैं, जिन पर रूस्क्क दिया जा रहा है? जो फसलें खेतों से मंडियों तक पहुंच रही हैं, उन्हें रूस्क्क नहीं मिल रहा। कोई भी व्यक्ति मंडी जाकर इसकी सच्चाई देख सकता है। उन्होंने आगे कहा कि इस सरकार ने फसल बेचने से लेकर मुआवजा प्राप्त करने तक की प्रक्रियाओं को इतना जटिल कर दिया है कि किसान इनमें ही उलझकर रह जाते हैं। उन्हें न तो फसल का उचित दाम मिलता है और न ही मुआवजा। बहरहाल रबी की फसल बुआई के लिए पिछले सालों की तरह खाद के लिए मारामारी चल रही है।कई जगह तो किसानों और महिलाओं पर लाठीचार्ज तक कि ख़बर मिल रही है। कानून व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए हुड्डा ने कहा कि हरियाणा देश का सबसे असुरक्षित राज्य बन गया है। केंद्र सरकार की रिपोर्ट और आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं। हरियाणा में संगठित अपराध चरम पर है। यहाँ 80 से अधिक बदमाशों की गैंग सक्रिय हैं, जो हत्या, लूट, डकैती और फिरौती जैसी वारदातों को अंजाम दे रही हैं। हालात इतने खराब हैं कि कानून की रक्षा करने वाले पुलिसकर्मियों को भी अपनी जान गंवानी पड़ रही है। एसआई पूरण कुमार और संदीप लाठर की मौत के मामले में हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीवीआई से निष्पक्ष जाँच करवाई जानी चाहिए। बीजेपी के केंद्रीय ऊर्जा मंत्री द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर की गई विवादित टिप्पणी पर भी हुड्डा ने प्रतिक्रिया दी।

# एक बच्ची और पुलिस के बीच प्रेरणादायक संवाद- अंकल पुलिस कैसे बनते हैं?

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 26 अक्तूबर।** रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी के बीच एक प्यारा और प्रेरणादायक दृश्य उस समय देखने को मिला जब सेंट कबीर स्कूल की एक नन्ही छात्रा ने सेक्टर-7, पंचकूला में गश्त कर रहे थाना प्रभारी राहुल से सहज अंदाज़ में सवाल-जवाब शुरू किए। बच्ची की मासूम जिज्ञासा और आत्मविश्वास ने न केवल पुलिस अधिकारियों बल्कि आसपास मौजूद लोगों का भी दिल जीत लिया।

बच्ची ने मुस्कुराते हुए पूछा, 'आपकी क्वालिफिकेशन क्या है?' जिस पर थाना प्रभारी ने कहा, 'मैंने ग्रेजुएशन के बाद पुलिस सेवा जॉइन की थी, हमें भी खूब पढ़ाई करनी पड़ती है।' अगला सवाल था-'आपके कितने प्रतिशत नंबर आए थे?÷ इस पर प्रभारी ने हंसते हुए जवाब दिया, 'काफी अच्छे थे, तभी तो पुलिस में भर्ती हो गया।'

जब बच्ची ने पूछा, 'पुलिस में भर्ती कैसे होती है?' तो राहुल ने बड़े धैर्य से समझाया, 'पढ़ाई के साथ शारीरिक फिटनेस भी जरूरी है। मेहनत और ईमानदारी से तैयारी करने वाले ही पुलिस बनते हैं।' बच्ची ने मुस्कुराकर कहा, 'मैं भी बड़ी होकर पुलिस बनना चाहती हूं।' इस पर थाना प्रभारी ने उसे प्रेरित करते हुए कहा, ÷जरूर बनो, मेहनत और सच्चाई से हर सपना पूरा होता है।÷

यह प्यारा संवाद देखकर लोग मुस्कुरा उठे। इस मुलाकात ने यह संदेश दिया कि पुलिस सिर्फ कानून लागू करने वाली संस्था नहीं, बल्कि समाज से जुड़ी संवेदनशील और प्रेरणादायक शक्ति भी है। बच्ची की मासूम बातचीत ने पुलिस और जनता के बीच विश्वास का एक सुंदर उदाहरण पेश किया।

यह दृश्य अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है, जहां लोग इसे 'एक बच्ची और पुलिस के बीच प्रेरणादायक संवाद' बता रहे हैं।

# 58 सालों से इंतजार कर रहे हैं प्रदेश के लोग अपनी राजधानी और हाई कोर्ट से

## हरियाणा का जनजगारण अभियान हाई कोर्ट और अपनी राजधानी को लेकर करनाल पहुंचा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 26 अक्तूबर।** हरियाणा के लोग पिछले 58 सालों से अपनी राजधानी और अपना हाई कोर्ट के का इंतजार कर रहे हैं। हरियाणा बनाओ अभियान के तहत प्रदेश के वकील और बुद्धिजीवी मिल कर हरियाणा के हाई कोर्ट और राजधानी के लिए जन जागरण अभियान चला रहे हैं। इस अभियान से जुडे वकीलों ने आज करनाल में पत्रकारों से बात की। इस अवसर पर एम एस चोपड़ा ने हरियाणा में हरियाणा की राजधानी के निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया की हरियाणा को पंजाब से अलग हुए 58 साल हो गए हैं, लेकिन इसे अपनी अलग राजधानी और अलग उच्च न्यायालय प्राप्त नहीं किया। .हरियाणा के लोगों को प्रशासनिक और न्यायिक सेवाओं का लाभ उठाने में बड़ी सुविधा मिलेगी। सात जिलों से 22 जिले बनाने का अप्रत्यक्ष औचित्य लोगों को प्रशासनिक और न्यायिक सेवाएं प्रदान करना है। लेकिन राज्य के एक कोने में स्थित राजधानी में, बस्तियों में रहने वाले अधिकांश लोगों को प्रशासनिक कार्यालयों और उच्च न्यायालय तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है और हजारों रुपये का टोल चुकाना पड़ता है। रणधीर सिंह बधरणा ने हरियाणा की राजधानी और अलग उच्च न्यायालय के मुद्दे पर प्रकाश डाला। वकील हरियाणा और पंजाब की अलग बार ष्टशह्वठ्ठष्द्बद्य की भी मांग कर रहे हैं और अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए हरियाणा के वार्षिक बजट में बड़े प्रावधान करने और हरियाणा की अलग बार काउंसिल के माध्यम से अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम के तहत अधिवक्ताओं को सेवानिवृत्ति लाभ लागू करने की भी मांग कर रहे हैं। चूँकि कई अन्य राज्यों ने पहले ही अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए राज्य सरकारों के वार्षिक बजट में बजटीय प्रावधान कर दिए हैं। अधिवक्ता अधिनियम के तहत अलग बार काउंसिल के निर्माण के लिए हरियाणा में अलग उच्च न्यायालय का निर्माण जरूरी है।रिकॉर्ड के अनुसार हरियाणा के 14,25,047 से अधिक मामले हरियाणा के जिलों और अधीनस्थ न्यायालयों के समक्ष लंबित हैं और 450000 से अधिक मामले उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित हैं और लाखों मामले अन्य आयोगों, न्यायाधिकरणों और अन्य प्राधिकरणों के समक्ष लंबित हैं। अनुमान है कि हरियाणा के 45 लाख से अधिक लोग मुकदमेबाजी में शामिल हैं और अधिकांश वादकारी मामलों के निपटारे में देरी के कारण प्रभावित होते हैं। त्वरित निर्णय के मुद्दे हरियाणा के वादकारियों और अधिवक्ताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस मुद्दे के समाधान के लिए हरियाणा और पंजाब दोनों राज्यों को अलग-अलग उच्च न्यायालय की आवश्यकता है। जयप्रकाश कंबोज, पूर्व अध्यक्ष, उपभोक्ता आयोग ने यह बताया कि आज हरियाणा में सबसे गंभीर समस्या बेरोजगारी है। निराश युवा नशे और अपराध का शिकार हो रहे हैं, आत्महत्या कर रहे हैं या अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरे देशों की ओर पलायन कर रहे हैं। केवल सरकारी रिक्तियों पर भर्ती से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। इसके लिए रोजगार के नए अवसर तलाशने और पैदा करने होंगे। जिसमें राज्य की नई राजधानी का निर्माण इस समस्या के समाधान में अहम भूमिका निभाएगा. गुरुग्राम की तरह, विदेशी और निजी द्वारा अरबों/खरबों रुपये के संभावित निवेश से लाखों विभिन्न प्रकार की नौकरियां पैदा होंगी। रणधीर सिंह बधरान, पूर्व अध्यक्ष, बार काउंसिल, पंजाब एवं हरियाणा, चंडीगढ़ संयोजक, के साथ नरेश डडवाल एडवोकेट , डॉ. सुमित संधू ÷पूर्व चेयरमैन सहकारी बैंक, डॉ. श्री कृष्ण कुमार देशवाल महासचिव रलोद हरियाणा, धर्मबीर सिद्धू सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट, सुरेश कंबोज करनाल एडवोकेट, डॉ. रामजी लाल पूर्व प्रिंसिपल दयाल सिंह करनाल, भारत भूषण एडवोकेट यादविंदर सिंह श्योराण, एडवोकेट, शुभम शर्मा, रवि कांत, रजिंदर प्रशाद, रिया मलिक, अनुकृति शर्मा, प्रमोद भारद्वाज एडवोकट हरियाणा बनाओ अभियान में उपस्थित रहे।

# सांसद मनीष तिवारी ने केंद्र से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत जल सप्लाई योजना की विस्तृत परफॉरमेंस ऑडिट की मांग की

भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार परीक्षक को पत्र लिख कर मनीमाजरा पायलट प्रोजेक्ट का ऑडिट करने पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 26 अक्तूबर।** चंडीगढ़ से सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, के. संजय मूर्ति को पत्र लिखकर चंडीगढ़ में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत सातों दिन 24 घंटे जल सप्लाई योजना, विशेषकर मनीमाजरा पायलट प्रोजेक्ट की विस्तृत परफॉरमेंस ऑडिट की तत्काल जरुरत पर बल दिया है। पत्र में सांसद तिवारी ने लिखा है कि वह आपका ध्यान चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत 24/7 जल सप्लाई योजना विस्तृत परफॉरमेंस ऑडिट की जरुरत की तरफ आकर्षित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक धन से वित्त पोषित और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा समर्थित यह परियोजना अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है, जिससे वित्तीय विवेक, कार्यान्वयन प्रभावशीलता और शासन की जवाबदेही को लेकर गंभीर चिंताएँ पैदा हुई हैं। उन्होंने जिक्र किया कि 2015 में शुरू किए गए स्मार्ट सिटी मिशन का उद्देश्य नागरिक-अनुकूल और टिकाऊ शहरी बुनियादी ढाँचा विकसित करना था। इसके तहत, चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड को कई परियोजनाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसमें एक प्रमुख 24/7 दाबयुक्त स्वच्छ जल आपूर्ति पहल भी शामिल थी। कुल परियोजना लागत 591.57 करोड रुपये आंकी गई थी।

इस क्रम में, साल 2016 में चंडीगढ़ ने जल आपूर्ति, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन में सहायता के लिए एजेंसी फ्रांसेइस डे डेवलपमेंट के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत, शहरव्यापी सातों दिन 24 घंटे जलापूर्ति योजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) ने दिसंबर 2019 में मंजूरी दी थी। दिसंबर 2022 में चंडीगढ़ नगर निगम ने 270 किलोमीटर पानी की पाइपलाइनों के चरणबद्ध प्रतिस्थापन और 2029 तक 55 जिला मीटरिंग क्षेत्रों को कवर करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस पैन-सिटी प्रोजेक्ट को 510 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शुरू किया जाना था, जिसमें 412 करोड़ रुपये का एएफडी ऋण (15 वर्षों में चुकाने योग्य) और 98 करोड़ रुपये का यूरोपीय संघ अनुदान शामिल है।

उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद, चंडीगढ़ को 24 घंटे ताजे पानी की आपूर्ति वाला भारत का पहला शहर बनने की उम्मीद थी। हालांकि, स्मार्ट सिटी फंड से 166.06 करोड़ रुपये की लागत से क्रियान्वित मनीमाजरा पायलट परियोजना पूरी तरह से विफल रही है। सांसद ने खुलासा किया कि पायलट प्रोजेक्ट की बुरी तरह से विफलता के कारण, नगर निगम अब पूरे शहर में इस परियोजना को रद्द करने पर विचार कर रहा है, क्योंकि मनीमाजरा के किसी भी क्षेत्र में निर्बाध उच्च दाब जल आपूर्ति नहीं हो रही है। इसके तहत, निवासियों ने बदबूदार, गंदे पानी और खराब पानी के मीटरों की शिकायत की है। ये दावे निवासियों के अनुभवों, मीडिया रिपोर्ट्स और जमीनी स्तर की जानकारी के बिल्कुल विपरीत हैं। उन्होंने खुलासा किया कि मतदाता लगातार बताते हैं कि उन्हें प्रतिदिन केवल 2-4 घंटे ही पानी मिलता है, जो अक्सर गंदा और पीने लायक नहीं होता।

कई स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, नगर निगम के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि परियोजना का उद्देश्य जल सेवाओं में सुधार करना था, लेकिन घरों तक पहुँचने वाले पानी की वास्तविक मात्रा में कोई वृद्धि नहीं हुई है। लेकिन फिर भी लोकसभा में उनके अनस्टॉर्ड प्रश्न संख्या 1226 (उत्तर 11 फ़रवरी, 2025) के उत्तर में, गृह मंत्रालय ने कहा कि परियोजना का फिजिकल बुनियादी ढाँचा और ट्रायल का काम पूरा हो चुका है।

तिवारी ने खुलासा किया कि सरकारी दावों और ज़मीनी हकीकत में और भी विसंगतियां हैं। लोकसभा में उनके अनस्टॉर्ड प्रश्न संख्या 2768 (उत्तर 12 दिसंबर, 2024) के अनुसार, सरकार ने बताया है कि सीएससीएल के अंतर्गत 1,537 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं में से 1,475 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाएँ पूरी हो चुकी हैं।

वहीं पर, मनीमाजरा परियोजना के लिए, सरकार ने दावा किया कि उसने आपूर्ति के घंटे प्रतिदिन 9 घंटे से बढ़ाकर 18 घंटे कर दिए हैं, 12,700 स्मार्ट वाटर मीटर लगाए हैं, पानी की आपूर्ति 2.5 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) से बढ़ाकर 3.5 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) कर दी है, और क्लोरीन विश्लेषकों और दैनिक नमूने के माध्यम से पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित की है।

नगर निगम के अधिकारियों ने केंद्र से इस परियोजना को तुरंत रोकने का अनुरोध करते हुए, एक प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया है। जिसमें अधिकारियों ने कथित तौर पर चेतावनी दी है कि यह योजना वित्तीय रूप से अव्यवहारिक है, क्योंकि मूल 412 करोड़ रुपये का ऋण (2022 की लागत के आधार पर गणना की गई) मुद्रास्फीति और बढ़ते परिचालन खर्चों के कारण लगभग दोगुना होने की आशंका है। इसी तरह, पुनर्भुगतान के लिए पानी के शुल्क लगभग दोगुने करने होंगे, जिससे शहरवासियों पर भारी बोझ पड़ेगा।

वहीं पर, डीपीआर में सड़कों की रीकार्पेटिंग जैसी महत्वपूर्ण लागतों का हिसाब नहीं लगाया गया है, जिसकी वजह से शहर भर में भूमिगत पाइपलाइन बदलने पर करोड़ों रुपये खर्च होंगे।

सरकार के अपने जवाबों में स्वीकार किया गया है कि शहर भर में चल रही 24×7 जलापूर्ति परियोजना की भौतिक प्रगति मात्र 5त्न है, जबकि एक अन्य परियोजना (पशु शवों के लिए इनसनरेटर) में 3 दिसंबर, 2024 तक 0त्न प्रगति दिखाई गई है।

पत्र में उन्होंने यह भी जिक्र किया कि जुलाई 2025 में, चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद यूटी विजिलेंस विभाग ने एक जाँच शुरू की। जबकि एमसीसी ने व्यापक परियोजना दस्तावेज़ों के बजाय केवल अधूरे रिकॉर्ड–केवल 'निविदा दस्तावेज़ और नोटिंग फ़ाइलों की एक प्रति'–प्रदान किए। इस दौरान पंजाब राज्य मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए, विजिलेंस विभाग और नगर निगम चंडीगढ़ दोनों को 31 अगस्त, 2025 को उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया है और दोनों अधिकारियों को 2 सितंबर की सुनवाई से पहले रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस परियोजना की विफलता की जाँच कई एजेंसियां कर रही हैं। हालांकि, जल गुणवत्ता या आपूर्ति मानकों का कोई स्वतंत्र तृतीय-पक्ष मूल्यांकन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की स्व-रिपोर्ट किए गए सीएससीएल आँकड़ों पर निर्भरता विश्वसनीय नहीं है। ऋण व्यवस्थाओं के बारे में स्पष्ट भ्रम आधिकारिक बयानों की विश्वसनीयता को और कमज़ोर करता है व सभी वित्तीय पहलुओं के स्वतंत्र सत्यापन की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

इस दिशा में, नगर निगम द्वारा परियोजना की पूर्ण विफलता की स्वीकृति और इस पहल को पूरी तरह से छोड़ने के उसके विचार को देखते हुए, सार्वजनिक धन के कुप्रबंधन को समझने और अन्य शहरों में इसी तरह की विफलताओं को रोकने के लिए एक स्वतंत्र निष्पादन लेखा परीक्षा और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

ययह मामला महत्वपूर्ण सार्वजनिक निधियों और चंडीगढ़ निवासियों की सार्वजनिक स्वास्थ्य और उपयोगिता सेवाओं से संबंधित है। ऐसे में यह स्वतंत्र और आधिकारिक जाँच के योग्य है, जो केवल आपका कार्यालय ही प्रदान कर सकता है। इन हालातों में वह जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने केलिए आपसे तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह करते हैं।

▲ अधिकतम 28 डिग्री से.
डिग्री से. 15 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.33 बजे
सूर्यास्त 5.40 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 1,25,770.00 |
| सेंसेक्स | 84,211.88 |
| अमेरिका | 87.82 |
| केनेडियन | 62.65 |
| आस्ट्रेलिन | 57.03 |

# चंडीगढ़ के रेजिडेंट्स ने सिंगल विंडो डिस्पोजल सिस्टम को बताया जरूरत

करafeड की बैठक में डीसी ने भी भरी हामी, बोले इससे फीडबैक मिलना तय

90 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों को डीसी ने दिलाया भरोसा प्रॉपर्टी संबंधी परेशानियां अब खत्म

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा




**चंडीगढ़, 26 अक्तूबर।** चंडीगढ़ रेजिडेंट्स एसोसिएशन वेलफेयर फेडरेशन द्वारा यूटी प्रशासन के समक्ष उठाई समस्याओं का शीघ्र समाधान होने की उम्मीद है। रविवार को आयोजित फेडरेशन की बैठक में शहर की 90 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लेते हुए विभिन्न मुद्दे उठाए। सभी ने शहर में लोगों की शिकायतों को प्रशासन तक पहुंचाने के लिए सिंगल विंडो डिस्पोजल सिस्टम को एक जरूरत बताया। बैठक में उपस्थित यूटी के डीसी निशांत यादव ने कल्याण संघों की समस्याओं को एक एक कर सुना और संबंधित विभागों के साथ मिल कर शीघ्र समाधान करने का आश्वासन भी दिया। चंडीगढ़ के 102 आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक हॉल नागरिकों से भरा रहा। कराफेड के चेयरमैन हितेश पूरी ने डिप्टी कमिश्नर निशांत यादव का स्वागत किया और कराफेड के कामकाज की रूपरेखा से उन्हें अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन सचिव डॉ. अनिश गर्ग ने किया।

बैठक में जनरल सेक्रेटरी रजत मल्होत्रा ने कराफेड की ओर से चंडीगढ़ के नागरिकों की समस्याएं प्रस्तुत कीं। पूर्व मेयर अनूप गुप्ता, नामित पार्षद सतींदर सिंह, गीता चौहान, मोहिंदर कौर भी बैठक में मौजूद रहे।

## नागरिक नहीं जानते कहां शिकायत करें, बने सिंगल विंडो

बैठक के दौरान डिप्टी कमिश्नर निशांत यादव ने नागरिकों की समस्याएं व्यक्तिगत रूप से सुनी। प्रतिनिधियों ने कहा कि शहर के अधिकतर लोग नहीं जानते नगर निगम या प्रशासन को कौन कौन सी शिकायतें दी जा सकती हैं। कब उनका निदान होगा। जबकि नगर निगम और प्रशासन एक दूसरे पर शिकायत निपटाने का पल्ला झाड़ लेते हैं। ऐसे में उन्हें दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि रेजिडेंट्स एसोसिएशनों के साथ मिलना और उनसे फीडबैक लेना बेहद जरूरी हो गया है। डीसी ने सिंगल विंडो डिस्पोजल सिस्टम जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समय पर निदान होना चाहिए। कराफेड की तरफ से चेयरमैन हितेश पुरी की अगुआई में उपायुक्त निशांत यादव को मांगों का ज्ञापन दिया गया है।

## लंबित निर्माण उल्लंघन मामलों को निपटाएं

हितेश पूरी ने पुराने लंबित निर्माण उल्लंघन मामलों और जुर्माने के शीघ्र निपटान की आवश्यकता उठाई। मुख्य संरक्षक मेजर डी पी सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और ई-संपर्क केंद्रों में नागरिकों की असहयोगी प्रवृत्ति के मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि सीनियर सिटिजंस को केंद्र पर कभी कभी असहज होना पड़ता है। सेक्टर 23 के सतिजा ने एन-चो की सफाई और चल रहे सहज क्लीनिंग सेंटर को बंद करने की मांग की। वहीं इंदिरा कॉलोनी मनीमाजरा के प्रतिनिधि ने खेल का मैदान बनाने का आग्रह किया। सेक्टर 11, 13 और 61 के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत की और समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन भी दिया।

## अब एक सप्ताह में प्रॉपर्टी की म्यूटेशन

डीसी ने कहा कि संपत्ति से संबंधित छोटी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 600 फाइलें बंद करने की प्रक्रिया जारी है। प्रतिनिधियों को डीसी ने भरोसा दिलाया कि प्रॉपर्टी संबंधी परेशानियां अब इस्टेट ऑफिस में समाप्त हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि एस्टेट ऑफिस आने वाले नागरिकों के लिए प्रतीक्षालय की सुविधा जल्द उपलब्ध करवाई जाएगी। निवासी संपत्तियों पर उल्लंघन के जुर्माने को कम करने और समय देकर सुधार करने की व्यवस्था की जाएगी। चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड और नगर निगम से संबंधित समस्याओं के लिए दोनों विभागों के साथ बैठक करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि अक्सर इस्टेट ऑफिस कॉमन प्रोलबम पेडेंसी की रहती थी। लोग प्रॉपर्टी ट्रांसफर करवाने, नो-डयूज लेने के लिए फाइल महीनों पेंडिंग रहती थी। बार बार चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन एक महीने पहले प्रॉपर्टी से जुड़ी सभी जानकारियों को ऑनलाइन करने से समस्या का समाधान किया गया है। जिस दिन प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करवाई या उसको बेचा है उस दिन से एक सप्ताह के दौरान ऑटोमेटिक प्रॉपर्टी म्यूटेशन हो जाएगी। बैठक में कराफेड के आगामी तीन वर्षो के लिए कार्यालय पदाधिकारियों की सूची की भी घोषणा की गई। सीनियर वाइस चेयरमैन और नामित पार्षद उमेश घई ने मुख्य अतिथि जी एस भाटी चेयरमैन, त्रक्क बिल्डर्स और सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### वेदव्यास जी, शुकदेव जी के जन्म प्रसंगों से गूंजा कथा पंडाल



**चंडीगढ़ (अप्रस/वीरेन्द्र सिंह)।** श्री राधा वल्लभ धाम, सेक्टर 45, चंडीगढ़ में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के द्वितीय दिवस पर कथा व्यास श्रद्धेय श्री विजय शास्त्री जी ने वेदव्यास जी, शुकदेव जी के दिव्य जन्म प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा का आरंभ मंगलाचरण एवं श्रीमद् भागवत की महिमा से हुआ। श्री शास्त्री जी ने बताया कि भगवान विष्णु के कल्याणकारी अवतार के रूप में वेदव्यास जी ने वेदों का विभाजन कर मानवता को ज्ञान का अमूल्य खजाना प्रदान किया। तत्पश्चात् उन्होंने शुकदेव जी के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि शुकदेव जी बाल्यावस्था से ही ब्रह्मज्ञान में स्थित थे, और उनके जन्म से ही वायु में 'शांति और वैराग्य' का संदेश फैल गया था। कथा के अगले प्रसंग में कुन्ती चरित्र तथा भीष्म पितामह के त्याग और प्रतिज्ञा का अत्यंत मार्मिक चित्रण किया गया। श्री शास्त्री जी ने कहा 'भीष्म का चरित्र हमें यह सिखाता है कि जब तक जीवन है, धर्म और प्रतिज्ञा पर अडिग रहना ही सच्ची भक्ति है।' मुख्य अतिथि के तौर पर चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी, पार्षद गुरुप्रीत सिंह गाबी, चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की उपस्थित रहे व्यास गद्दी से पूज्य व्यास जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### 36 बोतल अवैध शराब सहित शराब तस्कर गिरफ्तार



**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** जीरकपुर पुलिस ने 36 बोतल अवैध शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अबरार कुरैशी निवासी भेजपुरा अलीगढ़ यूपी के रूप में हुई है। उसके खिलाफ जीरकपुर सर्कल के आबकारी अधिकारी गुरप्रीत सिंह के बयान पर थाना जीरकपुर में एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को डेराबस्सी अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आबकारी अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि वह शराब तस्करी को रोकने के लिए पटियाला रोड पर तैनात थे और वाहनों की जांच कर रहे थे। उन्हें गुप्त सूचना मिली की गांव शताबगढ़ में बाहरी तरफ बनी झुग्गियों के पास एक करियाने की दुकान में चंडीगढ़ से सस्ती शराब लाकर बेची जाती है। अगर अभी छापा मारा जाए तो शराब पकड़ी जा सकती है। आबकारी टीम ने पुलिस को साथ लेकर छापा मारा तो मौके से 72 अधिए कुल 36 बोतले बरामद हुई। शराब चंडीगढ़ में बिकने योग थी। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। आबकारी निरीक्षक गुरप्रीत सिंह ने बताया कि विभाग अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहा है और आने वाले दिनों में ऐसी और भी कार्रवाइयां जारी रहेंगी।

# धनास में टूटी सड़कों और बदहाली के खिलाफ आम आदमी पार्टी का पैदल विरोध मार्च

## भाजपा शासित निगम और प्रशासन की नाकामी पर जमकर गरजे आप नेता

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 26 अक्टूबर।** आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के प्रदेश सह सचिव कुलदीप सिंह कुकी के नेतृत्व में धनास मिल्क कॉलोनी में टूटी सड़कों, फैली गंदगी और उपेक्षित पार्कों के विरोध में एक पैदल विरोध मार्च निकाला गया। प्रदर्शन में स्थानीय निवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा शासित नगर निगम और प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की – 'झुमलो की सरकार' और 'झूठे वायदों की सरकार' के नारे गूंजते रहे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष विजयपाल सिंह, प्रदेश महासचिव ओमकार सिंह औलाख, स्टेट मीडिया इंचार्ज विक्रांत ए. तंवर, पार्षद जसबीर सिंह लाड्डी, हरजिन्दर बावा, पी.पी. घई, योगेश ढींगरा सहित अनेक वरिष्ठ नेता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने कहा कि धनास की दुर्दशा भाजपा के भ्रष्टाचार और नाकामी की पहचान बन चुकी है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने नगर निगम सदन में वी5 और वी6 सड़कों के निर्माण का मुद्दा कई बार उठाया, लेकिन भाजपा मेयर ने सुनवाई के बजाय राजनीतिक दबाव में पार्षदों पर मार्शल बुलवाकर कार्रवाई की, जिसमें कई लोग घायल हुए।

उन्होंने मेयर के विदेश दौरों पर भी सवाल उठाए। 'मेयर साहिबा पहले रूस और अब दुबई की सैर पर हैं – आखिर यह खर्च किसके पैसे से हो रहा है? जनता का टैक्स शहर की टूटी सड़कों और सफाई पर लगना चाहिए, न कि विदेश यात्राओं पर।' उन्होंने कहा कि मेयर की गैरमौजूदगी में निगम की हाउस मीटिंग भी रद्द कर दी गई, जिससे जनता की समस्याएं और टल गई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने धनास के लोगों से लालडोरा विस्तार और फ्लैट स्वामित्व का वादा किया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। 'यह झूठे वायदों और प्रचार की सरकार है, जिसने जनता को सिर्फ धोखा दिया।'

उन्होंने आगे कहा, 'सड़कों का बुरा हाल, जाम नालियां, सूखे पार्क और कूड़े के ढेर इस बात का सबूत हैं कि भाजपा शासित निगम ने चंडीगढ़ की व्यवस्था को मज़ाक बना दिया है। जनता अब इस कुशासन को बर्दाश्त नहीं करेगी।'

अंत में विजयपाल सिंह ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़कों की मरम्मत, सफाई और बुनियादी सुविधाओं की बहाली नहीं हुई, तो आम आदमी पार्टी हर वार्ड में व्यापक आंदोलन छेड़ेगी। 'जब सदन के भीतर जनता की आवाज़ दबाई जाती है, तो सड़कों पर उतरना हमारा कर्तव्य बन जाता है।'

# छठ पूजा के लिए झील पर तैयारियां पूरी, मुख्य अभियंता ने पहुंचकर ली फीडबैक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 26 अक्टूबर।** आगामी छठ पूजा उत्सव के लिए सेक्टर 42 झील पर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। यू.टी. चंडीगढ़ के मुख्य अभियंता सी.बी. ओझा ने इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों के साथ झील का निरीक्षण किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से पूरी हों।

मुख्य कार्यों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और 24×7 नियंत्रण कक्ष की स्थापना शामिल है ताकि किसी भी अनधिकृत गतिविधि पर सतर्क निगरानी रखी जा सके। इसके अतिरिक्त, निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं पावर बैकअप की सुविधा भी प्रदान की गई है। झील पर बने पुल की मरम्मत एवं रंगाई की गई है, वहीं पूरे परिसर की सफाई भी पूरी कर ली गई है। श्रद्धालुओं और आम जनता की सुविधा के लिए उचित पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है।

पूर्वांचल वेलफेयर एसोसिएशन, चंडीगढ़ के चेयरमैन राजेन्द्र सिंह, अध्यक्ष श्री डी.के. सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यू.के. सिंह तथा भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ पंजाब के सह-संयोजक चन्द्रमा मिश्रा ने माननीय प्रशासक, यू.टी. चंडीगढ़ के दूरदर्शी मार्गदर्शन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिसके फलस्वरूप सभी तैयारियों का कार्य समय पर पूरा हो सका।

संघ ने इंजीनियरिंग विभाग, यू.टी. चंडीगढ़ के समर्पित प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने उत्सव से पहले ही सभी आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए, जिससे छठ पूजा का आयोजन सुचारू और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके।

# टीवीएस जुपिटर एक्टिवा चोरी का आरोपी कुक काबू

आरोपी के कब्जे से जुपिटर एक्टिवा बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी




**चंडीगढ़, 26 अक्तूबर।** यूटी नार्थ ईस्ट डिविजन की थाना मनी माजरा पुलिस ने टीवीएस जुपिटर एक्टिवा चोरी करने के मामले में मोहाली में कुक का काम करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान सैक्टर 17 राजीव कॉलोनी के रहने वाले 24 वर्षीय ऋतिक सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के कब्जे से जुपिटर एक्टिवा बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना पुलिस की टीम को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए पता चला था कि जुपिटर एक्टिवा चोरी करने वाला आरोपी एरिया में सक्रिय है।मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना मनी माजरा के प्रभारी इंस्पेक्टर मनिंदर सिंह की टीम ने आरोपी को शनिवार गेट नंबर 3 एमएचसी, पार्किंग एरिया गोविंदपुरा, मनीमाजरा चंडीगढ़ के पास से जुपिटर एक्टिवा स्कूटर समेत गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए उक्त आरोपी के खिलाफ थाना 26 और आईटी पार्क में अलग अलग दो मामले भी दर्ज पाए गए।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 16 पंचकूला निवासी कृष्ण कुमार ने पुलिस को बताया कि 20 अक्तूबर 2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति ने दुकान संख्या 150-151, ओल्ड एनएसी रोड, मनीमाजरा, चंडीगढ़ के सामने से उनका लाल रंग का स्कूटर जुपिटर एक्टिवा चोरी कर लिया था। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई की थी।

थाना 31 पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी

# नशीले इंजेक्शन की सप्लाई करने वाला आरोपी तस्कर टैक्सी ड्राइवर काबू

आरोपी ड्रग तस्कर के कब्जे से 30 नशीले इंजेक्शन बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 26 अक्तूबर।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया और यूटी पुलिस के डीजीपी डॉक्टर सागर प्रीत हुडा द्वारा नशे के खिलाफ पुलिस को सख्त सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर रखे है। उनका पूरा प्रयास है कि शहर को ड्रग फ्री बनाना। वही यूटी पुलिस आदेशों की पालना करते हुए नशे के खिलाफ पूरी तरह से अभियान चला रखा है।आए दिन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर नशे की खेप भी बरामद कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा रही है।वही आदेशों की पालना करते हुए थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने नशीले इंजेक्शनो की सप्लाई करने वाले एक आरोपी तस्कर को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान 25 वर्षीय राम दरबार निवासी टैक्सी ड्राइवर अजय कुमार उर्फ संजय के रूप में हुई है।पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 30 नशीले इंजेक्शन बरामद किए।पकड़े गए आरोपी के खिलाफ 2021 में भी एक अन्य थाना 31 में मामला दर्ज पाया गया है।

जानकारी के अनुसार पता चला कि चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम में शामिल एएसआई पवन कुमार और अन्य पुलिस पार्टी की टीम शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे गश्त कर रही थी।जब पुलिस की टीम राम दरबार स्थित कैक्टस पार्क के पास पहुची तो उन्होंने देखा कि एक युवक पार्क में बैठा है। पुलिस पार्टी को देखते ही वह अपने दाहिने कंधे पर एक बैग टांगकर तेज़ी से खड़ा हो गया और वहाँ से भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उसे हिरासत में लिया। उसके बैग की तलाशी लेने पर उसके पास से 2 मिली फिनरामाइन मैलिएट के 15 इंजेक्शन और 1 मिली ब्यूप्रेनॉर्फिन के 15 इंजेक्शन (प्रतिबंधित) बरामद हुए। लेकिन वह इसके लिए कोई लाइसेंस/परमिट नहीं दिखा सका। पुलिस ने तुरंत मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कारवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

सम्पादकीय

# अमेरिका को चाहिए पाक को आतंकी फंडिंग रोकने को कहे

विश्व में काले धन और आतंकी गतिविधियों के लिए फंडिंग की निगरानी करने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ की ओर से पाकिस्तान को यह चेतावनी उचित ही है कि ग्रे लिस्ट से बाहर होने का मतलब यह नहीं है कि अब उस पर निगरानी खत्म हो गई है। टेरर फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर अब भी पाकिस्तान की निगरानी जारी है। वास्तव में एफएटीएफ की इस चेतावनी का आधार भारत की ओर से जारी वह रिपोर्ट है, जिसमें इसकी जानकारी दी गई है कि किस प्रकार पाकिस्तान टेरर फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग का बड़ा केंद्र बना हुआ है। ऐसी रिपोर्ट है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक में बैठे आतंकी सरगना फिर से आतंकी वारदातों को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं और इसके लिए पाकिस्तान की सरकार एवं उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई उन्हें फंडिंग कर रही है। पाक की सेना सीधे रूप से ऐसे आतंकी सरगनाओं से जुड़ी है, इसका पता भी ऑपरेशन सिंदूर के बाद उन तस्वीरों से सामने आ चुका है, जब आतंकियों के मारे जाने के बाद पाक सेना के अधिकारी उनके जनाजे को कंधा देने पहुंचे थे। बताया गया है कि जैश ए मोहम्मद जैसे आतंकी संगठन डिजिटल वालेट और छिपे हुए नेटवर्क के जरिये अपने ट्रेनिंग कैंप और फंडिंग का इंतजाम कर रहे हैं। यह भी सामने आ रहा है कि पाकिस्तान की सरकारी संस्था नेशनल डेवलपमेंट कॉम्प्लेक्स से जुड़े कुछ संगठन आतंकी फंडिंग से जुड़े हुए हैं। हालांकि यह भी संभव है कि यह सभी रिपोर्ट आंशिक हों, क्योंकि पाकिस्तान में आज आतंकवाद का पोषण ही सर्वोपरि हो गया है।

**गौरतलब है कि एक और रहस्योद्घाटन सामने आ रहा है, जिसे अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के एक पूर्व अधिकारी ने किया है। इसके अनुसार पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने देश में परमाणु हथियारों का नियंत्रण अमेरिका को सौंप दिया था। ऐसा इसलिए किया गया था ताकि ये हथियार आतंकियों के हाथ न लग जाएं। उन्होंने इसका भी दावा किया था कि अमेरिका ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और मुशर्रफ को खरीद लिया था। यह अपने आप में बहुत हैरतअंगेज रहस्योद्घाटन है। हालांकि भारत को इससे शायद ही कभी हैरानी हुई हो, क्योंकि बहुत लंबे समय से पाकिस्तान, अमेरिका का पसंदीदा रहा है। इसमें कोई संशय नजर नहीं आता कि अमेरिका ने अपने हितों के लिए पाकिस्तान का उपयोग किया है।**

गौरतलब है कि एक और रहस्योद्घाटन सामने आ रहा है, जिसे अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के एक पूर्व अधिकारी ने किया है। इसके अनुसार पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने देश में परमाणु हथियारों का नियंत्रण अमेरिका को सौंप दिया था। ऐसा इसलिए किया गया था ताकि ये हथियार आतंकियों के हाथ न लग जाएं। उन्होंने इसका भी दावा किया था कि अमेरिका ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और मुशर्रफ को खरीद लिया था। यह अपने आप में बहुत हैरतअंगेज रहस्योद्घाटन है। हालांकि भारत को इससे शायद ही कभी हैरानी हुई हो, क्योंकि बहुत लंबे समय से पाकिस्तान, अमेरिका का पसंदीदा रहा है। इसमें कोई संशय नजर नहीं आता कि अमेरिका ने अपने हितों के लिए पाकिस्तान का उपयोग किया है। ओसामा बिन लादेन को खत्म करने में अमेरिकी सेना ने पाकिस्तान का भरपूर इस्तेमाल किया था और इसके बाद हालिया भारत-पाक संघर्ष के दौरान अमेरिका ने एक बार फिर पाकिस्तान को बचाने में अपनी भूमिका अदा की। अब अमेरिका नए दौर में फिर पाकिस्तान का इस्तेमाल कर रहा है। दरअसल, एफएटीएफ की चेतावनी के बीच यह तथ्य गौर करने लायक है कि सीआईए अधिकारी के खुलासे के मुताबिक अमेरिका ने पाकिस्तान को उस समय भरपूर पैसा उपलब्ध कराया था और पाकिस्तान ने इस धन का उपयोग भारत के खिलाफ टेरर फंडिंग के लिए किया। यानी यह साबित तथ्य है कि पाकिस्तान हमेशा से दूसरे देशों से मिले पैसे को भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल करता आया है और कर रहा है। हालांकि भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र के मंच से और अन्य मौकों पर हमेशा इस बात को सामने लाया जाता रहा है कि पाक ऐसा कर रहा है, बावजूद इसके अमेरिका जैसे देश पाक को अपना पिठ्ठू बनाकर उसे भारत के खिलाफ प्रयोग करते आए हैं।

अमेरिकी सीआईए अधिकारी ने जो दावा किया है, वह साल 2002 का है। उन्होंने यहां तक कहा है कि उन्हें अनौपचारिक तौर पर बताया गया था कि पाकिस्तानी परमाणु हथियारों की चाबी पेंटागन यानी अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के पास है। अगर यह सब सूचना सही है और वैसे भी सीआईए के किसी अधिकारी के हवाले से पाकिस्तान के संबंध में ऐसे किसी रहस्योद्घाटन का संदेहपूर्ण होना नामुमकिन है, अत्यंत गंभीर बात है। पाकिस्तान के हुक्मरान ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार गीदड़ भभकी देते रहे कि पाक परमाणु हथियार संपन्न देश है, हालांकि अब असलियत सामने आ रही है कि आखिर पाक ने भारत से बचने के लिए अमेरिका से गुहार क्यों लगाई थी। और अमेरिका ने भारत पर सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए क्यों अपना पूरा जोर लगा दिया था। वास्तव में अमेरिका को पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के संबंध में प्रत्येक जानकारी उपलब्ध है और सामने आ रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान परमाणु हथियारों के जखीरे को नुकसान पहुंचना संभव हो गया था। निश्चित रूप से अमेरिका को अपने ऐसे दोहरे चेहरों को अब भारत से छिपाना बंद करना होगा। भारत को इस संबंध में पहले की जानकारी है। लेकिन दुनिया में शांति कायम करवाने का ढिंढोरा पीटने वाले अमेरिका को यह बताना चाहिए कि आखिर पाक की आतंकी फंडिंग को रोकने के लिए वह क्या कर रहा है।

# जब यूनिवर्सिटी में किसी ने मेरी अपॉइन्ट्मन्ट के विरुद्ध षड्यन्त्र किया

दैनिक अर्थ प्रकाश


डॉ. स्वतन्त्र जैन
मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता

**'प्रिय पाठकों, गत कुछ वर्षों से मैं 'आपकी उलझनें-हमारे प्रयास' नाम से एक कॉलम के जरिए आपकी मानसिक उलझनों के हल के लिए लेख लिख रही थी। अब मैं आपसे अपने एडवेंचर (adventures) से भरपूर जीवन की कुछ stories साझा कर रही हूँ ताकि आप भी इनसे कुछ प्रेरणा लेकर अपने नैतिक, मानवीय और सामाजिक दायित्व को निभाने का प्रयास कर सकें। पाठकों से अनुरोध है कि stories पसंद आएं, तो कमेन्ट और शेयर जरूर करें और अपने प्रश्न/कमेन्ट अर्थ-प्रकाश कार्यालय या लेखिका के मोबाइल नंबर- 9254588689 पर WhatsApp या jain-swatantra@gmail.com पर मेल करें।' मनोवैज्ञानिक समस्याओं के लिए मेरा निम्न tube channel देखें- https://youtube.com/@swatantra-jain7274?**

घटना सन 1980 के अगस्त माह की है। तब मैं देहली के किदवई नगर में रहती थी। और मेरी बेटी सिर्फ एक वर्ष की थी। कुछ दिन पहले कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के बी.एड कॉलेज में मेरी adhok पोस्ट पर मनोविज्ञान पढ़ाने के लिए सिलेक्शन हुई थी, जिसकी अपॉइंटमेंट लैटर के लिए मैं उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रही थी। एक दिन मैं बाजार से जब वापिस आई तो, मेरे लैंड-लॉर्ड ने मुझे बताया कि यूनिवर्सिटी से मेरे नाम कोई टेलीग्राम आया था, पर उसके कुछ ही देर बाद मेरा भाई जीप में आया और वह टेलीग्राम ले गया।

मेरे यह पूछने पर कि ऐसे कैसे किसी भी अजनबी को मेरा जरूरी टेलग्रैम दे दिया? तो लैंडलॉर्ड ने बताया कि उसने उससे कहा था, 'मैं ऐसे ही किसी अजनबी को लैटर या टेलीग्राम नहीं दे सकता', जिस पर उसने कहा, 'मैं कोई अजनबी नहीं, उनका भाई हूँ, मुझे वो टेलीग्राम दे दो, मैं रास्ते से उन्हें ढूंढ कर अपने साथ ले जाऊंगा'।

लैंडलॉर्ड ने थोड़ी हिचकिचाहट दिखलाई तो उसने अपनी कोई झूठी ID दिखा कर और गलत फोन नंबर देकर उसे विश्वास दिला दिया कि वो मेरा भाई ही है। सो, उसने मेरे नाम से आया हुआ मेरा टेलीग्राम उसको दे दिया और वो चला गया। पर मैं सोच में प। गई कि मेरा कोई भी भाई ऐसे नहीं कर सकता, न ही मेरे किसी भाई को मेरा address पता है, तो वो कौन था जो मेरा भाई बन कर वह टेलीग्राम ले गया, और उसे मेरे टेलीग्राम से क्या लेना-देना था? उससे भी ज्यादा चोंकाने वाली बात तो यह थी कि किसी को भी कैसे पता चला कि मेरे नाम कोई टेलीग्राम डिलीवर हुआ है, और उसमें क्या लिखा है? मुझे विश्वास हो गया कि कुछ बहुत बड़ा षड्यंत्र किया है किसी ने मेरे विरुद्ध, जो नहीं चाहता था कि मुझे वो अपॉइंटमेंट वाला टेलीग्राम मिले, क्योंक बाद में पता चला कि वो टेलीग्राम मेरी उसी अपॉइंटमेंट के लिए था, जिसका मैं बहुत बेसब्री से प्रतीक्षा कर रही थी।

कुछ भी समझ नहीं आने पर मैंने अपने पिताजी को एसटीडी बूथ से जोन कर के पूछा कि क्या उन्होंने भाई को मेरा टेलीग्राम लेने भेजा था? उनका उत्तर 'नहीं' में मिला। फिर मेरे से सारी बात जानने के बाद उन्होंने यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार को फोन करके वही सब उन्हें बताया, तो रजिस्ट्रार ने उन्हें कहा कि बिना किसी देर किये मुझे यूनिवर्सिटी अगले दिन सुबह ही भेज दे क्योंकि जॉब ज्वाइन करने की वो आखिरी तारीख थी, जिसके बाद किसी अन्य को वो जॉब ऑफर कर दी जाएगी। उन्होंने उसी समय मेरे असली भाई को मुझे लेने के लिए भेजा। उनके आने तक मैं अपनी बिटिया और मेरा जरूरत का सारा सामान इक्कठा कर तैयार हो गई और भाई के आने पर हम करनाल के लिए रवाना हो गए। रात को करनाल अपने पिताजी के घर रुक कर सुबह-सवेरे भाई के साथ ही कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के लिए रवाना हो गए।

मुझे कहा गया था कि एजुकेशन विभाग के अध्यक्ष से अपॉइंटमेंट लैटर लेकर बी.एड कॉलेज में join कर लूँ। सो, मैं सीधे एजुकेशन विभाग के अध्यक्ष के पास चली गई, पर उन्होंने मुझे कोई अपॉइंटमेंट लैटर देने से मना कर दिया और मुझे रजिस्ट्रार के पास भेज दिया। उन्हें मालूम था कि उस दिन रजिस्ट्रार यूनिवर्सिटी में नहीं थे, इसलिए अपॉइंटमेंट लैटर के बिना मैं ज्वाइन नहीं कर पाऊँगी, और वो दिन बीत जाने पर वे अपनी मर्जी या चहेते कैंडिडेट को ज्वाइन करवा देंगे।

परन्तु, शायद मेरी किस्मत कुछ अच्छी थी कि रजिस्ट्रार महोदय अपने PA को मुझे मेरी वो अपॉइंटमेंट लैटर देने के लिए कह गए थे, जिसे लेकर मैंने उसी दिन जॉइन कर लिया और निश्चिंत हो बाबूजी को अपने जॉइन करने का समाचार दिया।

आप समझ गए होंगे कि क्यों एजुकेशन विभाग के अध्यक्ष ने मुझे मेरी अपॉइन्ट्मन्ट लेटर नहीं दी, और किसने देहली में मेरे घर से मेरा टेलीग्राम झूठ बोल कर गायब करवाया। और किसी अजनबी को मेरा भाई बना कर वो telegram फ्रॉड करके मंगवाने के पीछे किसका हाथ था?

यूनिवर्सिटी के स्तर पर किसी विभागध्यक्ष का इस तरह षड्यंत्र कर के किसी ज़रूरतमंद महिला को धोखा देने का दुसाहस यह मेरे साथ पहला केस नहीं था, क्योंकि बाद में भी 1988 से 2004 में retire होने तक जब तक मैं यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान विभाग में रही, मेरे पूरे carrier और पूरे टेन्योर तक किसी न किसी प्रकार की धोखा-धडी व अन्याय मेरे साथ होता रहा। पर मैंने भी हिम्मत नहीं हारी, मैं हर षड्यन्त्र का मुकाबला पूरे साहस से करती रही।

## हरियाणा की डायरीः साप्ताहिक कॉलम

# मोदी के मंत्री ने खींच दी बड़ी लकीर


लेखकः चंद्रशेखर धरणी
स्वतंत्र पत्रकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कैबिनेट में मंत्री और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बड़ी दरियादिली दिखाई हैं। मनोहर लाल ने एक साइन करके वो कर दिया, जो बड़े-बड़े नेता नहीं कर पाते। आज जब नेताओं और अधिकारियों की अकूत संपत्ति पर सवाल खड़ हो रहे हैं, ऐसे समय में मनोहर लाल ने वह काम कर दिखाया, जिससे दूसरे नेताओं को सीख लेने की जरूरत है। दअरसल, हाल ही में मनोहर लाल ने रोहतक जिले के अपने पुश्तैनी गांव बनियानी की डेढ़ एकड़ जमीन बेचकर प्राप्त करीब 1 करोड़ रुपए प्रधानमंत्री राहत कोष में देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने अपना पुश्तैनी घर 'मां शांति देवी पुस्तकालय' के नाम दान करने का भी ऐलान किया। यह पुस्तकालय ग्रामीण बच्चों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अनुकूल केंद्र बनेगा। यह काम करके राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहने के बाद बीजेपी में आए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बड़ी लकीर खींच दी हैं। बता दें कि 71 साल के मनोहर लाल अविवाहित हैं। उनका जन्म 5 मई, 1954 को रोहतक के बनियानी गांव में हुआ था। तब यह हिस्सा पंजाब में आता था। इसके बाद हरियाणा राज्य बनने पर यह हिस्सा नए राज्य में आ गया। दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ने वाले मनोहर लाल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विश्वासपात्र माना जाता है। नेताओं की संपत्ति को लेकर उठने वाले सवालों के बीच मनोहर लाल ने यह काम करके दूसरे नेताओं के सामने एक बड़ी लकीर खींच दी है।

## किसान हित में बड़े साहब का 'बड़ा' एक्शन!

'देसा मां देस हरियाणा, जित दूध दही का खाना' वाली कहावत से मशहूर म्हारे हरियाणा के किसान और जवान के साथ खिलाड़ी भी केवल देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक में मशहूर हैं। किसान, जवान और खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखकर केंद्र के साथ-साथ सूबे की सरकार भी कई योजनाएं चला रही है। इसी के चलते प्रदेश के बड़े साहब यानि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसान हित में बड़ा फैसला लिया है। दिपावली से महज कुछ घंटे पहले बड़े साहब ने हरियाणा के गन्ना किसानों को बड़ी सौगात देते हुए गन्ने के एमएसपी में बढ़ोतरी का काम किया, जिससे हरियाणा पूरे देश में गन्ने का सबसे अधिक दाम देने वाला राज्य बन गया। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री सैनी ने किसान हित को ध्यान में रखते हुए अपने काम में लापरवाही बरतने वाले कई मंडियों के अधिकारियों के खिलाफ बड़ा एक्शन लेते हुए उन्हें सस्पेंड करने का भी काम किया। हरियाणा की बागडोर संभालने वाले बड़े साहब की ओर से अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि किसी भी सूरत में अन्नदाता की अनदेखी को सहन नहीं किया जाएगा। अन्नदाता के हितों के साथ खिलवाड़ करने वाला चाहे कोई भी अधिकारी हो, उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

## मां तो मां होती है...

छोरा चाहे सीएम या फिर कुछ भी बन जाए, लेकिन मां तो मां ही होती है। बच्चे के प्रति मां की ममता कभी भी कम नहीं होती। ऐसा ही नजारा हाल ही में हरियाणा के बड़े साहब के अपने पैतृक गांव में पहुंचने पर दिखाई दिया। दअरसल, हाल ही में हरियाणा के बड़े साहब यानि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने पैतृक गांव मिर्जापुर पहुंचे तो उनकी मां कुलवंत कौर की आंखों में अलग ही चमक नजर आ रही थी। एक लंबे समय के बाद लाडले को अपनी आंखों के सामने देखकर उस भावुक क्षण में उनकी मां की आंखों की चमक देखते ही बन रही थी। गांव में पहुंचते ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी माता कुलवंत कौर एवं ताऊ तेजा राम सैनी के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री के अपने पैतृक गांव मिर्जापुर माजरा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों ने फूलों की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

# पुलिस हिरासत में महिला ने खुदकुशी का प्रयास किया

चंडीगढ़। शहर में बाला नामक एक सेंसी महिला ने पुलिस की हिरासत के दौरान विषैला द्रव्य पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस को उसके द्वारा आत्महत्या की कोशिश का तुरन्त पता चल जाने से उसे बचा लिया गया। प्राप्त समाचारों के मुताबिक बाला नामक 28 वर्षीय एक सेंसी। औरत जब सेक्टर 22 के एक मकान के ताले तोड़ कर वहां चोरी करने में मशरुफ थी तो आसपास के लोगों ने उसे रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस जब इस महिला से पूछताछ कर रही थी तो उसने बहाने से पेशाबघर में घुसकर वहां पड़ी फरनायल पी ली। लेकिन पुलिस को तुरन्त पता चल जाने पर उसे बचा लिया गया। पुलिस को इस महिला के पकड़े जाने पर शहर में हुई कई चोरियों की वारदातों को हल कर लिए जाने की उम्मीद है।

## खूंखार खाड़कू सुखविन्द्र, एक सब इंस्पैक्टर सहित 11 मरे

चंडीगढ़। पंजाब में गत रात्रि से विभिन्न घटनाओं में खूंखार खाड़कू सुखविन्द्र सिंह होमगार्ड के एक सब इस्पेक्टर सहित 11 लोग मारे गये। आज सुबह जालंधर जिला के गांव तंढी में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयं भू लेफ्टिनेंट जनरल सुखविन्द्र सिंह मारा गया। जबकि जगराओ पुलिस जिला के गांव चक्ककलां में दो अज्ञात खाड़कू सुरक्षा बलों ने मार गिराये। एक अन्य अज्ञात खाड़कू फरीदकोट जिला में मारा गया। पुलिस ने इसके पास से अनेक डेटीनेटर बरामद किये है। इसी दौरान खाड़कुओं ने मजीठा पुलिस जिला के गांव नगल जन में होमगार्ड के एक सब इंस्पैक्टर हरदेव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। जालंधर जिला के गांव मेहंदीपुर में खाड़कुओं ने सरपंच अजीन सिंह की हत्या कर दी। जगराओ पुलिस जिला में सवर्ण सिंह व मोहन सिंह नामक दो व्यक्तियों को खाड़कुओं ने मार डाला।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | |
|---|---|
| 1811- | सिलाई मशीन का आविष्कारक आइजैक मेरिट सिंगर का जन्म। |
| 1920- | भारत के पूर्व राष्ट्रपति के. आर. नारायणन का जन्म। |
| 1959- | पश्चिमी मेक्सिको में चक्रवाती तूफ़ान से कम से कम 2000 लोग मरे। |
| 1968- | मेक्सिको सिटी में 19वें ओलंपिक खेलों का समापन हुआ। |
| 1974- | महान भारतीय गणितज्ञ रामानुजम का निधन। |
| 1978- | मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात और इजरायल के प्रधानमंत्री मेनाचेम को शांति का नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया। |
| 1984- | भारत के प्रतिभाशाली आल राउंडर क्रिकेटर इरफ़ान पठान का जन्म। |
| 1987- | डॉन ब्रैडमैन के ज़माने के महान भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी विजय मर्चेन्ट का निधन। |
| 1995- | यूक्रेन में कीव स्थित चेननोबिल परमाणु संयुत्र सुरक्षा संबंधी खामियों के कारण पूर्णतः बन्द किया गया। |
| 1997- | एडिनबर्ग (स्काटलैंड) में राष्ट्रकुल शिखर सम्मेलन सम्पन्न। |
| 2001- | हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता प्रदीप कुमार का निधन। |
| 2003- | चीन में भूकम्प से 50,000 से अधिक लोग प्रभावित, बगदाद में बम धमाकों से 40 लोगों की मृत्यु। |
| 2004- | चीन ने विशालकाय क्रेन का निर्माण किया। फ्रांस के विदेश मंत्री माइकल वार्नियर दो दिवसीय भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुँचे। |
| 2008- | केन्द्र सरकार ने अख़बार उद्योग के पत्रकारों और ग़ैर पत्रकारों को अंतरिम राहत की अधिसूचना जारी की। |
| 2010- | खगोलविदों ने सबसे बड़ा तारा न्यूट्रॉन की खोज की थी। |
| 2017- | कातालूनिया की संसद ने स्पेन से आजादी संबंधी प्रस्ताव को मंजूर किया और सरकार को बर्खास्त करके नये चुनाव कराने के फैसले पर मोहर लगाई। |
| 2018- | दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना का निधन। |
| 2021- | उच्चतम न्यायालय ने पेगासस जासूसी मामले में जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बनाई। |
| 2021- | भारत ने 5,000 किलोमीटर तक मारक क्षमता वाली अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण किया। |

## बोल ब्यूटीफुल

**प्रियंका चतुर्वेदीः** इंदौर में आस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटरों के साथ छेड़छाड़ की घटना देश को शर्मसार करने वाली है। इस आर्थिक वृद्धि की दिशा में तो अग्रसर है लेकिन महिलाओं को सुरक्षा मुहैया कराने में निरंतर नाकाम साबित हो रहे है।



**तुषार गुप्ताः** पहले दो वनडे में कुलदीप को न खिलाने पर गौतम गंभीर की बहुत आलोचना हुई, पर जब स्पिन के मददगार सिडनी मैदान पर उन्हें खिलाया गया तो अक्षर, वाशिंगटन का प्रदर्शन उनसे बेहतर रहा। कुलदीप के विरुद्ध कोई दुराग्रह नहीं, लेकिन सच्चाई यही है कि बाकी दोनों बल्लेबाजी भी कर लेते है।

**अभिजीत अय्यर मित्राः** अदाणी समूह में मनमानी खरीदारी पर एक अमेरिकी अखबार के आरोपों को एलआइसी ने सिरे से खारिज किया। उम्मीद है कि एलआइसी इस अखबार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी करेगी।

# बिहार चुनावः मुद्दों एवं मूल्यों से दूर भागती राजनीति

बिहार में चुनावी रणभेरी बज चुकी है। हर दल अपने-अपने घोषणापत्र, नारों और वादों के साथ जनता को लुभाने में जुटा है। मंचों पर भाषणों की गरमी है, प्रचार रथ दौड़ रहे हैं, लेकिन इस शोर में सबसे बड़ी कमी है- जनता के असली मुद्दों की आवाज। राजनीति का यह शोर विकास की असली जरूरतों को दबा रहा है। बिहार जैसे राज्य में जहां गरीबी, बेरोजगारी, अपराध, और सामाजिक पिछड़ापन अब भी विकराल रूप में मौजूद हैं, वहां चुनावी विमर्श का इनसे विमुख होना चिंताजनक है। यह लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव का विरोधाभास ही नहीं, दुर्भाग्य है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर क्यों बिहार चुनाव में कोई भी दल उन मुद्दों को ईमानदारी से नहीं उठा रहा जो सीधे-सीधे जनता के जीवन से जुड़े हैं? क्यों शराबबंदी, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, अपराध-माफिया शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे वास्तविक सवाल राजनीतिक एजेंडे से गायब हैं?

बिहार में शराबबंदी एक बड़ा सामाजिक और राजनीतिक मुद्दा रहा है। यह मुद्दा केवल कानून का नहीं, बल्कि नैतिकता, सामाजिक सुधार और जनजीवन की स्थिरता से जुड़ा हुआ है। शराबबंदी की सफलता या विफलता को लेकर जनता के मन में अनेक प्रश्न हैं, क्योंकि इस नीति ने जहां कई परिवारों को विनाश से बचाया, वहीं भ्रष्टाचार, अवैध तस्करी और पुलिसिया मनमानी को भी जन्म दिया। दिलचस्प यह है कि इस बार के चुनाव में लगभग सभी प्रमुख दल इस मुद्दे से दूरी बनाए हुए हैं। एनडीए खेमे के नेता खुलकर इस पर बोलने से बच रहे हैं। केवल प्रशांत कुमार जैसे कुछ नेता हैं जो पूर्ण शराबबंदी की पुनः स्थापना का नारा उठा रहे हैं। यह सवाल उठता है, अगर शराबबंदी सचमुच जनता के हित में थी, तो सत्ता पक्ष इससे डर क्यों रहा है? क्या यह स्वीकारोक्ति है कि कानून तो बनाया गया, लेकिन उसका क्रियान्वयन असफल रहा? शराबबंदी क्यों जरूरी है, उस महिला से पूछिये, जिसकी बिछुए शराब पीने से लिये उसके पति ने बेच दी। ऐसी त्रासद घटनाएं बिहार के जन-जन में देखने को मिलती है।

वैसे तो हर एक का जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। हमारा हर दिन भी कई विरोधाभासों के बीच बीतता है। आज तो हमारी सारी नीतियों में, हमारे सारे निर्णयों में, हमारे व्यवहार में, हमारे कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। लेकिन बिहार चुनाव ऐसे विरोधाभास के कारण कथनी करनी के अंतर का अखाड़ा ही बनते हुए प्रतीत होते हैं। यही कारण है कि हमारे जीवन में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों का व्यवहार दोगला हो गया है। उनके द्वारा दोहरे मापदण्ड अपनाने से हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रहे हैं। चुनाव एवं चुनावी मुद्दे समस्याओं के समाधान का माध्यम बनने चाहिए, लेकिन वे समस्याओं को बढ़ाने का जरिये बनते रहे हैं। यही कारण है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महिला-सुरक्षा, अपराध-नियंत्रण की प्राथमिकता के नारे हमारे लिए स्वप्न ही बने हुए हैं।

ये तो कुछ नमूने हैं जबकि स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी हमें अहसास नहीं हो रहा है कि हम स्वतंत्र हैं। राजनीतिक विरोधाभासों और विसंगतियों से उत्पन्न समस्याओं से हम आजाद नहीं हुए हैं। हमारे कर्णधारों के चुनावी भाषणों में




आदर्शों का व्याख्यान होता है और कृत्यों में भुला दिया जाता है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि हम हर स्तर पर वैश्वीकरण व अपने को बाजार बना रहे हैं। अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हैं। पर हमने अपने आप को, अपने भारत को, अपने बिहार को, अपने पैरों के नीचे की जमीन को नहीं पहचाना। नियति भी एक विसंगति का खेल खेल रही है। पहले जेल जाने वालों को कुर्सी मिलती थी, अब कुर्सी पाने वाले जेल जा रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? पहले नेता के लिए श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। जिन्दा कौमें पांच वर्ष तक इन्तजार नहीं करतीं, हमने 15 गुना इंतजार कर लिया है। यह विरोधाभास नहीं, दुर्भाग्य है, या सहिष्णुता कहें? जिसकी भी एक सीमा होती है, जो पानी की तरह गर्म होती-होती 50 डिग्री सेल्सियस पर भाप की शक्ति बन जाती है। बिहार इस नियति से कब मुक्त होगा, यही इस चुनावों में विमर्श का सबसे बड़ा मुद्दा होना चाहिए।

बिहार की सबसे बड़ी त्रासदी बेरोजगारी है। लाखों युवाओं के पास न काम है, न अवसर। हर चुनाव में इस पर वादे किए जाते हैं, लेकिन परिणाम लगभग शून्य रहते हैं। प्रदेश के नौजवान पलायन को मजबूर हैं, मजदूरी के लिए दूसरे राज्यों का रुख करते हैं। चुनावी सभाओं में नौकरियों का झांसा तो मिलता है, लेकिन ठोस योजनाएं और नीतियां कहीं दिखाई नहीं देतीं। राजनीतिक दलों के पास न तो रोजगार सृजन की दीर्घकालिक योजना है, न शिक्षा और कौशल विकास को जोड़ने की कोई ठोस रणनीति। चुनावी भाषणों में 'बिहार के विकास' की बातें होती हैं, लेकिन युवा भविष्य की वास्तविक चिंता कहीं नहीं झलकती। बिहार में महिला सुरक्षा, अपराध और माफिया तंत्र का प्रश्न भी उतना ही ज्वलंत है। हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हुई है। भूमि विवादों, रंगदारी और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधियों की गतिविधियाँ अब भी जारी हैं। मगर किसी भी दल की ओर से इन पर कोई ठोस नीति या वचन नहीं दिखाई देता।

राजनीतिक दल जानते हैं कि इन विषयों पर बात करना असुविधाजनक है, क्योंकि यह सीधा शासन व्यवस्था की विफलता को उजागर करता है। इसलिए वे इन पर मौन साधे हुए हैं। अपराध और महिला सुरक्षा पर चुप्पी बताती है कि सत्ता प्राप्ति की हो? में संवेदनशीलता की कोई जगह नहीं बची है। बिहार की राजनीति आज भी जातीय समीकरणों और तुष्टिकरण की जकड़ में फंसी हुई है। विकास और सुशासन की बातें केवल नारों तक सीमित हैं। उम्मीदवार चयन से लेकर प्रचार तक, हर जगह जातीय गणित प्राथमिकता में है। परिणाम यह है कि मुद्दे हाशिये पर चले जाते हैं और वोट बैंक की राजनीति सर्वोच्च स्थान पा लेती है। विकास के नाम पर किए गए बड़े-बड़े दावे चुनाव बीतते ही धुंधले पड़ जाते हैं। गांवों में आज भी सड़कें टूटी हैं, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, और प्रशासनिक तंत्र भ्रष्टाचार से ग्रस्त है। ऐसे में जब राजनीतिक दल मुद्दों पर संवाद करने के बजाय केवल आरोप-प्रत्यारोप में व्यस्त हों, तो जनता का विश्वास कमजोर पड़ना स्वाभाविक है।

आज बिहार को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो चुनाव को जन-कल्याण के दृष्टिकोण से देखे, न कि केवल सत्ता प्राप्ति की दौड़ के रूप में। शराबबंदी, रोजगार, अपराध-मुक्ति, महिला सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दे बिहार राज्य की आत्मा हैं। इन्हें नजरअंदाज करना, बिहार के भविष्य को अंधेरे में धकेलने जैसा है। विकास का अर्थ केवल सड़कें और पुल नहीं, बल्कि मानव विकास है, जहां हर व्यक्ति सुरक्षित, शिक्षित, रोजगारयुक्त और सम्मानजनक जीवन जी सके। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि जनता अब केवल नारों से नहीं, परिणामों से प्रभावित होती है। बिहार चुनाव हमें यह सोचने पर विवश करता है कि क्या राजनीति अब केवल सत्ता का खेल बनकर रह गई है? क्या लोकतंत्र का मूल उद्देश्य जनसेवा-अब खो गया है? जब जनता के असली मुद्दे, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा और सामाजिक न्याय, चुनावी भाषणों से गायब हो जाएं, तब यह लोकतंत्र के क्षरण का संकेत है। जरूरत है कि राजनीतिक दल फिर से उन बुनियादी प्रश्नों पर लौटें, जिन पर बिहार का वर्तमान और भविष्य निर्भर करता है। यदि वे ऐसा नहीं करते, तो बिहार की जनता का यह चुनाव एक बार फिर केवल चेहरों और गठबंधनों का उत्सव बनकर रह जाएगा, जहाँ जनहित और जनसरोकार फिर से पीछे छूट जाएंगे। बिहार को नारों नहीं, नीतियों की राजनीति चाहिए और यह तभी संभव है, जब मुद्दों पर बात करने का साहस राजनीति में लौट आए।

सरकार के प्रयासों से तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा का हब बनकर उभर रहा हिमाचल

# रोजगार मेलों व कैंपस भर्तियों से 12,378 युवाओं को मिला रोजगार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की ओर अग्रसर है। वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल के दौरान राज्य में आयोजित किए गए रोजगार मेलों, संयुक्त प्लेसमेंट ड्राइव और कैंपस भर्तियों के माध्यम से 12,378 युवाओं को रोजगार मिला है। राज्य में अब तक 14,421 से अधिक छात्रों और 1,203 संकाय सदस्यों ने मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेज और स्टडी वेब ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल लर्निंग प्राप्त की है। तकनीकी और व्यावसायिक संस्थान अब केवल डिप्लोमा और डिग्री प्रदान करने तक ही सीमित नहीं हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में यह क्षेत्र रो?गार सृजन, औद्योगिक सहयोग, नवाचार और भविष्य के लिए कुशल युवाओं को तैयार कर रहा है।



व्यवस्था परिवर्तन की मुहिम के तहत वर्तमान सरकार द्वारा शुरू किए गए सुधारवादी निर्णयों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। वर्तमान में परंपरा-आधारित प्रशिक्षण से हटकर ए-आई आधारित अत्याधुनिक पाठ्यक्रमों का युवाओं को ज्ञान दिया जा रहा है। राज्य भर में 348 तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का एक म?बूत नेटवर्क कार्यरत है, जिसमें सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के इंजीनियरिंग कॉलेज, ?र्मेसी कॉलेज, पॉलिटेक्निक और आईटीआई संस्थान शामिल हैं। सुलह में सरकारी ?र्मेसी कॉलेज और जंडौर में सरकारी पॉलिटेक्निक की स्थापना गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा को विस्तार प्रदान कर रही है। तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों में भविष्योनमुखी पाठ्यक्रमों को शुरू किया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस, इलेक्ट्रिक व्हीकल टैक्नोलॉजी में एम.टेक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मेक्ट्रोनिक्स सहित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 19 आधुनिक व्यावसायिक ट्रेड शुरू किए गए हैं।

राज्य के तकनीकी शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय स्तर के अनुसार प्रशिक्षुओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जेएलएन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सुंदरनगर के चार स्नातक कार्यक्रमों को राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड द्वारा मान्यता प्रदान करना शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के सहयोग से 11 सरकारी आईटीआई संस्थानों में ड्रोन सेवा तकनीशियन प्रशिक्षण शुरू करना सरकार की भविष्योन्मुखी सोच को प्रदर्शित करता है। संस्थानों द्वारा 128 प्रशिक्षुओं को पहले ही प्रमाणित किया जा चुका है। राज्य के युवाओं के लिए ड्रोन इको सिस्टम तैयार किया जा रहा है। उद्योग-संस्थान संबंधों को मजबूत करने के लिए विभाग ने औद्योगिक भागीदारों के साथ 170 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे प्लेसमेंट और इंटर्नशिप के लिए एक प्रणाली तैयार हो रही है। एनएटीएस और एनएपीएस योजनाओं के तहत औद्योगिक टूर के माध्यम से प्रशिक्षुओं को औद्योगिक अनुभव प्रदान किया जा रहा है।

### 80.98 करोड़ से 50 आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेज के उपकरणों का उन्नयन

राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसके तहत एडीबी द्वारा वित्त पोषित हिमाचल प्रदेश कौशल विकास परियोजना के तहत, 80.98 करोड़ रुपये की लागत से 50 आईटीआई, एक पॉलिटेक्निक और एक इंजीनियरिंग कॉलेज की मशीनरी और उपकरणों का उन्नयन किया गया है जिससे लगभग 5,880 छात्र लाभान्वित हुए हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम, कंप्यूटर, बिजली की बचत करने वाले इनवर्टर, ऑन-ग्रिड सौर संयंत्र और सौर स्ट्रीट लाइट जैसी स्मार्ट सुविधाएं अनेक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में स्थापित की जा रही है। राष्ट्रीय केंद्रों और वैश्विक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों और छात्रों के क्षमता निर्माण को संस्थागत रूप दिया गया है।

केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत, 36 आईटीआई को 1.20 करो? रुपये की लागत से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम, 89 लाख रुपये की लागत से 10 आईटीआई की आईटी और कोपा प्रयोगशालाओं को 120 आधुनिक कंप्यूटरों से लैस किया गया, 37 आईटीआई में 1.66 करो? रुपये की लागत से 10 केवीए बिजली-बचत इनवर्टर, 36.75 लाख रुपये की लागत से तीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 25 किलोवाट के ऑनग्रिड सोलर प्लांट और 16 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में तकनीकी शिक्षा को ब?ावा देने के साथ 11.79 करो? रुपये की लागत से 9 वाट की 100 सोलर लाइटें लगाकर इन्हें ऊर्जा कुशल व हरित शिक्षण संस्थान बनाया गया है। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में अभूतपूर्व सुधार किए जा रहे हैं और इन सुधारों के फलस्वरूप प्रदेश के युवा कौशल संवर्धन कर रोजगार प्रदाता के रूप में स्थापित हो रहे हैं। तकनीकी संस्थान कौशल सृजन, रो?गार सृजन, नवाचार को ब?ावा देने और अर्थव्यवस्था को गति देने वाले संस्थानों में बदल रहे हैं।



# मनाली के शूरू में निजी काटेज में लगी आग

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 26 अक्तूबर।** पर्यटन नगरी मनाली से चार किमी दूर शूरू गांव में एक निजी काटेज के ऊपरी मंजिल में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। आसपास के लोग घटनास्थल की ओर भागे। सूचना मिलते ही मनाली से अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची।

टीम के पहुंचने तक आग ने काटेज को चारों ओर से घेर लिया था। अग्निशमन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक आग छह कमरे राख कर चुकी थी।

काटेज मनाली के पर्यटन कारोबारी ऋृषु राज वर्मा की है। आग लगने के समय उनका परिवार काटेज में नहीं था। काटेज में चौकीदार ही रह रहा था। अग्निशमन विभाग मनाली के प्रभारी शरणपत ने बताया कि आग से जानी नुकसान नहीं हुआ है। आग पर काबू पा लिया है। उन्होंने बताया कि आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि राजस्व विभाग को नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दे दिए है।

# गगरेट और शिववाड़ी में ग्रामीणों को दी आपदा जोखिम न्यूनीकरण और सुरक्षित भवन निर्माण की जानकारी

समर्थ कार्यक्रम के तहत सुरक्षित भवन निर्माण पर जन जागरूकता अभियान सम्पन्न

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना के ÷समर्थ 2025÷ कार्यक्रम के तहत आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षित भवन निर्माण को लेकर चलाया गया जन जागरूकता अभियान रविवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अभियान के दौरान सूचना एवं जन संपर्क विभाग से सूचीबद्ध आर.के. कला मंच चिंतपूर्णी के कलाकारों ने गगरेट और शिववाड़ी क्षेत्रों में ग्रामीणों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण तथा भूकंप-सुरक्षित भवन निर्माण की विभिन्न तकनीकों के बारे में जागरूक किया।

कलाकारों ने नाट्य एवं संवाद के माध्यम से ग्रामीणों को बताया कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान जान-माल के नुकसान को कम करने के लिए भूकंपरोधी मकान बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन में सामूहिक प्रयासों से ही प्रभावी परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इसलिए भवन निर्माण के समय ऐसी तकनीकों का उपयोग करें जो आपदा के समय अधिक सुरक्षित साबित हों।



उन्होंने ग्रामीणों को सुरक्षित भवन निर्माण की आवश्यक तकनीकी जानकारियाँ दीं, जिनमें उत्तम सीमेंट मोर्टार का उपयोग, क्षैतिज भूकंपरोधी बैंड का निर्माण, ईंट की दीवारों का सुदृढ़ीकरण, उद्घाटनों (दरवाजों व खिड़कियों) के पास जांब्स में खड़ी सुदृढ़ीकरण, पिलर निर्माण, पाइलिंग के सही तरीके, कंक्रीट की गुणवत्ता और नींव निर्माण में आवश्यक तत्वों का समुचित प्रयोग शामिल था। साथ ही यह भी आग्रह किया गया कि भवनों में किसी भी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन करने से पहले अभियंता या विशेषज्ञ की सलाह अवश्य लें, ताकि भूकंप जैसी आपदाओं से होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

# सीएम सुक्खू पर लगाया बड़सर के लोगों का मजाक और अपमान करने का आरोप

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर, 26 अक्टूबर।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन अग्निहोत्री, चमन ठाकुर और संजीव शर्मा ने ब?सर निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को निशाना बनाकर हाल ही में दिए गए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अपमानजनक बयानों की कड़ी निंदा की है। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह बयान कि बरसर के लोग ÷ईमानदारों के बजाय धोखेबाजों को चुनते हैं÷ बड़सर के मासूम लोगों की गरिमा और समझदारी का सीधा अपमान है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार के मुखिया की ऐसी अपमानजनक भाषा कांग्रेस सरकार की निराशा और अहंकार को दर्शाती है। उन्होंने कहा, ÷सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार हिमाचल प्रदेश के इतिहास में सबसे अक्षम और दिशाहीन सरकार साबित हुई है। जनता की असली समस्याओं को हल करने के बजाय, मुख्यमंत्री भाजपा सांसदों और केंद्रीय नेताओं पर आरोप लगाकर ध्यान भटका रहे हैं।



भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन अग्निहोत्री ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के अपने पिछले दौरे के दौरान राज्य के लिए तुरंत प्रभाव से ?1,500 करोड़ का अनुदान स्वीकृत किया था। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने हाल ही में 2023 की विनाशकारी बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने के बाद राहत और पुनर्निर्माण प्रयासों के लिए ?2,006.40 करोड़ की केंद्रीय सहायता राशि जारी की है। अग्निहोत्री ने कहा, ÷इससे पहले, 12 दिसंबर, 2023 को गृह मंत्रालय ने हिमाचल के लिए ह्ह्रक्रञ्ज से ?633.73 करोड़ भी स्वीकृत किए थे। मुख्यमंत्री को रैलियों में झूठे बयान देकर जनता को गुमराह करने के बजाय यह स्पष्ट करना चाहिए कि यह भारी केंद्रीय सहायता कहाँ खर्च की गई है।÷


चमन ठाकुर ने कहा कि सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार लोगों के कल्याण के लिए काम करने के बजाय मुख्यमंत्री के करीबी दोस्तों और रिश्तेदारों को फायदा पहुंचाने पर ज़्यादा ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि, ÷खराब योजना वाली नीतियों के कारण राज्य की वित्तीय स्थिति तेज़ी से बिगड़ रही है। सरकारी कर्मचारी, किसान और आम नागरिक सभी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, फिर भी प्रशासन मुख्यमंत्री के गुट को खुश करने में व्यस्त है। इस बीच, ब?सर विधानसभा क्षेत्र से सम्बन्ध रखने वाले भाजपा के ज़िला उपाध्यक्ष संजीव शर्मा ने ब?सर के लोगों को बेइज़्ज़त करने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ब?सर के रहने वालों को धोखेबाजों का समर्थक कहना न सिर्फ़ राजनीतिक रूप से गैर-ज़िम्मेदाराना है, बल्कि यह उनके आत्म-सम्मान का भी अपमान है। ÷क्या मुख्यमंत्री को लगता है कि ब?सर के लोग सही और गलत में फर्क करने के लिए समझदार नहीं हैं? लोग 2027 में कांग्रेस इस व्यव्हार के लिए करारा जवाब देंगे,÷ शर्मा ने कहा।

भाजपा नेताओं ने मिलकर मांग की कि मुख्यमंत्री सुक्खू अपने आपत्तिजनक बयान वापस लें और ब?सर के लोगों से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगें। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस सरकार के घमंड और असंवेदनशीलता के खिलाफ़ आवाज़ उठाती रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री 28 अक्तूबर को सोलन के प्रवास पर

**सोलन (यशपाल कपूर)।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 28 अक्तूबर, 2025 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं।



सुखविंद्र सिंह सुक्खू 28 अक्तूबर, 2025 को दोपहर 12.15 बजे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सायरी के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री तदोपरांत दोपहर 12.45 बजे मिनी स्टेडियम ममलीग में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बशील तथा वन विश्राम गृह सायरी घाट का लोकार्पण करेंगे। सुखविंद्र सिंह सुक्खू तत्पश्चात मिनी स्टेडियम ममलीग में ही राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल ममलीग की आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री तदोपरांत ममलीग के मिनी स्टेडियम में एक जनसभा को सम्बोधित भी करेंगे।

# सांस्कृतिक संध्याओं के लिए ऑडिशन 3 से

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव में सांस्कृतिक संध्याओं के लिए 3, 4 और 6 नवंबर को अंब कॉलेज में कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे। ऑडिशन 3 नवंबर को महाराणा प्रताप राजकीय कॉलेज अंब के सभागार में प्रातः 11 बजे से आरम्भ होंगे।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि ऑडिशन के लिए जिला लोक संपर्क अधिकारी ऊना की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। इसमें जिला भाषा अधिकारी ऊना, अंब कॉलेज की म्यूजिकल वोकल की सहायक प्रोफेसर तथा तहसीलदार अंब को सदस्य बनाया गया है। ये समिति सांस्कृतिक संध्याओं के लिए कलाकारों के ऑडिशन का जिम्मा देखेगी।

उन्होंने कहा कि नामी कलाकारों और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों व पुरस्कार विजेताओं को ऑडिशन से छूट रहेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए कलाकार एसडीएम कार्यालय अंब में आवेदन कर सकते हैं। ईमेल पते माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव एट दी रेट जीमेल डॉट कॉम पर भी आवेदन भेजे जा सकते हैं।



बता दें, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव इस वर्ष 14 से 16 नवंबर तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 26 से 28 सितम्बर तक अंब मैदान में आयोजित महोत्सव का प्रथम संस्करण अत्यंत सफल रहा था। इस आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों का मन मोहा, बल्कि इसे प्रदेश के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कैलेंडर में एक विशिष्ट पहचान भी दिलाई। महोत्सव ने आस्था और लोक-संस्कृति के समन्वय से एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक पहल के रूप में अपनी छाप छोड़ी।

# शृंखला पास टनल में पिछले 3 महीने से मजदूरों को नहीं मिला वेतन



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 26 अक्तूबर।** हिमाचल में 16580 फीट की ऊंचाई पर विश्व की सबसे ऊंचाई पर बनने जा रही शृंखला पास टनल प्रोजेक्ट परियोजना में पिछले कई महीनों से 300 मजदूरों को वेतन के लाले पड़ गए हैं। कार्य कर रहे मजदूरों ने कंपनी पर आरोप लगाया है कि कंपनी सभी मजदूरों का शोषण कर रही हैं। कंपनी के द्वारा मजदूरों को श्रम कानून के तहत वेतन नहीं दिया जा रहा है। अभी तक मजदूरों को पिछले दो-तीन महीने से वेतन के लाले पड़े हुए हैं। दिवाली पर भी मजदूरों को वेतन नहीं मिला जिसके चलते मजदूर हड़ताल पर बैठ गए हैं और मजदूरों ने कार्य कर रही कम्पनी का कार्य बंद कर दिया है।

मजदूरों का आरोप है कि कंपनी के अधिकारियों द्वारा सभी मजदूरों को घर जाने के लिए कहा जा रहा हैं। जिसके चलते हैं मजदूरों में भारी रोष पनपा है। और कार्य कर रही हिमालयन कम्पनी का उन्होंने कंपनी का कार्य बंद कर दिया है। ओर उन्होंने ये भी चेतावनी दी है कि जब तक मजदूरों के वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा कार्य बन्द रहेगा।

# गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को समर्पित प्रभात फेरियों से सोलन भक्तिमय हुआ



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** सखों के प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को समर्पित प्रभात फेरियों की गूंज आज पूरे सोलन शहर में सुनाई दी। जिले के विभिन्न गुरुद्वारों से रवाना हुई 12 प्रभात फेरियां आज श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में गुरुद्वारा सिंह सभा सपरून पहुंचीं, जहां पर संगत ने मिलकर गुरबाणी कीर्तन किया और गुरु नानक देव जी के बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इन प्रभात फेरिया में सभी धर्म के लोगों ने पर चढ़कर भाग लिया

इन प्रभात फेरियों में गुरुद्वारा सिंह सभा अपर बाजार, संगत साहिब गुरुद्वारा, नानक दरबार गुरुद्वारा, गुरुद्वारा साहिब सलोगड़ा, गुरुद्वारा साहिब धर्मपुर, गुरुद्वारा साहिब गड़खल, गुरुद्वारा साहिब सुबाथू, और गुरुद्वारा साहिब चंबाघाट गुरुद्वारा साहिब शाही की संगतों ने भाग लिया। सपरून पहुंचने पर सभी प्रभात फेरियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया और सभी के लिए लंगर का आयोजन किया गया।

गुरुद्वारा सिंह सभा सपरून के प्रधान गुरमीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 नवंबर को श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 2 नवंबर को बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता और पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे भाग ले सकेंगे। गुरमीत सिंह ने बताया कि 5 नवंबर को गुरुद्वारा साहिब सपरून में विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा, जिसके उपरांत लंगर सेवा भी की जाएगी। उन्होंने सभी गुरुद्वारों की संगतों का प्रभात फेरियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया।

जनसभा | लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री ने शिमला ग्रामीण के तहत पाहल में जनसभा को किया संबोधित

# केंद्र सरकार से हिमाचल को मिली 4500 करोड़ की वित्तीय सहायता : विक्रमादित्य सिंह

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण के तहत पाहल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले ढाई सालों में केंद्र सरकार से 4500 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दो विभागों को मिली है जिसमें लोक निर्माण और शहरी विकास विभाग शामिल है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हर संभव सहायता की है। उन्होंने कहा कि नवंबर माह में 1500 किलोमीटर सड़कों का जाल प्रदेश में बिछाने के लिए मंजूरी मिलने जा रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की सैकड़ों सड़कों का निर्माण होगा और प्रदेश के लाखों लोगों को लाभ पहुंचेगा।

उन्होंने कहा कि पाहल पंचायत में पिछले ढाई सालों में 22 लाख रुपए के विकास कार्य पंचायत में करवाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि बमौत लिंक मार्ग और चेवला-टबोग सड़क के लिए शीघ्र ही बजट का प्रावधान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम हर लक्ष्य को हासिल करेंगे। भले हमें लक्ष्य हासिल करने के लिए समय लग जाए लेकिन जो हमने लक्ष्य तय किए है वो हर हाल में पूरे होंगे। उन्होंने विधायक निधि से पंचायत को विकास कार्यों के लिए 05 लाख रुपए तथा स्कूल में रसोई घर निर्माण और शौचालय मरम्मत के लिए डेढ़ लाख रुपए देने की घोषणा की। स्कूली छात्राओं को सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए 11 हजार रुपए देने की घोषणा की।



**दो सड़कों का शिलान्यास, परीक्षा केंद्र का लोकार्पण :** कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पाहल पंचायत के तहत नाबार्ड के माध्यम से 13 करोड़ रुपए से बनने वाली नेहवट घैणी-देवीदार सड़क, नयासेर खड्डु पर पुल निर्माण, और 1.2 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले पाहल-बैला घाट-कोटला सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास किया। इसके अतिरिक्त, मंत्री ने राजकीय उच्च विद्यालय बमोत के परीक्षा केंद्र का लोकार्पण भी किया।

**कायना स्कूल में साइंस लेब का किया लोकार्पण :** लोक निर्माण मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कायना में साइंस लेब का लोकार्पण किया। समग्र शिक्षा अभियान के तहत बीएसएनएल ने करीब 22 लाख रुपए की लागत से उक्त लैब का निर्माण करवाया है। इसमें फिजिक्स, केमेस्ट्री और बायोलॉजी की लैब होगी।

उन्होंने कायना स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाने के लिए तुरंत एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में इस कार्य को अनुमति दी जाएगी। उन्होंने मिडिल स्कूल के तीन कमरों के निर्माण लिए 3.50 लाख रुपए देने की घोषणा की। पूर्व ब्लॉक कांग्रेस शिमला ग्रामीण अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पार्षद मोनिका भारद्वाज, स्थानीय पंचायत प्रधान जनोल जीत सिंह ठाकुर, उप प्रधान रोशन लाल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कायना प्रधानाचार्य विद्या बांशटू, जय लक्ष्मी, अंजना, वेग राम, धर्म प्रकाश ठाकुर, पंकज शर्मा, धारणा कटोच, रीता भारद्वाज, आशा, एक्सइन लोक निर्माण विभाग राजेश अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

### शिक्षा क्षेत्र में हो रहे व्यापक सुधार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि स्कूल में लैब स्थापित होने से बच्चों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेगी। इस स्कूल से क्षेत्र के बच्चों को काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 100 स्कूलों में सीबीएसई बोर्ड लागू किया जा रहा है। स्कूलों का प्रदेश भर में युक्तिकरण किया जा रहा है। बच्चों की संख्या के हिसाब से स्कूलों का भविष्य तय हो रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जा रहे हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र का अहम योगदान

उन्होंने कहा कि यहां पर फाइन आर्ट्स कॉलेज बनाने का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह को ही जाता है। वर्तमान मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कॉलेज का लोकार्पण डेढ़ साल पूर्व किया था। आज देश भर में इस कॉलेज की वजह से प्रदेश की अलग पहचान हो रही है।

## भाजपा चंडीगढ़ प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से की मुलाकात



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 26 अक्तूबर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा के दिशा निर्देश अनुसार भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक माननीय श्री गुलाब चंद कटारिया जी से राजभवन में भेंट की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश महासचिव श्री रामवीर भट्टी ने किया तथा उनके साथ प्रदेश सचिव श्री अमित राणा और श्री अमनदीप सिंह भी उपस्थित रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने माननीय प्रशासक को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें चंडीगढ़ में स्थानीय निर्माताओं और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए विशेष नीति प्रावधान करने का अनुरोध किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि चंडीगढ़ एक मॉडल शहर होने के नाते ÷वोकल फॉर लोकल÷ और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है।

प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिया कि छोटे एवं मध्यम स्तर के स्थानीय उद्योगों और निर्माताओं के लिए विशेष प्लेटफॉर्म और प्रचार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं, जिससे स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिले, आत्मनिर्भरता को बल मिले और नागरिकों का जुड़ाव स्वदेशी उत्पादों के साथ हो सके।

साथ ही, उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि विद्यालयों, कॉलेजों और सरकारी संस्थानों में भी स्थानीय उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए।

### डीसी सतपाल और डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने छठ पूजा महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

# छठ पूजा पर आज व कल उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़, 534 पुलिस कर्मचारी होंगे तैनात

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** घग्गर नदी के तट पर छठ घाट पहुंचकर 27 अक्टूबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय छठ पूजा महोत्सव पर मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूजा अर्चना करेंगे।

छठ पर्व के मद्देनजर दो दिन श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहेगी। ऐसे में पुलिस विभाग की ओर से 534 पुलिस कर्मचारियों को सुरक्षा के दृष्टिगत तैनात किया गया है। रविवार को तैयारियों का उपायुक्त सतपाल शर्मा ने जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

छठ पूजा को लेकर पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के नेतृत्व में जिला पंचकूला में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस क्रम में



डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने भी सैक्टर-21 स्थित घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि 27 और 28 अक्टूबर को छठ पूजा के अवसर पर विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार के श्रद्धालुओं के साथ-साथ चंडीगढ़, जीरकपुर, डेराबस्सी (पंजाब) और बद्दी, परवाणु (हिमाचल प्रदेश) के श्रद्धालुओं द्वारा जिला पंचकूला में स्थित घग्गर नदी तथा अन्य सरोवरों के किनारे मनाई जाएगी। इस दौरान श्रद्धालु सूर्यास्त और अगले दिन सूर्य उदय के समय घाटों पर इकट्ठा होकर पूजा-अर्चना करेंगे।

त्योहार के मुख्य आयोजन स्थल सैक्टर-21 घग्गर घाट तथा अन्य घाटों और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस ने विशेष सुरक्षा इंतजाम किए हैं। इस वर्ष कुल 534 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे और सभी एसीपी, थाना प्रभारी तथा चौकी इंचार्ज को अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पीने के पानी, लाइटिंग , सुरक्षा व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि श्रद्धालुओं, विशेष रूप से व्रती माताओं और बहनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## आईपीएस वाई पूरन कुमार के मामले में 30 नवंबर को होगी बड़ी सभा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार के अंतिम अरदास में रविवार को गुरुद्वारा नाडा साहिब के दीवान हॉल में मंत्रियों, नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उनकी पत्नी, आईएएस अधिकारी अमनीत पी. कुमार, उनकी दो बेटियों और उनके भाई अमित रतन, जो बठिंडा ग्रामीण से आप विधायक हैं, भी इस अरदास में शामिल हुए।

उधर, सीएम नायब सैनी और उनके राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी वाई पूरन कुमार के आवास पहुंचे और उन्होंने गहरा शोक व्यक्त किय।

हरियाणा की मंत्री श्रुति चौधरी, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला, पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान, पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, पूर्व मंत्री राज कुमार वेरका, पूर्व सांसद अशोक तंवर और कांग्रेस नेता उदित राज भी इस समारोह में शामिल हुए।

उदित राज ने संवाददाताओं को बताया कि इस मुद्दे पर 30 नवंबर को एक बड़ी सभा होगी और उन्होंने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के अधीन जांच की मांग करते हुए कहा कि उन्हें यूटी पुलिस की जांच पर भरोसा नहीं है। हरियाणा के एएसआई की आत्महत्या के मामले में, उन्होंने वायरल हुए वीडियो पर संदेह जताया। पंजाब विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इसमें शामिल लोगों को दंडित किया जाना चाहिए और उन्हें न्याय मिलना चाहिए। अशोक तंवर ने कहा कि परिवार को न्याय दिलाने के लिए उचित जांच होनी चाहिए। 2001 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी ने 7 अक्टूबर को सेक्टर 11 स्थित अपने निजी आवास पर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली थी।

# निफ्ट में बेटी की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री से गुहार, महिला आयोग ने लिया संज्ञान

असामाजित तत्वों द्वारा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ व अभद्र टिप्पणी करने का मामला पुलिस प्रशासन के संज्ञान में आया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** शहर के सेक्टर 23 स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ( निफ्ट) में देश के विभिन्न राज्यों से पढ़ाई के लिए आई छात्राओं की सुरक्षा के लिए पंचकूला पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी। दरअसल, एक पिता ने संस्थान में पढ़ रही बेटी की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री तक को गुहार लगानी पड़ी। जिसके बाद महिला आयोग को इसका संज्ञान लेना पड़ा। संस्थान के बाहर सुनसान इलाका होने से छात्राओं में भय का माहौल देखा जा रहा था।

पंचकूला के सैक्टर-23 स्थिति निफ्ट शिक्षण संस्थान के आस-पास कुछ असामाजित तत्वों द्वारा छात्राओं



के साथ छेड़छाड़ व अभद्र टिप्पणी करने का मामला पुलिस प्रशासन के संज्ञान में आया था। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने तुरंत कार्रवाई के आदेश जारी करते हुए स्पष्ट कहा कि छात्राओं की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है तथा विशेष बाइक राइडर तैनात किया गया है। दुर्गा शक्ति रैपिड फोर्स की चार सदस्यीय टीम, जिनमें दो महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं, रोजाना क्षेत्र में गश्त कर रही है।

महिला थाना प्रभारी राजेश कुमारी और चंडीमंदिर थाना प्रभारी रामपाल द्वारा छात्राओं, आस-पास के दुकानदारों, सुरक्षा स्टाफ तथा वार्डनों से मिलकर हालात का जायजा ले रहे हैं और उन्हें भरोसा दिला रहे हैं कि पुलिस हर समय साथ खड़ी है। पार्किंग एरिया, कैफे तथा भीड़भाड़ वाले अन्य पॉइंट्स पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है। छात्राओं को जागरूक करते हुए यह भी कहा गया है कि किसी भी प्रकार की अशोभनीय टिप्पणी या हरकत की स्थिति में तुरंत 112 पर सूचना दें, पुलिस तुरंत पहुंचेगी। महिला थाना प्रभारी ने निफ्ट की छात्राओं के साथ 'सुरक्षित संगिनी' व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जुड़कर उनको यह भरोसा दिलाया है कि जरूरत पड़ने पर पुलिस महज कॉल नहीं, बल्कि एक दोस्त की तरह उपलब्ध रहेगी।

### छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

इंडियन नेशन लोकदल पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष पंचकूला शहरी मनोज अग्रवाल ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से निफ्ट में पढ़ने वाली छात्राएं तथा उनके अभिवाहक अपनी बेटियों की सुरक्षा के प्रति चिंतित हैं। यहां तक कि एक पिता को अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री तक से गुहार लगानी पडी है। महिला आयोग को संज्ञान लेना पड़ा। इससे ना केवल पंचकूला पुलिस, प्रशासन के सुरक्षा के झूठे दावों की पोल खुली है बल्कि पंचकूला की जनता भी शर्मसार हुई है। हैरानी की बात है कि निफ्ट में छात्रावासों, कालेज परिसर, मुख्यद्वार तक पर कैमरे तक नहीं लगवाए गए हैं। मात्र एक दो सुरक्षा गार्डों के भरोसे ही छात्राओं की सुरक्षा टिकी हुई है। मनोज अग्रवाल ने जिला के सभी कालेजों में पीसीआर तैनात करने, पुलिस गश्त बढाने तथा छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग करते हुए मनचलों तथा असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने की मांग की।

*हरियाणा महिला आयोग ने भी निफ्ट छात्राओं की सुरक्षा के मुद्दे पर संज्ञान लिया है। आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने बताया कि सोमवार को वह छात्राओं से बात करेंगी। साथ ही पंचकूला पुलिस और निफ्ट मैनेजमेंट से यह जानकारी ली जाएगी कि छात्राओं की सुरक्षा के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं।*

## डीजीपी ने सड़क पर घायल पड़े युवक को किया एस्कॉर्ट

बोले घायल की मदद का सबका प्राथमिक कर्तव्य

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** बरवाला मार्ग पर आईटीबीपी भानु के नजदीक हाइवे पर जख्मी हालत में पड़े घायल को हरियाणा के डीजीपी ओपी सिंह ने एस्कॉर्ट करते हुए तुरंत अस्पताल पहुंचाया। घायल हुए मोटरसाइकल चालक मनीमाजरा के रहने वाले वीर बहादुर की हालात स्थिर बताई गई।

रविवार दोपहर के समय हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओ.पी. सिंह अपने एस्कॉर्ट वाहन के साथ पंचकूला से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि आइटीपी भानु, पंचकूला के पास एक बाइक और कार की आपस में भिड़ंत हो गई है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए डीजीपी और उनके साथ मौजूद पुलिस टीम ने तुरंत पहल करते हुए घायल व्यक्ति को



अपने निजी एस्कॉर्ट वाहन की मदद से सैक्टर-6 स्थित सामान्य नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

घटना की जानकारी पाते ही डीजीपी ओ.पी. सिंह ने डीसीपी पंचकूला, सृष्टि गुप्ता को फोन कर पूरे मामले से अवगत करवाया। डीजीपी ने घायल की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और साथ ही सभी नागरिकों से अपील की कि सड़क दुर्घटना होने पर सबसे पहले घायल को तुरंत अस्पताल पहुँचाना प्राथमिक कर्तव्य है। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि सहायता करने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वारा कोई सवाल-जवाब नहीं किया जाएगा।

डीजीपी ने इस अवसर पर यह भी संदेश दिया कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और सहायत करने की भावना को समाज में मजबूत करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि किसी भी सड़क दुर्घटना में संकोच न करें और घायल की जान बचाने के लिए तुरंत कार्रवाई करें। पुलिस विभाग ने इस घटना को एक प्रेरक उदाहरण के रूप में पेश किया है, जिससे न केवल पुलिस की तत्परता दिखती है, बल्कि समाज में मानवीय मूल्यों और सहायता की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।

## न्यूज ब्रीफ

### नयागांव में भगवान विश्वकर्मा दिवस मनाया



**न्यू- चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** जयंती मोटरस के सर्विस स्टेशन नाडा रोड तेजा मारकिट नयागांव में रविन्द्र ने बाबा विश्वकर्मा की पूजा करके मनाया भगवान विश्वकर्मा दिवस । रविन्द्र ,हरप्रीत सिंह भोला टिवाना ,राजू ,आजाद सिंह आदि ने बताया कि यह त्यौहार मुख्य रूप से शिल्पकारों, कारीगरों, और व्यावसायिकों द्वारा अपनी मशीनों, औजारों और कार्यस्थल की सफलता और सुरक्षा के लिए की जाती है। इस दिन भगवान विश्वकर्मा को फ्दुनिया के पहले इंजीनियरफ् और फ्देवताओं के वास्तुकारफ् के रूप में पूजा जाता है, जिन्होंने स्वर्गलोक, द्वारका और हस्तिनापुर जैसे निर्माण किए थे। इस दिन को विश्वकर्मा जयंती भी कहा जाता है। रविन्द्र ,हरप्रीत सिंह भोला टिवाना ,राजू ,आजाद सिंह आदि ने बताया कि इस दिन लोग भगवान विश्वकर्मा से अपने काम में तरक्की, सुरक्षा और सफलता की प्रार्थना करते हैं। यह त्योहार आधुनिक औद्योगिक प्रगति और श्रम के महत्व को भी रेखांकित करता है। इस दिन पूजा स्थल पर भगवान विश्वकर्मा और भगवान विष्णु की मूर्तियां स्थापित की जाती हैं। उन्हें कुमकुम, अक्षत, फूल, फल और मिठाई अर्पित की जाती है। इसके बाद, भगवान विश्वकर्मा के औजारों और मशीनों पर भी तिलक और फूल चढ़ाए जाते हैं। पूजा के बाद रविन्द्र ,हरप्रीत सिंह भोला टिवाना, राजू, आजाद सिंह आदि ने लंगर व प्रसाद का भी प्रबंध किश था ।

### तीन बसों समेत 8 बाइक चालकों के काटे चालान

**पंचकूला।** ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को नियमों का उल्लंघन कर रहे 3 बस चालकों समेत 8 मोटरसाइकिल के चालान किए, जिनमें एक बस चालक को 18 हजार और एक बाइक चालक को 23 हजार का जुर्माना लगाया गया। डीसीपी ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में बरवाला क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक अनुशासन को ध्यान में रखते हुए व्यापक कार्रवाई की गई। माजरी चौक पर सिटी ट्रैफिक एसएचओ वरिन्द्र कुमार की अगुवाई में तीन प्राइवेट बसों का चालान किया गया जिसमें एक बस का चालान 18 हजार रुपये का काटा गया। यह कार्रवाई सुरक्षा मानकों और आवश्यक दस्तावेजों की अनुपस्थिति के चलते की गई। इसके अलावा आज शहर में विभिन्न प्रकार के यातायात उल्लंघनों के चलते कुल 240 ऑनलाइन चालान भी जारी किए गए। डीसीपी ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों की उल्लंघना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा है कि सड़क सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। नियमों का पालन करना अनिवार्य है वरना चालान भुगतना होगा। उधर, अभियान का संचालन सुरजपुर ट्रैफिक एसएचओ की अगुवाई में बरवाला मार्केट एरिया में किया गया जहां टीम ने बिना नंबर प्लेट चलाए जा रहे दोपहिया वाहनों की जांच की। इस दौरान कुल 8 चालान जारी किए गए, जिनमें गंभीर उल्लंघन के मामले में एक बाइक का 23,000 रुपये का चालान काटकर उसे मौके पर ही इंपाउंड कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान मार्केट क्षेत्र में अनियमित पार्किंग और सड़क कब्जे से लगने वाले जाम की समस्या पर भी सख्त रुख अपनाया गया।

## MCC कर्मचारियों के लिए 1 नवंबर से आधार-आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम अनिवार्य होगा

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 26 अक्टूबर।** अमित कुमार, आईएएस, कमिश्नर, नगर निगम चंडीगढ़ के निर्देशों के तहत, सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की कुशल और पारदर्शी हाज़िरी प्रबंधन के लिए 1 नवंबर 2025 से नगर निगम चंडीगढ़ के सभी विभागों और इकाइयों में चेहरे पहचान आधार-आधारित बायोमेट्रिक हाज़िरी प्रणाली लागू की जाएगी।

यह पहल, हाजिरी दर्ज करने के लिए व्यक्तिगत स्मार्टफोन के माध्यम से चेहरे पहचान का उपयोग अनिवार्य करती है, जिससे एक आधुनिक, सटीक और उत्तरदायी हाज़िरी प्रणाली सुनिश्चित होगी।

कमिश्नर, एमसीसी श्री अमित कुमार, आईएएस, ने AEBAS प्रणाली की प्रगति और संचालन की समीक्षा की और सख्त पालन के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए। यह देखा गया कि MCC के 10,930 कर्मचारी वर्तमान में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित बायोमेट्रिक हाज़िरी पोर्टल पर सक्रिय और पंजीकृत हैं। जिन अधिकारियों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, उन्हें बिना किसी देरी के सात दिनों के भीतर अपना पंजीकरण पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

कमिश्नर के निर्देशों के अनुसार, सभी MCC कर्मचारियों, जिसमें नियमित, संविदा, आउटसोर्स और फील्ड स्टाफ शामिल हैं, के लिए **व्यक्तिगत स्मार्टफोन पर मोबाइल अनुप्रयोग AadhaarBAS या AadhaarFaceRD का उपयोग करके**, या निर्धारित स्थानों पर स्थापित बायोमेट्रिक मशीनों के माध्यम से हाज़िरी दर्ज करना अनिवार्य है। यह भी आदेश दिया गया है कि सभी कर्मचारियों का वेतन 01.11.2025 से उनके बायोमेट्रिक हाज़िरी रिकॉर्ड से सीधे जुड़ा होगा।

आईटी शाखा, स्क्ष्ष्ट ने सुचारू और समान कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए हर विभाग, शाखा और इकाई के सभी मुख्य अधिकारी / संपर्क बिंदु (के लिए पहले ही व्यापक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए हैं। कमिश्नर ने सभी नोडल अधिकारियों / स्क्ष्ष्ट / पर्यवेक्षकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि उनके नियंत्रण में प्रत्येक कर्मचारी बिना किसी अपवाद के प्रतिदिन हाजिरी दर्ज करे।

## रोलर हॉकी और स्पीड मुकाबले के विजेता सम्मानित

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के 400 से अधिक स्केटर्स स्टेट स्केटिंग चैंपियनशिप में भाग ले रहे है। शनिवार को रोलर हॉकी और स्पीड स्केटिंग के मुकाबले आयोजित किए गए। रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष तुलसी राम अग्रवाल ने विजेताओं को पदक प्रदान किए। इस अवसर पर एशियन रोलर हॉकी चैंपियनशिप के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

चैंपियनशिप का आयोजन 25 से 28 अक्टूबर तक किया जा रहा है। हॉकी के मुकाबले सेक्टर 10 के स्केटिंग रिंक तथा स्पीड के मुकाबले पंचकूला में बने 200 मीटर के स्केटिंग ट्रैक पर आयोजित किए जा रहे है। रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष तुलसी राम अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि इस चैंपियनशिप के आधार पर ही नेशनल स्पीड स्केटिंग तथा नेशनल रोलर हॉकी चैंपियनशिप तथा अन्य इवेंट के लिए चंडीगढ़ की टीम का चयन किया जाएगा। तुलसी राम अग्रवाल के अनुसार केवल उन्हीं स्केटर्स को नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने दिया जाएगा जो इस स्टेट चैंपियनशिप में भाग ले रहे है। इस चैंपियनशिप में भाग लिए बिना कोई भी स्केटर हॉकी या स्पीड में नेशनल चैंपियनशिप में भाग नहीं ले सकता। चैंपियनशिप के बाद चंडीगढ़ की टीम घोषित की जाएगी।

एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी हरप्रीत सिंह के अनुसार चैंपियनशिप का आयोजन रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार किया जा रहा है।

6-8 वर्ष आयु वर्ग (लड़के) की 1000 मीटर रिंक रेस में विराट नारवाल ने स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि अधिराज राय ने रजत और वेदांश शारदा ने कांस्य पदक जीता। इसी आयु वर्ग की लड़कियों की श्रेणी में हार्सी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि अवनीत को रजत और श्रिष्टि को कांस्य पदक मिला। 8-10 वर्ष आयु वर्ग में लड़कों की रिंक रेस में गर्व राय ने स्वर्ण, कुंज वशिष्ठ ने रजत और मनवीर सिंह ने कांस्य पदक जीता।

कार्रवाई | सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन की शिकायत पर हरकत में आया नगर निगम

# स्कूल साइट पर था मिनी डंपिंग ग्राउंड, रेजिडेंट्स के आपत्ति जताते ही निगम कर्मियों ने कर दी सफाई

अर्थ प्रकाश/ आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** सेक्टर 21 में एक प्राइवेट स्कूल की खाली पड़ी साइट काफी दिनों से जमा हो रहे कचरे से डंपिंग राउंड में तब्दीत हो चुकी थी। शनिवार को सेक्टर वासियों कि आपत्ति जताने के कुछ ही समय बाद निगम ने जगह कि साफ सफाई शुरू कर दी। स्थानों निवासियों का कहना था कि नगर निगम के कर्मचारियों की तरफ से यहां कचरा गिराया जा रहा है, जिसे लोग परेशान होकर खुद साफ कर रहे हैं। हालांकि, निगम अधिकारियों ने इस बात से इनकार किया और आरडब्ल्यू से भविष्य में सहयोग की बात कही।

सेक्टर 21 में स्कूल साइट पर फैली इस बदहाली से परेशान होकर रेजिडेंट्स ने कल्याणकारी संघ सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन को अपनी शिकायत देकर इस समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की।



स्कूल साइट पर कूड़ा।



शिकायत के बाद साफ।

एसोसिएशन के अध्यक्ष एसके नैय्यर ने बताया कि सेक्टर 21 की मार्किट के सामने स्कूल की खाली पड़ी जमीन पर काफी दिनों से कचरा गिराया जा रहा। कचरे से उठती दुर्गंध से लोकल रेजिडेंट्स परेशान हैं। बताया जा रहा था कि निगम ने इस साइट को गार्बेज कलेक्शन सेंटर बना रखा था। वहीं दिन भर कचरा भरा होने से दुकानदारों और खरीदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, कचरा पड़ा होने से लोग भी यहां कूड़ा करकट डाल देते हैं। जब उन्होंने नगर निगम के अधिकारी से इस संबंध में बात की तो उन्होंने जल्द इस साइट को साफ करवाने की बात कही। नैयर ने कहा कि रेजिडेंट्स ने यह भी आपत्ति जताई कि नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा यहां कचरा गिराया जाने के बाद साफ नहीं किया जाता। पंचकूला नगर निगम को पहले भी लोग शिकाय कर चुके हैं लेकिन कोई असर नहीं हुआ। उधर, निगम अधिकारी ने इस बात से इनकार किया कि खाली जगह में लोग कचरा डाल रहे हैं और निगम कर्मचारियों को इसे साफ करने को बोला गया है।

### 4 करोड़ पर खर्च करने के बावजूद जगह-जगह गंदगी के ढेर

**पंचकूला (सुनील सिंघई)।** जननायक जनता पार्टी के पंचकूला जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने कहा है कि पंचकूला जैसा सुन्दर एवं स्वच्छ शहर आज नगर निगम के अधिकारियों एवं जन-प्रतिनिधियों के निकम्मेपन के कारण स्वच्छता के मामले में एक दोयम दर्जे का शहर बन कर रह गया है । ओ पी सिहाग ने यह आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम पंचकूला लगभग 4 करोड़ रुपये हर महीने खर्च कर रहा है, पहले के मुकाबले स्टाफ बढ़ा है गाड़ियों की संख्या बढ़ी है पर शहर की सफाई व्यवस्था में कोई सुधार होने के बजाय पूरे शहर में जगह-जगह पड़े कूड़े के ढेरों में अवारा पशु एवं कुते मुहँ मारते दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के महापौर एवं अधिकारियों द्वारा इस बारे किए गए लम्बे चौड़े वादे केवल वादे बन कर रह गए हैं जमीनी हकीकत बिल्कुल इसके विपरित है। जजपा जिला अध्यक्ष सिहाग ने कहा कि कल उन्होंने पूरे शहर का सफाई को लेकर स्थिती देखने के लिए दौरा किया था उन्होंने हर वार्ड में कूड़े के ढेर देखे जिसमें हवा में उड़ते हुए पॉलिथीन के लिफाफे सारे शहर वासियों को मुंह चिढ़ा रहे थे। उन्होंने कहा जब नगर निगम ने लगभग 1.25 करोड़ रुपये प्रति महीना पंचकूला के हर घर तथा प्रतिष्ठान से कूड़ा सैगरिगैशन करके उठाने बारे अलग से टेन्डर दे रखा है तो इतनी बड़ी मात्रा में कूड़ा सडकों पर या गलियों में आना ही नहीं चाहिए।



# विकसित भारत का आह्वान, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता ही राष्ट्र समृद्धि का मूल मंत्र: डॉ. अरविंद शर्मा

मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए सहकारिता मंत्री

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। रविवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा गन्नौर के वार्ड 11 स्तिथ बूथ संख्या 92 पर शिव मंदिर पहुंचे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 127वें संस्करण को भाजपा पदाधिकारियों व आमजन के साथ सुनने पहुंचे थे। इसके उपरांत उन्होंने प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की प्रदेश सरकार 11 सालों से आम आदमी का भरोसा भारतीय जनता पार्टी व सरकार पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में दुनिया में 11वीं अर्थव्यवस्था भारत आज दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। वह दिन दूर नहीं जब भारत पहले स्थान की अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यवस्था को आमजन के लिए सरल बनाते हुए इस व्यवस्था में बिचौलिए से लेकर भ्रष्टाचार को खत्म करने का काम किया है। हम सब जानते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। उनका मानना है विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का मार्ग आत्मनिर्भरता से होकर जाता है। यही हम सब भारतीयों के स्वाभिमान सामर्थ्य और संकल्प का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारो के माध्यम से भारतीय बाजार, स्थानीय दुकानदार, कारीगर, उद्यमियों को स्वदेशी अभियान के साथ जोड़ते हुए करोड़ों आमजन को सीधा लाभ देने का काम किया है। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा स्वदेशी का विचार हमारे लिए नया नहीं है, यह हमारी स्वतंत्रता का आधार रहा है।आज हमें मिलकर यह संकल्प लेना है कि हम स्वदेशी अभियान और आत्मनिर्भरता के कदमों के साथ देश को विकसित भारत बनाने में भरपूर योगदान देंगे। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण हो या काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का जीर्णोद्धार हो, उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण हो या केदारनाथ का पुनर्निर्माण हो, यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का पुनर्जागरण है। आज आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में हरियाणा प्रदेश अपनी पूरी शक्ति के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में योगदान दे रहा है। उन्होंने प्रबुद्ध जनों से आह्वान किया कि वह स्वदेशी उत्पादों को खरीदने व उनकी बिक्री को बढ़ावा दें, ताकि मेक इन इंडिया को मेक फॉर द वर्ल्ड बनाने में सबका योगदान रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एवं गन्नौर से वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, विधायक देवेन्द्र कादयान, माईराम कौशिक, आजाद सिंह नेहरा, जिला महामंत्री नीरज ठरू, नगर परिषद चेयरपर्सन अरुण त्यागी, मण्डल अध्यक्ष अजय जैन, संजय गौतम, श्रवण कौशिक, गौरव कामरा, भूषण हसीजा, तरुण देवीदास समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान ही हमारे संस्कारों का प्रतीक: कृष्णा गहलावत

एथनिक इंडिया टूरिस्ट रिज़ॉर्ट, राई में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। रविवार को जीटी रोड़ स्थित एथनिक इंडिया टूरिस्ट रिज़ॉर्ट, राई में विधायक कृष्णा गहलावत द्वारा वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

उन्होंने इस समारोह को समाज की अमूल्य धरोहर अनुभव और संस्कारों के प्रतीक वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित करते हुए कहा कि यह दिन मेरे लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का दिन है, विधायक श्रीमती कृष्णा गहलावत कहा ने अपने संबोधन में कहा कि बुजुर्ग समाज और परिवार को मार्गदर्शन देते हैं, जिसके कारण परिवार, समाज और राष्ट्र को नई दिशा मिलती है। आज हमारे घरों में जो खुशहाली है, वह हमारे बुजुर्गों के आशीर्वाद और परिश्रम की ही देन है। सहकारिता मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा ने राई विधायक कृष्णा गहलावत को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने आज वरिष्ठ नागरिक अभिनंदन समारोह के माध्यम से यह दर्शा दिया कि भारतीय जनता पार्टी परिवार से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति अपनी विरासत का कितना बड़ा सम्मान रखना है।

उन्होंने कहा कि मां बाप का सम्मान जो करता है उसे भगवान सब कुछ देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में हमारी धरोहर हमारे बुजुर्गों का सम्मान हमें जल्दी ही लक्ष्य की और लेकर जाएगा उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक स्वदेशी का इस्तेमाल करें और भारतीय बाजार भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएं।कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानस्वरूप 157 कंबल वितरित कर उनके स्वस्थ जीवन की मंगल कामना की गई। इस अवसर पर नगर निगम सोनीपत महापौर राजीव जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक, भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, हरियाणा गौसेवा आयोग के सदस्य राकेश मलिक, पूर्व भाजपा अध्यक्ष जसबीर दोदवा, तीर्थ राणा, नगरपालिका कुंडली चैयरपर्सन शिमला देवी, सुनिता लौहचब, जेपी रेवली, बबिता दहिया, योगेश जठेड़ी, अरूण चौहान, जयपाल आंतिल, शेखर आंतिल, के साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं सैकड़ों की संख्या में बुजुर्ग शामिल हुए।

# हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति का त्रिवार्षिक सम्मेलन संपन्न



अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा।** खंड के गांव राक्सेड़ा में रविवार कों हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति का त्रिवार्षिक सम्मेलन जिला प्रधान शीतल की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दौरान सदस्यों द्वारा पिछले 3 वर्षो के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ज्ञान -विज्ञान समिति के जिला उप प्रधान सतीश चौहान ने कहा कि ज्ञान-विज्ञान आंदोलन जन भागेदारी द्वारा वैज्ञानिक चेतना , शिक्षा तथा सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध सामाजिक जागरुकता द्वारा बेहतर समाज बनाने के लिए एकजुट होकर काम करेगा। इस अवसर पर 15 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया , जिसमें सर्वसम्मति से संजय खान को प्रधान , सोहेल खान को उप प्रधान , शीतल को सचिव , संजय सैनी को उप सचिव व मीना को कोषाध्यक्ष चुना गया। सभी सदस्यों ने एक जुट होकर समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शिक्षा के प्रसार का आहवान् किया।इस अवसर पर गांव के ब्लॉक समिति सदस्य सतनाम सिंह ने सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कदम गांव के बौद्धिक और सामाजिक विकास के लिए एक नई शुरुआत साबित होगा।

सम्मेलन में शामिल प्रमुख सदस्यों में हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के जिला सचिव वेदपाल, फिरोज, बिलाल, संदीप अहलावत, सुधा , निर्मल सहित महिलाएँ व पुरुष उपस्थित रहे। सभी ने नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए ज्ञान-विज्ञान इकाई की गतिविधियों को और अधिक प्रभावशाली बनाने का संकल्प लिया।

## भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पलवल में 52 पालों के कार्यक्रम में सामाजिक एकजुटता की सराहना की, बोले-

# पालों का इतिहास शक्ति व भाईचारे का प्रतीक, समाज को मजबूत करने में अग्रणी

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



पलवल। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज पलवल में 52 पालों के विशाल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक संगठन और आयोजकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि 52 पालों का इतिहास शक्ति, भाईचारे और सामाजिक प्रगति का प्रतीक रहा है, जिसने सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने और क्षेत्र को आगे बढ़ाने में सदा अग्रणी भूमिका निभाई है।

हुड्डा ने कहा कि पालों का इतिहास बताता है कि ये संगठन ना तो अंग्रेजों के सामने झुका और ना ही मुगलों के सामने। हर चुनौती का इसने एकजुटता और ताकत के साथ सामना किया।

उन्होंने कहा आज भी यदि यह क्षेत्र इस परंपरा को आगे बढ़ा रहा है, तो यह निश्चित रूप से बधाई का पात्र है। जितनी मजबूत पाल होंगी, उतना ही मजबूत क्षेत्र होगा। हुड्डा ने पालों के साथ, खाप और सर्व खाप पंचायतों का उदाहरण देते हुए कहा कि इस तरह के सामाजिक संगठन समाज को एकजुट रखने और न्यायिक व्यवस्था को बनाए रखने में हमेशा प्रभावी सिद्ध हुए हैं। पालों का इतिहास दर्शाता है कि जब भी कोई मुद्दा उनके संज्ञान में आता है, तो उनके प्रयास हमेशा न्याय की दिशा में आगे बढ़ते हैं।

# किसी भी शिक्षण संस्थान के पूर्व विद्यार्थी संस्थान की जीवंत पहचान होते हैं: डा. बलदेव सेतिया

अर्थ प्रकाश /अर्पण वधवा

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती से संबद्ध व हिन्दू शिक्षा समिति द्वारा संचालित श्रीमद भगवत गीता प्राथमिक विद्यालय बालघर में रविवार को स्मृतियों की पुनर्गम पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम तिलक के साथ सभी का स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि (विद्यालय के पूर्व छात्र) डा. बलदेव सेतिया (प्रोफेसर एनआईटी), मुख्य वक्ता डा. ममता चावला (असिस्टेंट प्रोफेसर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी), चेतराम शर्मा (हिंदू शिक्षा समिति उपाध्यक्ष एवं विद्यालय प्रांत प्रतिनिधि), प्रबंध समिति अध्यक्ष सतपाल शर्मा, उपाध्यक्ष केवल कृष्ण, प्रबंधक जीवन मौदगिल, कोषाध्यक्ष धीरज गोयल व प्रधानाचार्या चेतना वशिष्ठ द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन व वंदना के साथ किया गया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर पूर्व छात्र परिषद राष्ट्रीय संयोजक पंकज शर्मा, सौरभ त्रिखा, अखिलेश गुप्ता, संजय चौधरी एवं विद्यालय पूर्व छात्र परिषद सदस्य विकास वैध, सुमित गुप्ता, गौरव रोशा, गौरव चौधरी, राज गोयल, डा. ममता सूद, देवेंद्र जिंदल, पूर्व आचार्य व सभी पूर्व छात्र मौजूद रहे। प्रधानाचार्या द्वारा सभी महानुभावों का स्वागत व परिचय करवाया गया। तत्पश्चात आचार्या गीता छाबड़ा के नेतृत्व में कक्षा चतुर्थ व पंचम के विद्यार्थियों ने कृष्ण लीला पर संस्कृत में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। मुख्य वक्ता डा. ममता चावला ने अपने सम्बोधन में विद्यालय की अनेक मधुर स्मृतियों को ताजा किया एवं बताया कि आज मैं जिस स्थान पर हूं, वह इसी विद्या मंदिर की देन है।

# 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करवाना आवश्यक: डीसी मोहम्मद इमरान रजा

अर्थ प्रकाश/ सुरेश सिसोदिया

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार कार्ड को फ्री में अपडेट करने की तारीख को बढ़ाकर 14 जून 2026 कर दिया है।

यह मुफ्त सेवा केवल माय आधार पोर्टल पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए नागरिकों को अपना डेमोग्राफिक डाटा, पता, डेट ऑफ बर्थ, मोबाइल नंबर आदि की जरूरत पड़ेगी। आधार अपडेट के लिए नाम, जन्मतिथि, रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। डेडलाइन खत्म होने के बाद आधार अपडेट के लिए शुल्क देना होगा। ऑनलाइन अपडेट की सुविधा सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए है, जिनका मोबाइल नंबर उनके आधार से लिंक है।

डीसी ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करवाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यूआईडीएआई द्वारा आधार कार्ड को अपडेट करवाने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 14 जून 2026 कर दिया गया है। नागरिक स्वयं भी http://uidai.gov.in/ वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया जा सकता है।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर भाजपा अम्बाला छावनी में आयोजित करेगी 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम: अनिल विज

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा



**अम्बाला छावनी।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अम्बाला छावनी के चारों मंडलों में 31 अक्टूबर को 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम आयोजित करके भारत के लौह पुरुष के रूप में प्रसिद्ध सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह मनाएगी। विज अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भाजपा अम्बाला छावनी की कोर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल अखंड भारत के निर्माता थे। अद्भुत दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 563 रियासतों का भारत गणराज्य में विलय करके राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया। मंत्री अनिल विज ने कहा कि 31 अक्टूबर को 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन भाजपा अम्बाला छावनी के सदर मंडल, महेशनगर मंडल, ग्रामीण मंडल और शास्त्री मंडल में अलग-अलग किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पदयात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम के आयोजन हेतु कमेटियों का गठन किया गया जिसमें ललता प्रसाद, संजीव सोनी, विजेंद्र चौहान, रवि बुद्धिराजा, विकास बहगल, प्रवेश शर्मा, हर्ष बिंद्रा को नियुक्त किया गया। तैयारियों को लेकर भी मंत्री अनिल विज ने दिशा-निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बैठक के दौरान अम्बाला छावनी में चल रहे विभिन्न कार्यों की निगरानी के लिए कमेटियों का भी गठन किया जोकि विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे स?क निर्माण, नालों के निर्माण, पुलियों के निर्माण, स्ट्रीट लाइट समस्या पर निगरानी रखेगी व समाधान करेगी। मंडल स्तर पर कमेटियां गठित की गई जिनमें सदर मंडल में रवि बुद्धिराजा व आशीष अग्रवाल, महेशनगर मंडल में हर्ष बिंद्रा व विजेंद्र चौहान, ग्रामीण मंडल में विकास बहगल व किरणपाल चौहान, शास्त्री मंडल में प्रवेश शर्मा व बलित नागपाल को कमेटी सदस्य नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर अम्बाला छावनी में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं संगठनात्मक मुद्दों को लेकर भी विचार-विर्मश किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता ललता प्रसाद, विपिन खन्ना, संजीव सोनी, बलविंद्र सिंह शाहपुर, बीएस बिंद्रा, राजीव गुप्ता, विजेंद्र चौहान, मदनलाल शर्मा, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, विकास बहगल, प्रवेश शर्मा, आशीष अग्रवाल, बलित नागपाल एवं अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस शहीदी दिवस सप्ताह के तहत स्कूलों में विद्यार्थियों की पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर अमर शहीदों की शहादत को किया नमन

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत।** अमर शहीदों की याद में पुलिस विभाग की ओर से 21 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक पुलिस शहीद दिवस सप्ताह के रूप मनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर अमर शहीद जवानों को याद कर श्रद्धांजली अर्पित की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को गांव ददलाना स्थित महाराणा प्रताप स्कूल व शिव दीप विद्या मंदिर स्कूल में विद्यार्थियों की पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में स्कूल के 50 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लेकर वीर शहीदों की स्मृति में पेंटिंग बनाकर उनके बलिदानों को पेंटिंग में उतार चित्रकलां के माध्यम से अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान विद्यार्थियों में देशभक्ति का जज्बा देखने को मिला। उप पुलिस अधीक्षक राजबीर ने इस दौरान विद्यार्थियों को अमर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपना जीवन सफल बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा, सुरक्षा और उन्नती के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। देश हित के लिए काम करना हमारा प्रथम कर्तव्य है।

# अनाज मंडी में ठेकेदार से मारपीट करने के 3 आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** जिला पुलिस ने अनांज मंडी में ठेकेदार के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा टीम ने अनांज मंडी में ठेकेदार के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी जाहिद वासी बपदी, सागर वासी डेरा लाडवा व रवि कुमार वासी बकाली को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए डीएसपी लाडवा रणधीर सिंह ने बताया कि थाना लाडवा पुलिस को दी अपनी शिकायत में शेर सिंह वासी बडतौली जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसकी अनांज मंडी लाडवा में दुकान है। उसकी दुकान पर जगदीश वासी बिहार करीब 25 साल से ठेकेदारी का काम करता है। दिनांक 24 अक्टूबर को उसकी दुकान के सामने एक गाड़ी चालक ने अपनी गाड़ी खड़ी की हुई थी। जब उसने गाड़ी चालक से गाड़ी हटाने के लिए कहा तो वह उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज करते समय ठेकेदार जगदीश ने उनका बीच बचाव करवा दिया।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS आज ही बुक करें PH.: 0172-2638515, 98883-03520 Email: arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

मैं, पूनम रानी पत्नी सुरेंदर वासी गांव धमाणा, Nalwa हिसार हरियाणा ने अपना नाम बदलकर पूनम रखा है।
एपी-5232

I Kamaljit Singh s/o Shri Baldev Singh R/o H. No 231-B New Mata Gujri Enclave Mundi Kharar SAS NAGAR have changed the name of my minor son's name from omansh to omansh Dua.
एपी-5233

मैं, रेनू बाला पत्नी महेंद्र कुमार निवासी 121/2, वार्ड नं 28, रबारियाँ मोहल्ला, नजदीक रेलवे गेट, पोस्ट ऑफिस कैथल, जिला कैथल, हरियाणा - 136027 ब्यान करती हूँ कि मैंने अपना नाम रेनू बाला से बदलकर रेनू गर्ग रख लिया है।
एपी-5235

## बेदखली सूचना

मैं, लक्ष्मण दास पुत्र श्री प्रतापा राम वासी गांव टाबर हरिपुर तहसील बरवाला जिला पंचकूला यह घोषणा करता हूं कि मेरा पोता अमन पुत्र स्व.सुभाश चंद जो कि मेरे कहने सुनने से बाहर है इस लिए मैं उसे अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं इस से लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

मैं, यशवंत सिंह पुत्र श्री मोतीराम निवासी गांव मीरपुर तहसील रायपुर रानी जिला पंचकूला यह घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र प्रदीप सिंह जो कि मेरे कहने सुनने से बाहर है इस लिए मैं इसे अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। इस लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-5234

अर्थ प्रकाश समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।


# गुरुमां की प्रेरणा से गन्नौर में महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, विधायक कादियान ने की सराहना

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। परम पूज्या आनन्दमूर्ति गुरुमां की प्रेरणा से ऋषि चैतन्य आश्रम में रविवार को महिलाओं के लिए एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर किया और सेवा कार्यों की तारीफ की। इस दौरान गुरुमाँ ने महिलाओं को नियमित जाँच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

आश्रम और ऐम्स, नई दिल्ली के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस शिविर में आसपास के गांवों से 92 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। ऐम्स के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ऋषि चैतन्य आश्रम के चिकित्सा दल के साथ मिलकर महिलाओं की महत्वपूर्ण जाँचें कीं। मुख्य रूप से मुख कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, स्तन कैंसर, और सामान्य स्त्री रोग परामर्श दिया गया। इसके अलावा, सभी प्रतिभागी महिलाओं का डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित एचपीवी टेस्ट भी पूर्णतः निःशुल्क किया गया। आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य निवारक स्वास्थ्य देखभाल को ब?ावा देना और गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान करना है।

विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा, गुरुमां की प्रेरणा से यह शिविर लगाकर आश्रम ने समाज के प्रति अपनी बड़ी जिम्मेदारी निभाई है। स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है, और निवारक स्वास्थ्य सेवा आज समय की मांग है। उन्होंने कहा, क्षेत्र के विकास के साथ-साथ स्वास्थ्य और शिक्षा मेरी प्राथमिकता है, और ऐसे जनकल्याणकारी आयोजनों को मेरा निरंतर और पूरा सहयोग रहेगा।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' में रखे आत्मा को स्पर्श करने वाले विचार : अनिल विज

प्रधानमंत्री ने संस्कृत के पुनर्जागरण का उल्लेख कर दिया संदेश - अनिल विज

'वंदे मातरम' ने स्वतंत्रता सेनानियों में भर दिया था जोश - विज

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अंबाला में प्रबुद्ध नागरिकों संग सुना प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अंबाला, 26 अक्टूबर।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के 127वें संस्करण में देशवासियों के हृदय को छूने वाले विचार व्यक्त किए।

श्री विज ने अंबाला छावनी स्थित इंडियन रोलर रेस्टोरेंट में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ कार्यक्रम को लाइव सुना। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि हर माह की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विचार लोगों को प्रेरणा और दिशा देने वाले रहे हैं।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस बार भी हर माह की तरह देशभर में लोगों ने एकत्रित होकर प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री मोदी जी ने हमारी आदिकालीन भाषा संस्कृत के महत्व पर बात करते हुए यह बताया कि देश में संस्कृत के प्रति पुनः प्रेम और सम्मान का भाव तेजी से बढ़ रहा है। यह भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ने का सुंदर संकेत है।'

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का उल्लेख करते हुए यह याद दिलाया कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत देशभक्तों के रोम-रोम में जोश और ऊर्जा का संचार करता था।

विज ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के त्योहारों और परंपराओं का उल्लेख करते हुए छठ पूजा जैसे पर्वों की चर्चा की, जो भारत की सांस्कृतिक एकता और लोकआस्था का प्रतीक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री जी ने भारतीय कॉफी की गुणवत्ता और उसकी विदेशों में बढ़ती लोकप्रियता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनेकों विषयों पर प्रकाश डालकर लोगों के साथ संवाद स्थापित कर जुड़ने का प्रयास करते हैं।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी जी और देशवासियों के बीच एक सशक्त संवाद का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि ÷प्रधानमंत्री हर बार विविध विषयों को छूते हैं और समाज के हर वर्ग से भावनात्मक रूप से जुड़ने का प्रयास करते हैं÷।

इस अवसर पर भाजपा नेता सुदर्शन सिंह सहगल, नीरज जैन, अनिल जैन, संजीव वालिया, हरप्रीत सिंह, डॉ. करण सोबती, डॉ. देशबंधु, डॉ. विनय मल्होत्रा, नवल सूद, कपिल विज, जसवंत जैन, अतुल महेंद्रू, राजीव गुप्ता, बी.एस. बिंद्रा, विजेंद्र चौहान, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, अनिल बहल, दीपक भसीन, हन्नी सिंह, विपिन खन्ना, डॉ. दिनेश अग्रवाल, डॉ. हरप्रकाश, डॉ. गौरव मुंजाल, गुरप्रीत सिंह भल्ला, महावीर जैन, चरणजीत सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# डोंकी रूट से विदेश जाना न केवल अपराध बल्कि जीवन और समाज दोनों के लिए घातक कदम

पुलिस ने तीन युवकों को सुरक्षित रिसीव किया जो अवैध रूप से 'डोंकी रूट' से अमेरिका गए थे

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 26 अक्तूबर।** पुलिस अधीक्षक जींद श्री कुलदीप सिंह भा.पु.से. ने जानकारी देते हुए बताया कि जींद जिले के अजय पुत्र राजेश निवासी भैरो खेड़ा, लब्जोत सिंह पुत्र तहलसिंह निवासी निम्नाबाद व नवीन पुत्र जोगेंद्र निवासी पीलूखेड़ा कुछ समय पूर्व गैर-कानूनी तरीके से 'डोंकी रूट' के माध्यम से अमेरिका चले गए थे। अब यह तीनों युवक अमेरिका से वापस लौट आए हैं, जिन्हें डीएसपी श्री संदीप कुमार की अगुवाई में जींद पुलिस द्वारा सुरक्षित रिसीव किया गया। जिन्हें सुरक्षित परिजनों के हवाले कर दिया। एसपी जींद श्री कुलदीप सिंह भा पु से ने बताया कि 'डोंकी रूट' से विदेश जाना एक गंभीर अपराध होने के साथ-साथ समाज की प्रतिष्ठा पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। इस तरह की अवैध यात्रा न केवल आर्थिक हानि का कारण बनती है बल्कि जीवन को भी खतरे में डाल देती है। कई बार ऐसे मामलों में युवाओं को रास्ते में शारीरिक प्रताडऩा, धोखाधड़ी, या यहां तक कि जान तक गंवानी पड़ जाती है। एसपी जींद ने समस्त जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति विदेश जाना चाहता है तो हमेशा वैध और प्रॉपर चैनल के माध्यम से ही जाए। वीज़ा लगवाने से पहले एजेंट या संस्था का पूरा सत्यापन करें और किसी भी अंजान व्यक्ति के झूठे लालच में न आएं। अवैध रूप से विदेश जाना केवल पैसों की बर्बादी नहीं, बल्कि समाज में नकारात्मक संदेश देने जैसा है। उन्होंने यह भी कहा कि जिला पुलिस ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रख रही है और जो भी व्यक्ति 'डोंकी रूट' जैसे गैरकानूनी रास्तों से युवाओं को बरगलाने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी जींद ने आगे कहा कि जिला पुलिस का उद्देश्य सिर्फ अपराध पर अंकुश लगाना ही नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना भी है ताकि युवा सही मार्ग अपनाकर अपनी मंज़िल तक पहुंचें और देश का नाम रोशन करें। उन्होने कहा कि जागरूक नागरिक बनें सुरक्षित रास्ता चुनें। डोंकी रूट नहीं, सही चैनल से विदेश जाएं यही समझदारी है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मां महाकाली मंदिर में लगाया मुफ्त स्वास्थ्य जांच कैंप



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** गौ रक्षा प्राकोष्ठ के राष्ट्रीय संरक्षक एवं मां महाकाली मंदिर सिरसला रोड़ नजदीक स्काइट कॉलेज कुरुक्षेत्र के संस्थापक संचालक श्रद्धेय पंचधुनि गुरु श्री सुनील नाथ जी के सानिध्य में हरियाणा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के द्वारा स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया गया। जिसमें सुगर, बीपी की जांच के साथ-साथ मुफ्त में दवाइयां भी वितरण की गई। मस्त फक्कड़ नाथ शिव शक्ति आश्रम ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के प्रधान जितेन्द्र बंसल ने बताया कि इस तरह के कैंप ट्रस्ट के द्वारा समय-समय पर लगाएं जाते रहे हैं। जिसमें खून दान, आंखों की जांच, स्वास्थ्य जांच के कैंप समय-समय पर लगते रहते हैं। आये हुए सभी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए श्री गुरु महाराज जी ने रिबन काटकर आज के कैंप का शुभारंभ किया। अस्पताल की तरफ से डॉक्टर दीपांशु, डॉक्टर हितेश के साथ-साथ टीम में पूनम वर्मा, तन्नु, सिमरन, नेहा व सुमित ने मरीजों की जांच में सहयोगी रहे। डॉ दीपांशु ने बताया कि उपरोक्त हॉस्पिटल में सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न प्रकार की स्कीमों का लाभ दिया जाता है जिसमें विशेष है आयुष्मान कार्ड की सुविधा है। कैंप में 64 मरीजों की जांच की गई। अन्त में ट्रस्ट के द्वारा डाक्टरों की पुरी टीम का धन्यवाद करते हुए स्मृति चिन्ह देकर व सभी को पटका पहना कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष उमा (शिव दुलारी), भक्त गौरव, सहसचिव अश्विनी शर्मा, राकेश बंसल, उज्जवल, मलकीत, बलबीर, अभीषेक बंसल, मुकेश सिसोदिया, संदीप शर्मा जाल खेड़ी, ऋषभ सिसोदिया, बलबीर बुच्ची, रवि शर्मा, कश्मीर सिंह, पुरुषोत्तम शर्मा, मोहित, वकील, काव्यांस, जय भगवान, राम मेहर पिचोलिया, विपिन, अमित शर्मा, गोल्लू, सुमन शर्मा, पिंकी सिसोदिया, सवीता, स्मृति कंसल, सुमन शर्मा, लव, विनायक, ओम पाल, उपस्थित रहे।

### श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति की 63वीं निशुल्क बस यात्रा रवाना

**कैथल (अप्रस/विनीत गर्ग)।** श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति कैथल द्वारा श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम एवं खाटू श्याम धाम के दर्शन हेतु दो दिवसीय निशुल्क बस यात्रा का आयोजन किया गया। इस 63वीं बस यात्रा में कुल 61 श्रद्धालु धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए रवाना हुए। संस्था के सचिव प्रवीण गर्ग ने नारियल फोड़कर और पूर्व प्रधान कृष्ण सिंगला ने झंडी दिखाकर यात्रा को शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान राजेश गोयल, चेयरमैन प्रीति पाल बंसल, सुरेश गर्ग, और सोंगल भी मौजूद थे। संस्था द्वारा बताया गया कि हर माह निशुल्क बस यात्रा आयोजित की जाती है, जिसमें श्रद्धालु धार्मिक स्थलों के दर्शन करते हैं। यात्रा के दौरान यात्रियों ने भजनों का गायन कर यात्रा का आनंद उठाया और श्री बालाजी महाराज एवं खाटू श्याम बाबा के दरबार में अपनी मनोकामनाओं की प्रार्थना की। इस अवसर पर ईश्वर खनोरी, बाबूराम टीक, अशोक गाबा, रमेश खुरानिया, अमित गाबा और सुभाष टीक सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। संस्था का उद्देश्य है कि श्रद्धालु धार्मिक स्थलों के दर्शन कर आस्था और भक्ति का अनुभव प्राप्त करें और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना कर सकें।



# गुरु नानक देव के प्रकाश दिवस के उपलक्ष्य हर्षोल्लास से निकाली प्रभात फेरी

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 26 अक्तूबर।** शहर के मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सहिब संगत द्वारा प्रधान जगतार सिंह बिल्ला के नेतृत्व में रविवार कों गुरु नानक देव के प्रकाश दिवस के उपलक्ष्य में प्रभातफेरियों का दौर शुरू हो गया है। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों व संगत ने पांचवे दिन सुबह गुरुद्वारा साहिब से प्रभातफेरी निकाली।

इसके बाद नितिन मनचंदा के निवास पर प्रभातफेरी का पुष्प वर्षा कर स्वागत कर भाई गुरूमुख सिंह द्वारा संकीर्तन किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार जगतार सिंह बिल्ला ने गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर प्रकाश डाला।

जगत गुरु नानक देव जी के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गुरु नानक देव जी पंजाब से चलकर कुरुक्षेत्र, पानीपत, हरिद्वार, दिल्ली नानकमता, बिहार बंगाल, आसाम, यूपी आदी की यात्रा करते हुए विदेश में सऊदीअरब, मक्का- मंदिना, श्रीलंका, कर्नाटक, नेपाल, चीन, भूटाँन, रूस, बंगदाद आदी जाकर वंहा के लोगों को भगवान के सिमरन से जोड़ा। इस अवसर पर शाम सिंह, अंकुर बंसल, सुरेन्द्र कुमार, वैभव शर्मा, एकम सिंह, अक्षित छाबड़ा, देव मल्होत्रा, शैनकी सिह, महेंद्र सिंह, गुलशन कौर, रितू मल्होत्रा, नेहा मन्चंदा, आशा अरोड़ा, रुबी कौर, वीरपाल कौर, रिना कौर, सहित अन्य श्रद्धालुगण मौजूद रहें।

# नाकाबंदी के दौरान चोरी की बाइक सहित शातिर चोर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 26 अक्तूबर।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सेक्टर 12 गुरूद्वारा के नजदीक गंदा नाला पटरी पर नाकाबंदी के दौरान एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मॉडर्न कॉलोनी सफीदो निवासी अभिषेक के रूप में हुई है।

सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी टीम शनिवार शाम को सेक्टर 12 गुरूद्वारा के नजदीक गंदा नाला पटरी पर नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर बनाए हुए थी। इसी दौरान एक संदिग्ध किस्म का युवक स्पलेंडर बाइक पर सेक्टर 11 की और से आया। पुलिस टीम ने बाइक को नाके पर रूकवाकर युवक से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अभिषेक पुत्र राजिंद्र निवासी मॉडर्न कॉलोनी सफिदो के रूप में बताई। बाइक के कागजात मांगने पर युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक 26 अगस्त की रात सरकारी हस्पताल के परिसर से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना शहर में तहसील कैंप निवासी रमेश नारंग पुत्र जगन्नाथ की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो बाइक चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया।

आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर रविवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी अभिषेक को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

# भारतीय संस्कृति से जुड़ा है हवनः अनिल शर्मा

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** बस स्टैंड के पास ब्राह्मण धर्मशाला उचाना में आयोजित मासिक सत्संग, हवन कार्यक्रम में बतौर मुख्य यजमान बनकर आए ब्राह्मण चौबीसी सभा उचाना के प्रधान अनिल शर्मा ने हवन में पूर्ण आहुति दी। अध्यक्षता धर्मशाला के प्रधान पंडित रघुवीर शर्मा ने की। जोड़े के रूप में उचाना के प्रसिद्ध रामलीला कलाकार चंद्रपाल शर्मा के पुत्र दिनेश व उनकी धर्मपत्नी ने यज्ञ विद्या को गति दी। अनिल शर्मा ने कहा कि हवन हमारी भारतीय संस्कृति से जुड़ा है। हवन करने से वातावरण भी शुद्ध होता है। कार्यक्रम संचालक मा. रामप्रसाद ने बताया कि महीने के अंतिम रविवार के दिन क्षेत्र के किसी भी विशिष्ट जन को मुख्य यजमान बनाया जाता है। यज्ञ की बेदी भारतीय संस्कृति के अनुरूप पति-पत्नी के जोड़े को बैठाया जाता है। गीता में यज्ञ को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ कर्म बताया है। यज्ञ से वर्षा होती है वर्षा से अन्न उत्पन्न होता है तो अन्न से जीव की उत्पत्ति होती है और यह जीवन चक्र चलता रहता है।

# दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शिविर आयोजित

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 26 अक्तूबर।** मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने बताया कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत सभी पात्र महिलाओं के आवेदन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जगहों पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ये शिविर 27 अक्टूबर तक चलेंगे। उन्होंने पात्र महिलाओं से अपील की कि वे इन शिविरों में पहुंचकर आवेदन करें, ताकि हरियाणा दिवस पर उनके खातों में सीधे 2100-2100 रुपए जमा किए जा सकें।

कैलाश सैनी ने कहा कि योजना का उद्देश्य राज्य की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करना है। योजना के लिए पात्र महिला की उम्र 23 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए और वह कम से कम 15 वर्षों से हरियाणा की निवासी हो। परिवार की वार्षिक आय 1 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।

इसके अलावा, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कैंसर पीड़ति महिलाएं, दुर्लभ बीमारियों, हीमोफीलिया, थैलेसिमिया और सिकल सेल एनीमिया से पीड़ति महिलाएं, जो किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ ले रही हैं, भी योजना के पात्र हैं। वहीं वृद्धावस्था भत्ता, विधवा या निराश्रित महिलाओं के लिए अन्य वित्तीय सहायता, दिव्यांग पेंशन, लाडली सामाजिक सुरक्षा योजना, कश्मीरी विस्थापित परिवार के लिए सहायता, बौना भत्ता, तेजाब पीड़ति महिला/लड़की को वित्तीय सहायता, अविवाहित महिला को सहायता या पद्म पुरस्कार विजेताओं को मिलने वाली हरियाणा गौरव सम्मान योजना का लाभ लेने वाली महिलाएं पात्र नहीं होंगी।

योजना के लिए आवश्यक दस्तावेजों में हरियाणा का स्थाई निवासी प्रमाण पत्र, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, बिजली बिल का कनेक्शन नंबर, एचकेआरएन रजिस्ट्रेशन नंबर, रजिस्टर वाहन विवरण और बैंक खाता विवरण शामिल हैं। पंजीकरण की प्रक्रिया 25 सितंबर से शुरू हो चुकी है।

सैनी ने सभी पात्र महिलाओं से अनुरोध किया कि वे सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविरों में उपस्थित होकर योजना का लाभ लें।

# गांव नांगली की 14 वर्षीय किशोरी की सांप के काटने से मौत

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** उपमंडल के गांव नांगली में एक दर्दनाक घटना सामने आई है खेत में अपनी माता के साथ काम करवाने गई 14 वर्षीय किशोरी जैस्मीन को सांप ने काट लिया इसके बाद उसने अपने परिजनों को बताया भी नहीं और रात के समय उसकी मृत्यु हो गई परिजन उसको रात को ही लेकर नागरिक हॉस्पिटल टोहाना आगे जहां पर उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया अधिक जानकारी के अनुसार मृतक गांव नांगली की रहने वाली थी और 14 वर्षीय जिसका नाम जैस्मीन और शनिवार शाम को वह अपनी मां के साथ खेत में काम करवा रही थी तभी उसको एक सांप ने काट लिया घटना की सूचना सदर टोहाना जैसे ही पहुंची और पुलिस ने आगामी कार्रवाई करते हुए शाम को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया जांच अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि सांप काटने से किशोरी की मौत होना परिजनों द्वारा बताया गया है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है पुलिस की जांच जारी है।

# लाडवा में तेजधार हथियार से हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप

**लाडवा, 26 अक्तूबर।** लाडवा डी.एस.पी. रणधीर सिंह ने कहा कि शहर में न तो किसी बदमाश को पनपने दिया जाएगा और न ही किसी प्रकार के नशे को। शांति और सुरक्षा बनाए रखना पुलिस की पहली प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार देर रात लाडवा अनाज मंडी में तेजधार हथियारों से एक ठेकेदार मजदूर पर हमला करने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। डी.एस.पी. रणधीर सिंह ने लाडवा थाना में पत्रकारों को बताया कि मामले की जांच अवशेषण अपराध शाखा-3 के इंचार्ज जसबीर सिंह को सौंपी गई थी।

मिली जानकारी के अनुसार, आरोपियों और ठेकेदार मजदूर के बीच पहले ट्रक खड़ा करने को लेकर कहासुनी हुई थी। आरोपियों ने इस घटना को नहीं भूला और अपने दो साथियों के साथ मिलकर ठेकेदार जगदीश चंद पर हमला कर दिया। घटना करीब रात 10ः30 बजे हुई, जब दुकान का मालिक और मुनीम घर गए थे। घायल मजदूर का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

सी.आई.ए.-3 लाडवा के इंचार्ज जसबीर सिंह ने केवल एक दिन में ही तीनों ड्राइवरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। डी.एस.पी. रणधीर सिंह ने कहा कि लाडवा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की बदमाशी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पुलिस पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि अगर कहीं भी अवैध कारोबार या नशे की बिक्री हो, तो इसकी सूचना पुलिस को दें ताकि कार्रवाई की जा सके।

# आदर्श स्कूल के छात्रों ने देखा भारतीय वायुसेना का गौरव

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 26 अक्तूबर।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों को भारतीय वायुसेना के गौरवशाली इतिहास और आधुनिक तकनीक से रूबरू कराने के उद्देश्य से उन्हें अंबाला एयर फोर्स स्टेशन का शैक्षिक भ्रमण करवाया गया। इस भ्रमण में स्कूल के प्रधानाचार्य श्रीमान रोबिन कुमार जी, सी.टी.ओ. तुषार, तथा एनसीसी सह-संचालक (कोऑर्डिनेटर) कैप्टन गुरमीत सिंह के नेतृत्व में स्कूल के 54 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया।

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को देश की सुरक्षा तैयारियों और वायुसेना में करियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी देना था। भ्रमण के दौरान छात्रों को राफेल, मिग-21, सुखोई जैसे विभिन्न लड़ाकू विमानों, भ्रमश मिसाइलों और हेलीकॉप्टरों को नज़दीक से देखने का अवसर मिला।

वायुसेना के अधिकारियों ने छात्रों को विमानों के संचालन, रख-रखाव, और वायुसेना की दैनिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कैडेट्स को एयर फोर्स म्यूज़ियम भी दिखाया गया, जहाँ उन्होंने भारतीय वायुसेना की वीरगाथाओं और तकनीकी विकास को नज़दीक से जाना। अधिकारियों ने छात्रों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी बताया, जिसमें भारतीय सैन्य अधिकारियों की वीरता और योगदान का उल्लेख किया गया।

बच्चों ने अधिकारियों से कई सवाल पूछे और देश की सेवा के प्रति उनके समर्पण को करीब से अनुभव किया। इस भ्रमण से छात्रों में राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की भावना को नई ऊर्जा मिली।

इस अवसर पर आदर्श स्कूल के प्रबंधक श्रीमान सोहनलाल सैनी जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा–

'अंबाला एयर फोर्स स्टेशन का यह भ्रमण हमारे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। वायुसेना के अनुशासन, उच्च तकनीकी कौशल और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण ने छात्रों के मन में नई प्रेरणा जगाई है। इस प्रकार के भ्रमण विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं और उन्हें देश की सुरक्षा में सेना की भूमिका को समझने का अवसर देते हैं। हम वायुसेना के अधिकारियों के आभारी हैं कि उन्होंने हमारे छात्रों को यह अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया।'

# पुराना बस अड्डा परिसर में फन फेयर मेले की हुई शुरूआत

**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** पुराना बस अड्डा परिसर में फन फेयर मेले की शुरूआत हुई। फन फेयर मेले में नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने सपरिवार मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की और रिबन काट कर मेले की विधिवत रूप से शुरूआत की। उनके साथ उनकी पत्नी सीमा भोला, बेटा कार्तिक भोला व शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। शहर के लोगों के लिए मेले में कई तरह के स्टॉल, झूले लगाए गए हैं। मेले की खासियत यह है कि मेले में लाइव जलपरी शो दिखाया जाएगा। वहीं ज्वायंट व्हील झूला, ब्रेक डांस, ड्रेगन, रेंजस जैसी गतिविधि होगी। इसके साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए भी मेले में कई तरह के आइटम पेश किए जा रहे हैं। डिप्टी एमएस डा. भोला ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अपने लिए कुछ पल निकाल लें तो मानसिक बीमारियों से बच सकते हैं।

# छठ पूजा महोत्सव पर जिला पुलिस ने किये सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त

## गोहाना व असंध जींद की तरफ से आने वाले भारी वाहनों का रूट किया डायवर्ट

पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने घाटों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जांचा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 26 अक्तूबर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पर पूजा अर्चना करने के लिए नदियों व सरोवरों किनारे सोमवार 27 अक्तूबर को घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ेगा। जिला पुलिस द्वारा समय रहते सुरक्षा के सभी पुख्ता बंदोबस्त कर लिए गए है।

पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने रविवार को असंध रोड थर्मल रजवाहा व गोहाना रोड एनएफएल रजवाहा स्थित घाटों पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, डीएसपी राजबीर सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि छठ पर्व पर हर वर्ष की भांति जिले में इस बार भी गोहाना रोड पर एनएफएल रजवाहा, जाटल रोड नहर, असंध रोड पक्की नहर के पास रजवाहा पर, सैनी कॉलोनी, बाबरपुर ड्रेन नंबर एक व दो, कुटानी रोड पावर हाउस के पीछे, नारायणा दिल्ली पैरलल नहर पुल व यमुना किनारें घाटों पर पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का जन सैलाब उमड़ेगा। जिला पुलिस द्वारा घाटों पर पर्याप्त सख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही गोहाना व असंध जीन्द की तरफ से आने वाले भारी वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत असंध व गोहाना रोड पर सोमवार 27 अक्तूबर को दोपहर 1 बजे से साय 9 बजे तक व मंगलवार 28 अक्तूबर को अल सुबह 3 बजे से 9 बजे तक भारी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। असंध की तरफ से करनाल जाने वाले भारी वाहन नारा नाका से धर्मगढ़, रिफाइनरी होते हुए करनाल में प्रवेश करे और पानीपत आने वाले भारी वाहन मतलौडा से इसराना होते हुए डाहर चौक से सिवाह बाईपास से जीटी रोड पर प्रवेश करें। इसी प्रकार गोहाना की तरफ से आने वाले भारी वाहनों डाहर चौक से सिवाह बाईपास होते हुए जीटी रोड पर प्रवेश करें।

इसी प्रकार दिल्ली पैरलल नहर बाइपास से एनएफएल नाका व असंध नाका की तरफ दोनों और से आने जाने वाले सभी भारी वाहन उक्त समय के दौरान जीटी रोड या अन्य वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें।

असंध रोड नाका, गढ़ी सिकंदरपुर पुल, सौंदापुर, रिफाइनरी लोहा पुल, भालसी मोड़, देशवाल चौक, एनएफएल चौक, गोहाना रोड ट्रक युनियन के सामने, डाहर चौक व रोहतक बाइपास से दोनों नहरों के बीच।

# छठ पूजा पर विशेष: एक पर्व नहीं है महापर्व है छठ पूजा

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

दिवाली के बाद छठ पूजा का त्योहार बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान घर से लेकर घाटों तक बेहद खास रौनक देखने को मिलती है। छठ पूजा की



शुरुआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होती है और समापन सप्तमी तिथि पर होता है। इस दौरान छठी मैया की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। इस व्रत को निर्जला किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसर छठी मैया की उपासना और व्रत करने से संतान को दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

छठ पूजा भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है। भारत में सूर्य पूजा की परम्परा वैदिक काल से ही रही है।उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाया जाने वाला यह बेहद अहम पर्व है जो पूरे देश में धूम-धाम से मनाया जाता है। छठ पूजा केवल एक पर्व नहीं है बल्कि महापर्व है जो कुल चार दिन तक चलता है। नहाय खाय से लेकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्ध्य देने तक चलने वाले इस पर्व का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है।

हमारे देश में सूर्य उपासना के कई प्रसिद्ध लोकपर्व हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं। सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस पर्व को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से संबोधित किया जाता है। इस पर्व को बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई समेत देश के उन तमाम महानगरों में मनाया जाता है। जहां-जहां इन प्रांतों के लोग निवास करते हैं। यही नहीं, मॉरिशस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत विदेशों में भी भारतीय मूल के प्रवासी छठ पर्व को बड़ी आस्था और धूमधाम से मनाते हैं। डूबते सूर्य की विशेष पूजा ही छठ का पर्व है। चढ़ते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं।

छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिन का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भैया दूज के तीसरे दिन यानि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से आरंभ हो जाते है। व्रत के पहले दिन को नहा-खा कहते हैं। जिसका शाब्दिक अर्थ है स्नान के बाद खाना। इस दिन पवित्र नदी में श्रद्धालु स्नान करते हैं। वैसे तो यह पर्व मूल रूप से गृहिणियों द्वारा मनाया जाता है। लेकिन आजकल पुरुष भी इसमें समान रूप से सहयोग देते हैं।

ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत सूर्य है। इस कारण शास्त्रों में सूर्य को भगवान मानते हैं। सूर्य के बिना कुछ दिन रहने की जरा कल्पना कीजिए। इनका जीवन के लिए इनका रोज उदित होना जरूरी है। कुछ इसी तरह की परिकल्पना के साथ पूर्वोत्तर भारत के लोग छठ महोत्सव के रूप में इनकी आराधना करते हैं। सामान्यता यह त्योहार बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में छठ पूजा को महापर्व घोषित कर सरकारी छुट्टी भी लागू कर दी गई है।

छठ पूजा का व्रत सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति,



जल, वायु आदि को समर्पित है। इस व्रत को करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सुख प्राप्त होता है। छठ पर्व को किसने शुरू किया इसके पीछे कई ऐतिहासिक कहानियां प्रचलित हैं। लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की थी। सप्तमी को सूर्योदय के समय अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशिर्वाद प्राप्त किया था। इसी के उपलक्ष्य में छठ पूजा की जाती है।

छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है। रामायण काल में सीता ने गंगा तट पर छठ पूजा की थी। महाभारत काल में कुंती ने भी सरस्वती नदी के तट पर सूर्य पूजा की थी। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें पांडवों जैसे पुत्रों का सुख मिला था। द्रौपदी ने भी हस्तिनापुर से निकलकर गढ गंगा में छठ पूजा की थी। छठ पूजा का सम्बंध हठयोग से भी है। जिसमें बिना भोजन ग्रहण किए हुए लगातार पानी में खड़ा रहना पड़ता है। जिससे शरीर के अशुद्ध जीवाणु परास्त हो जाते हैं।

छठ पर्व की परम्परा में वैज्ञानिक और ज्योतिषीय महत्व भी छिपा हुआ है। षष्ठी तिथि एक विशेष खगोलीय अवसर है। जिस समय धरती के दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य रहता है और दक्षिणायन के सूर्य की अल्ट्रावॉइलट किरणें धरती पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं। इन दूषित किरणों का सीधा प्रभाव जनसाधारण की आंखों, पेट, त्वचा आदि पर पड़ता है। इस पर्व के पालन से सूर्य प्रकाश की इन पराबैंगनी किरणों से जनसाधारण को हानि न पहुंचे। इस अभिप्राय से सूर्य पूजा का गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। इसके साथ ही घर-परिवार की सुख- समृद्धि और आरोग्यता से भी छठ पूजा का व्रत जुड़ा हुआ है। इस व्रत का मुख्य उद्देश्य पति, पत्नी, पुत्र, पौत्र सहित सभी परिजनों के लिए मंगल कामना से भी जुड़ा हुआ है।

लोक परम्परा के मुताबिक सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है। इसलिए छठ के मौके पर सूर्य की आराधना फलदायी मानी गई। छठ पूजा अथवा छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। छठ से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं और लोक गाथाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि भारत के आदिकालीन सूर्यवंशी राजाओं का यह मुख्य पर्व था। छठ के साथ स्कंद पूजा की भी परम्परा जुड़ी है। भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कंद की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा रक्षा की थी। इसी कारण स्कंद के छह मुख हैं और उन्हें कार्तिकेय नाम से पुकारा जाने लगा। कार्तिक से संबंध होने के कारण षष्ठी देवी को स्कंद की पत्नी देवसेना नाम से भी पूजा जाने लगा।

एक मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरुआत महाभारत काल में सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके की थी। कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। छठ पर्व के बारे मे एक कथा और भी है। इस कथा के मुताबिक जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए तब दौपदी ने छठ व्रत रखा था। इस व्रत से उनकी मनोकामना पूरी हुई थी और पांडवों को अपना राजपाट वापस मिल गया था।

महापर्व छठ हिंदू धर्म में एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयाचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। मान्यता है कि छठ देवी सूर्य देव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की अराधना की जाती है। पर्व का प्रारंभ नहाय-खाय से होता है, जिस दिन व्रती स्नान कर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी का भोजन करते हैं। नहाय-खाय के दूसरे दिन यानी कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी के दिनभर व्रती उपवास कर शाम में रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस पूजा को खरना कहा जाता है। इसके अगले दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को उपवास रखकर शाम को अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। अगले दिन यानी सप्तमी तिथि को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करके व्रत तोड़ा जाता है।

छठ पूजा के व्रत को जो भी रखता है। वह इन दिनों में जल भी नही ग्रहण करता है। इस व्रत को करने से सुख-समृद्धि और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस पूजा वैसे तो मुख्य रुप से सूर्य देवता की पूजा की जाती है। लेकिन साथ ही सूर्य देव की बहन छठ देवी की भी पूजा की जाती है। जिसके कारण इस पूजा का नाम छठ पूजा प?ा। इस दिन नदी के तट में पहुंचकर पुरुष और महिलाएं पूजा-पाठ करते है। साथ ही छठ माता की पूजा को आपके संतान के लिए भी कल्याणकारी होती है।

**-रमेश सर्राफ धमोरा**
**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## हमने अपनी आत्मा को संवारना है

महापुरुष कदम-कदम पर यही चेतावनी देते हैं कि इन्सान! काल के आने से पहले ही अपना जीवन संवार ले। यह जो काल है, यह बताकर नहीं आता। लेकिन इन्सान कल पर छोड़ता है। कहता है, बुज़ूर्ग होकर भक्ति शरु करुंगा, बूढ़ा होकर प्रभु भक्ति कर लूंगा। अभी तो जवानी के दिन हैं, हंसने-खेलने के दिन हैं, मौज मनाने के दिन हैं, लेकिन इन्सान को अगले पल का भी भरोसा नहीं होता। इन्सान अन्य किसी काम को कल पर नहीं छोड़ना चाहता। यह तो नहीं कहता कि अभी दस-बीस बरस बीत जाएं, फिर जायदाद बना लूंगा। कहता है कि नहीं, यह तो अभी बनानी है और जो पदार्थ इकट्ठे करने है, वे अभी करने हैं। वे क्यों नहीं आगे के लिए छोड़ता? क्योंकि उनकी हमें बहुत कीमत नज़र आती है। कई दफा यह भी कह देते हैं कि शरीर का क्या भरोसा है। ये बच्चे छोटे हैं, इनका क्या बनेगा? जो सांसारिक जिम्मेदारियां हैं, उनका ध्यान तो है, लेकिन चौरासी के चक्र से आत्मा को मुक्त करने का कोई ध्यान नहीं।

आजकल लोग बिना प्रभु को जाने भक्ति कर रहे हैं। बिना प्रभु को जाने हुए भक्ति किसकी कर रहे हैं? जिसके पास यह ज्ञान है, यह प्रभु की जानकारी है, उसके साथ नाता जोड़कर हम भक्ति कर सकते हैं। कहा भी है कि 'प्रथम भक्ति संतन कर संगा'। ये संग क्या होता है। संग सिर्फ शरीर के दर्शन नहीं हुआ करते। हम बच्चे को कुछ विद्या देना चाहते हैं ताकि पढ़ लिख जाएं। क्या ऐसा कभी हुआ है कि पिता बच्चे का हाथ पकड़कर स्कूल की बिल्डिंग के पास



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

ले जाये और कहे कि देखो स्कूल की खिड़की में से जो उस्ताद दिखता है, बड़ा ही लायक है। वो देखो, वो बच्चों को पढ़ा रहा है। भाव, बच्चों को अध्यापक की केवल शक्ल ही दिखाने से हमारा बच्चा पढ़-लिख नहीं पाता। हम जानते हैं कि शिक्षक के पास उसको छोड़ना पड़ता है, उसकी संगति करानी पड़ती है। तभी वो विद्या हासिल कर सकता है। इसी तरह से ज्ञ्ज्ञान जिसके पास भी है, जिस घट में भी है, हम अगर उसके साथ नाता जोड़ लेते हैं, तो हमें भी वो ज्ञान प्राप्त हो जाता है। ज्ञान जानकारी का नाम है। जैसे दुनिया की अन्य चीजों की हम जानकारी हासिल करना चाहते हैं, इसी तरह से अपने परमात्मा की जानकारी हासिल करने की जरुरत है।

इस आत्मा का मूल की, इस निज घर की पहचान करना आवश्यक है, क्योंकि इस आत्मा के कारण ही तो शरीर है। शरीर को आत्मा के कारण ही सम्बोधित किया जाता है। हम जानते हैं कि आत्मा नहीं, चेतन सत्ता नहीं तो फिर शरीर की भी कोई कीमत नहीं रह जाती। हाथ होते हैं, पाँ होते हैं, जुबान होती है। सब कुछ होता है।

## युग प्रधान आचार्य श्री तुलसी इस युग के क्रान्तिकारी आचार्यों में हैं एक: मुनिश्री विनय कुमार जी

चंडीगढ़। युगप्रधान आचार्य श्री तुलसी इस युग के क्रान्तिकारी आचार्यों में एक हैं। दीपावली के दूसरे दिन भाई दूज के दिन हमारे देश में इस शताब्दी के आध्यात्मिक क्षितिज पर एक विलक्षण महापुरुष का जन्म हुआ जिसको सारी दुनिया आचार्य तुलसी के नाम से जानती है । जैम धर्म को जन धर्म के रूप में व्यापकता प्रदान करने में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। वे तेरापंथ धर्मयंग के नौवें आचार्य हैं। मंझला कद गौर वर्ण तेजस्वी नयन के साथ धवल परिधान से झाकता भव्य व्यक्तित्व और आशीर्वाद की मुद्रा में उठा हुआ हाथ उस महापुरुष का साक्षात्कार करवाता है जो इस युग में भगवान महावीर के सक्षम प्रतिनिधि बनकर भारत भूमि पर आये और मानवता के मसीहा बनकर विश्व पटल पर छा गए। जिस समय समूचा देश आजादी के जश्न में सरोबार था और देश में विभाजन की विभिषिका शुरू हो गई तथा चारों तरफ हिन्सा और अशांति का वातावरण बनने का दौर शुरू हो गया उसी समय शांति अहिंसा और नैतिकता की अलख जगाने के आचार्य तुलसी अणुव्रत आन्दोलन



का सूत्रपात किया। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे आचार्यश्री तुलसी के 112वें जन्मदिवस पर रविवारीय सभा को संबोधित करते हुए कहे। कार्यक्रम में मुनि सुधाकर जी, तेरापंथी सभा के अध्यक्ष वेद प्रकाश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय गोयल, विजय शर्मा, श्रीमती शांता चोपडा, अणुव्रत समिति चंडीगढ़ के अध्यक्ष डा. सलील जैन आदि ने आचार्य श्री तुलसी के 112वें जन्मदिवस पर अपने भाव प्रकट किये।

मनीषीसंत ने आगे कहा नारी-जागरण, संस्कार-निर्माण, रूढ़ि-उन्मूलन एवं सामाजिक बुराईयों के बहिष्कार हेतु वे सतत प्रयत्नशील हैं। नये और प्राचीन मूल्यों में समन्वय स्थापित कर उन्होंने नयी और पुरानी पीढ़ी के बीच एक सेतु का काम किया है। आचार्यश्री तुलसी एक क्रांतिकारी युगपुरुष हैं। क्रान्ति के साथ प्राय– विरोध का सह-अस्तित्व देखा जाता है। आचार्यश्री तुलसी के क्रान्तिकारी कदमों के साथ भी विरोधों की एक लंबी श्रृंखला जुडी है। उनके जीवन में विरोध और अभिनन्दन दोनों की पराकाष्ठा रही है। एक तरफ उन्हें विश्वव्यापी सम्मान मिला तो विरोध भी कम नहीं मिला। पर वे सम्मान और विरोध दोनों में सदाबहार फूल की भांति एकरूप रहे। बीसवी सदी के आध्यात्मिक क्षितिज पर प्रमुखता से उभरने वाले इस महान संत आचार्य श्री तुलसी ने सुप्रसिद्ध जैनाचार्य होते हुए भी अपने को सम्प्रदाय की सीमा रेखाओं से सदा ऊपर रखा। उनका दृष्टिकोण सदैव असाप्रदायिक रहा । जब लोग उनका परिचय पूछते, तब वे स्वयं अपना परिचय इस तरह से देते थे मैं सबसे पहले एक मानव हू, फिर मैं एक धार्मिक व्यक्ति हूँ, फिर मैं एक साधनाशील जैन मुनि हूं और उसके बाद तेरापंथ संप्रदाय का आचार्य हूँ।

## पंचांग

सोमवार, 27 अक्तूबर, 2025, सूर्योदयः 06:30 ए एम, सूर्यास्तः 05:40 पी एम, चन्द्रोदयः 11:35 ए एम, चन्द्रास्तः 09:43 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः कार्तिक, पूर्णिमान्त महीनाः कार्तिक, वारः सोमवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः षष्ठी - पूर्ण रात्रि तक, नक्षत्रः मूल - 01:27 पी एम तक, योगः अतिगण्ड - 07:27 ए एम तक, करणः कौलव - 07:05 पी एम तक, द्वितीय करणः तैतिल - पूर्ण रात्रि तक, सूर्य राशिः तुला, चन्द्र राशिः धनु, राहुकालः 07:53 ए एम से 09:17 ए एम, गुलिक कालः 01:29 पी एम से 02:52 पी एम, यमगण्डः 10:41 ए एम से 12:05 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:42 ए एम से 12:27 पी एम, दुर्मुहूर्तः 12:27 पी एम से 01:12 पी एम, दुर्मुहूर्तः 02:41 पी एम से 03:26 पी एम, वर्ज्यः 11:41 ए एम से 01:27 पी एम, वर्ज्यः 11:58 पी एम से 01:44 ए एम, अक्टूबर 28

## भविष्य फल



**मेषः** आपकी ऊँची बौद्धिक क्षमताएं आपको कमियों से लड़ने में सहायता करेंगी। सकारात्मक विचारों के जरिए इन समस्याओं से निजात पायी जा सकती है।

**वृषः** आपके बिजनेस में खूब सफलता मिलेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। साथ ही घर में परिवारजनों के साथ समय आनंदपूर्वक बिताएंगे।

**मिथुनः** आज सफलता आपका बेताबी से इंतजार कर रही है। आप हर एक भावना के बारे में बहुत जल्दी गंभीर हो जाते हैं।

**कर्कः** अपनी क्षमताओं को पहचानें, क्योंकि आपके अन्दर ताकत की नहीं बल्कि इच्छा–शक्ति की कमी है।

**सिंहः** आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सिखने को मिलेगा। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा।

**कन्याः** आपके व्यक्तित्व में चार–चांद लगा देगी। भाई–बंधुओं से जमीन–जायदाद को लेकर विवाद हो सकता है।

**तुलाः** आज आपको आराम करने और ?रीबी दोस्तों व परिवार के साथ ?ुशी के कुछ पल बिताने की जरूरत है।

**वृश्चिकः** आज किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। ऑफिस में आपका कॉन्फीडेन्स देखकर बॉस आपसे खुश हो जाएंगे।

**धनुः** आज आमदनी में वृद्धि हो सकती है। शत्रुओं पर आपका भय बना रह सकता है। इसके अलावा आप अपना पुराना उधार भी चुका सकते हैं।

**मकरः** बेहतर जिन्दगी के लिए अपनी सेहत और व्यक्तित्व में सुधार लाने कि कोशिश करें। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे।

**कुंभः** आज आपकी किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आज जिस भी काम को आप करना चाहेंगे वो निश्चित ही पूरा होगा।

**मीनः** आज धन का अधिक से अधिक खर्च होगा। ऐसी जानकारियों को उजागर न करें जो व्यक्तिगत और गोपनीय हों।

## इन्दिरा आईवीएफ का यमुनानगर में नया सेंटर, फर्टिलिटी केयर अब और भी सुलभ और भरोसेमंद

यमुनानगर। इन्दिरा आईवीएफ हॉस्पिटल लिमिटेड ने यमुनानगर में अपने नवीनतम फर्टिलिटी क्लिनिक का उद्घाटन किया है, जिससे हरियाणा में फर्टिलिटी केयर को अधिक सुलभ, किफायती और भरोसेमंद बनाने की प्रतिबद्धता को मजबूत मिली है। यह नया क्लिनिक फर्स्ट फ्लोर, मिडपॉइंट बिल्डिंग, प्यारा चौक, यमुनानगर में आरम्भ किया गया है। यह क्लिनिक रिप्रोडक्टिव हेल्थ केयर सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस उद्घाटन समारोह में यमुनानगर-जगाधरी नगर निगम की महापौर सुमन बहमनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इन्दिरा आईवीएफ देहरादून और चंडीग? की ?ोनल क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. रीमा सरकार विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा यमुनानगर सेंटर हेड डॉ. शिखा समारोह में शामिल रहे। इन्दिरा आईवीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर नितिज मुर्डिया ने कहा कि हम मानते हैं कि फर्टिलिटी उपचार को भौगोलिक या आर्थिक सीमाओं में सीमित नहीं होना चाहिए। यमुनानगर सेंटर के उद्घाटन के साथ हमारा लक्ष्य रिप्रोडक्टिव केयर को अधिक किफायती और सुलभ बनाना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि टियर-2 और टियर-3 शहरों के परिवारों को महानगरीय क्षेत्रों के समान गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त हो सके। यमुनानगर-जगाधरी नगर निगम की महापौर सुमन बहमनी ने कहा कि इस क्लिनिक की शुरूआत हमारे शहरवासियों के लिए फर्टिलिटी केयर को सुलभ बनाकर उनके करीब लाती है। यह केवल हेल्थकेयर सेवा नहीं है, बल्कि उन दम्पतियों को आशा और सुविधा प्रदान करने का प्रयास है जो परिवार पूरा करने का सपना देख रहे हैं।

### तेवर

अपने लाल पीले तेवर, मुझे न दिखा।
प्यार से बात कर, नहीं अपने घर जा।
तेरी आंखों का जादू, नफरत ढूंढ रहा।
आंखों को ठंडे बस्ते में पा।
कीड़ी डायरी पर चक्कर गई लगा, मक्खी भी दस्तक दे चुकी।
भौंरा गीत खुशी के रहा गा, प्रीतम देख आई भक्तों की टोली
सुनकर शंख खेल रही, गऊ माता होली

**-प्रीतम सिंह, चंडीगढ़**

## निखिल मदान ने देव नगर में बूथ नंबर 181 पर सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी**

सोनीपत। विधायक निखिल मदान ने रविवार को वार्ड नं 15 के देव नगर में बूथ नंबर 181 पर पहुंचकर मन की बात कार्यक्रम को सुना। विधायक निखिल मदान ने बताया कि आज के संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल आधुनिक काल में राष्ट्र की सबसे महान विभूतियों में से एक रहे हैं। उनके विराट व्यक्तित्व में अनेक गुण एक साथ समाहित थे। मेरा आप सबसे आग्रह है, 31 अक्टूबर को सरदार साहब की जयंती पर देशभर में होने वाली रन फॉर यूनिटी में जरूर शामिल हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भगवान सूर्य की उपासना और लोक आस्था से जुड़ा छठ पर्व देश की सनातन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसमें माताओं द्वारा अपनी संतानों की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के लिए 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है जोकि तप और समर्पण का प्रतीक है, जिसमें सभी माता बहनें 36 घंटे का व्रत रखती है और उगते एवं ढलते सूर्य को अर्क देकर पूजा अर्चना करती है। कार्तिक माह की चतुर्थी तिथि को पहले दिन नहाय खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य और



चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगले महीने की 15 तारीख को हम 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाएंगे। यह भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती का सुअवसर है। मैं भगवान बिरसा मुंडा जी को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। देश की आज़ादी के लिए, आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए, उन्होंने जो काम किया वो अतुलनीय है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वन्देमातरम' में जो अद्भुत भाव भरा है, वो हमें मां-भारती की संतानों के रूप में अपने दायित्वों का बोध कराता है। 7 नवंबर को हम 'वन्देमातरम' के 150वें वर्ष के उत्सव में प्रवेश करेंगे।

इस अवसर पर सूरज राय जैन, निपुण जैन , मुकेश जैन , प्रदीप जैन , राजू जैन , मनीष जैन , पवन तनेजा ,मनोज गर्ग , अंकित जैन कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

## दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के पंजीकरण में नहीं होगी कोई भी कोताही बर्दाशत: सुशील सारवान

### पंजीकरण केन्द्रों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी**

सोनीपत। रविवार को उपायुक्त सुशील सारवान ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के अंतर्गत किए जा रहे हैं पंजीकरण कार्य का गांव बड़ी, पीपली खेड़ा, हसनपुर एवं सोनीपत में औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ बिना किसी देरी के प्रदान करना सुनिश्चित करें।

उन्होनें कहा कि पंजीकरण में आने वाली किसी भी प्रकार की तकनीकी एवं दस्तावेज संबंधी बाधा



को तुरंत प्रभाव से दूर करने का हर संभव प्रयास करें। प्रदेश सरकार इस योजना को पूर्णत– लागू करने के कटिबद्ध है। ताकि पात्र महिलाओं को इसका पूरा लाभ दिया जा सके।उपायुक्त ने बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को बिना अवरोध के चलाने के लिए सरकार द्वारा हेल्पलाइन नंबर 0172–4880500 भी शुरू किया गया है तथा एप के माध्यम से भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। मुख्यालय द्वारा प्राप्त डाटा के अनुसार इस योजना के लिए जिला की 44 हजार 533 महिलाएं पात्र है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए महिला की उम्र 23 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए, कम से कम 15 वर्ष से हरियाणा की निवासी होनी चाहिए। इसके अलावा परिवार की आय एक लाख रुपए वार्षिक होनी चाहिए।

तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कैंसर पीडित महिला, दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित महिला, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित महिला जो पहले से किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ न ले रही हो वह ही दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पात्र हैं। औचक निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सुशील सारवान के साथ एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, बीडीपीओ राजेश टिवाना, ग्राम सचिव एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## मोटरसाईकिल चोरी की घटना में संलिप्त तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी**

सोनीपत। जिले के थाना गन्नौर की पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी करने की घटना मे संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आकाश उर्फ छोटू पुत्र सुरेश निवासी जिला शामली यूपी हाल गांधी नगर गन्नौर जिला सोनीपत, उदय पुत्र कर्मबीर निवासी गांव नदीपुर माजरा गन्नौर व रोहित पुत्र ओमपाल निवासी गन्नौर जिला सोनीपत के रहने वाले है।

इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 20 अक्तूबर को अमन पुत्र जोगिन्द्र निवासी गाँव बांय जिला सोनीपत ने थाना गन्नौर मे शिकायत दी थी कि 19 अक्तूबर को समय तकरीबन 8 बजे शाम मैं अपनी बाईक पर पुरानी सब्जी मण्डी गन्नौर में दुकान का सामान लेने आया था समय तकरीबन 9:30 पर जब मैं सामान लेकर वापिस आया तो मेरी बाईक वहाँ नहीं खड़ी थी मेरी बाईक को कोई नामपता नामालूम व्यक्ति चोरी करके ले गया। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अतंर्गत थाना गन्नौर मे अभियोग अंकित किया गया था। थाना गन्नौर की अनुसंधान टीम मे नियुक्त मुख्य सिपाही प्रवीन ने अपनी पुलिस टीम के साथ घटना मे संलिप्त तीन आरोपियों आकाश उर्फ छोटू पुत्र सुरेश निवासी जिला शामली यू0पी0 हाल गांधी नगर गन्नौर जिला सोनीपत, उदय पुत्र कर्मबीर निवासी गांव नदीपुर माजरा गन्नौर व रोहित पुत्र ओमपाल निवासी गन्नौर जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है।

## गाजियाबाद में यशोदा मेडिसिटी का लोकार्पण, मुख्यमंत्री योगी बोले –

# अब यूपी के लोगों को इलाज के लिए दिल्ली नहीं भटकना होगा

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



गाजियाबाद/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गाजियाबाद में यशोदा मेडिसिटी के लोकार्पण समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हेल्थकेयर सेक्टर में निवेश, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं की दिशा में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में स्थापित यशोदा मेडिसिटी इसका सशक्त उदाहरण है। यह केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि वर्ल्ड क्लास हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर की नई परिभाषा है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के माध्यम से न केवल एनसीआर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के नागरिकों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं एक ही छत के नीचे प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों को अब दिल्ली में महंगे इलाज के लिए भटकने की जरूरत नहीं, क्योंकि गाजियाबाद में ही वर्ल्ड क्लास हेल्थकेयर उपलब्ध हो गया है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में जब उत्तर प्रदेश में थर्ड ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित हुई थी, उस समय डॉक्टर पीएन अरोड़ा ने इन्वेस्ट यूपी के साथ एमओयू किया था कि गाजियाबाद में यशोदा मेडिसिटी के नाम से अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण करेंगे। इसमें सभी प्रकार की सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं होंगी और विशेष रूप से कैंसर की अत्याधुनिक सुविधा भी, जिसके लिए पहले लोगों को विदेश जाना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि तब यह विश्वास नहीं होता था कि इतनी जल्दी यह संभव होगा, लेकिन डॉक्टर पी.एन. अरोड़ा, डॉक्टर उपासना अरोड़ा और उनकी पूरी टीम ने मात्र तीन वर्षों में इसे साकार कर दिखाया। यह इन्वेस्टमेंट भी है और 5000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार का माध्यम भी। इस अस्पताल में डॉक्टर, पैरामेडिक्स, नर्सिंग स्टाफ और अन्य हेल्थकेयर से जुड़े 5000 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन वर्षों में यह जो काम हुआ है वह उत्तर प्रदेश के बदलते निवेश माहौल और मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की शक्ति को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 11 वर्षों में हेल्थ सेक्टर में ऐतिहासिक सुधार किए हैं।

उत्तर प्रदेश ने भी इस दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। राज्य में अब तक 42 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि दो एम्स (गोरखपुर और रायबरेली) सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मिले और हेल्थकेयर में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित हो। योगी आदित्यनाथ ने भारतीय दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय मनीषा कहती है कि शरीरं माध्यमं खलु धर्मसाधनम यानी जीवन के सभी उद्देश्यों की पूर्ति एक स्वस्थ शरीर से ही संभव है। उन्होंने कहा कि यशोदा मेडिसिटी इसी भावना को मूर्त रूप देती है। यहां कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जो अब तक केवल विकसित देशों में ही मिलती थीं।

### प्रदेश और एनसीआर के नागरिकों के लिए हेल्थकेयर को मिली नई दिशा

मुख्यमंत्री ने डॉक्टर पी.एन. अरोड़ा, डॉक्टर उपासना अरोड़ा और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश और एनसीआर के नागरिकों के लिए हेल्थकेयर की नई दिशा तय की है। उन्होंने कहा कि डॉ. अरोड़ा का व्यवहार, सेवा भावना और प्रतिबद्धता उन्हें विशिष्ट बनाती है। वे हर जरूरतमंद का इलाज सुनिश्चित करते हैं, चाहे आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशोदा मेडिसिटी जैसे प्रोजेक्ट न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर रहे हैं, बल्कि रोजगार और विश्वास का नया अध्याय भी लिख रहे हैं। यह अस्पताल उत्तर प्रदेश की उस नई सोच का प्रतीक है, जो स्वास्थ्य, निवेश और सेवा को एक सूत्र में जोड़ती है।

#### राष्ट्रपति जी का जीवन देश के लिए प्रेरणा

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का प्रदेश सरकार की ओर से स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रपति जी का मार्गदर्शन हम सबके लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जी ने शून्य से शिखर तक की यात्रा कैसे की जाती है, यह अपने विराट व्यक्तित्व और कृतित्व से देश की 140 करोड़ आबादी, विशेषकर आधी आबादी के सामने प्रेरणा का स्रोत बनकर दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ जैसे पर्व की पूर्व संध्या पर आयोजित इस पावन अवसर पर वे राष्ट्रपति जी का अभिनंदन करते हैं। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भी स्वागत करते हुए कहा कि वे उत्तर प्रदेश के विकास से संबंधित हर मुद्दे पर सहज भाव से मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, यशोदा मेडिसिटी के अध्यक्ष और एमडी डॉ. पीएन अरोड़ा और डॉ उपासना अरोड़ा उपस्थित रहीं।

# गढ़मुक्तेश्वर मेला बनेगा श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक: मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ/गढ़मुक्तेश्वर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले वार्षिक कार्तिक पूर्णिमा मेले और अमरोहा के तिगरी मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया और सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेला स्थल का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर हर वर्ष लगभग 40 से 45 लाख श्रद्धालु गंगा तट पर स्नान और दीपदान के लिए पहुँचते हैं, इसलिए सभी व्यवस्थाएँ समयबद्ध और समन्वित हों ताकि किसी को असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने यातायात, सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बता दें कि इस वर्ष 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक चलने वाले इस मेले को 'मिनी कुंभ' के रूप में आयोजित करने की योजना बनाई गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। गंगा घाटों पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैनाती, सीसीटीवी व ड्रोन निगरानी, रेस्क्यू बोट और हेल्पलाइन सेंटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मेले को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश से जोड़ा जाए तथा एकल-उपयोग प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि घाटों पर पर्याप्त चेकर प्लेट लगाई जाएं, पैंटून ब्रिज की व्यवहार्यता का परीक्षण किया जाए और कटान क्षेत्रों में सिंचाई विभाग द्वारा ड्रेजिंग कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए।

उन्होंने कहा कि मेले के दौरान गहराई वाले जल क्षेत्रों में एनडीआरएफ एसडीआरएफ और फ्लड यूनिट लगातार सतर्क रहें और आवश्यक बैरिकेडिंग की जाए। श्रद्धालुओं को अनुशासित व्यवहार हेतु प्रेरित करने के लिए काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएं। पूरे मेले क्षेत्र में सीसीटीवी, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और इंटीग्रेटेड कंट्रोल सेंटर की सतत निगरानी सक्रिय रहे। पार्किंग स्थलों पर वाहनों की सुरक्षा, प्रसारण व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अस्थायी शौचालयों में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज की प्रणाली लागू की जाए और किसी भी प्रकार की लीकेज को रोका जाए। घाटों पर भीड़ नियमन, चेंजिंग रूम, स्वच्छ शौचालय, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, और कचरा एवं बोतल संग्रहण प्रणाली को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति और सभी स्थलों पर इलेक्ट्रिक सेफ्टी का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले में आकर्षक सजावट की जाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग्स लगाई जाएं। साथ ही फायर सेफ्टी सिस्टम, अस्थायी अस्पताल, एंटी-स्नेक वैनम और एंटी-रेबीज़ वैक्सीन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जल में स्नान के दौरान पुलिस और एनडीआरएफ की पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, और 20 से 25 किलोमीटर के दायरे में यातायात डायवर्जन योजना प्रभावी रूप से लागू की जाए ताकि किसी प्रकार का जाम न लगे।

## 'सतकर्ता: हमारी साझा जिम्मेदारी' थीम के साथ पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में सतकर्ता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक सभी मंडलों, कारखानों और निर्माण क्षेत्र इकाइयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। इस वर्ष का विषय है- 'सतर्कता- हमारी साझा जिम्मेदारी' यह आयोजन केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार किया जा रहा है और यह 18 अगस्त से 17 नवम्बर तक चलने वाले तीन महीने के विशेष अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पूरे ज़ोन में निवारक सतर्कता उपायों को सुदृढ़ करना है। इसका लक्ष्य रेलवे के प्रत्येक स्तर पर ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही की संस्कृति को सशक्त बनाना है।

यह कार्यक्रम मालीगांव स्थित पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक कार्यालय के सामने सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाने के साथ शुरू होगा। इसके बाद एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से कर्मचारियों और आम जनता में नैतिक मूल्यों व पारदर्शिता के प्रति जागरूकता लाई जाएगी। निर्माण संगठन के मुख्यालय में भी इसी तरह की कार्यक्रम आयोजित की जाएंगी। पूरे ज़ोन में सभी मंडल रेल प्रबंधक अपने-अपने मंडलों में सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाएंगे, ताकि सभी विभागों और लेवल के रेलवे कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान, रेलवे कर्मचारियों और आम जनता में जागरूकता फैलाने के लिए पूरे ज़ोन में कई प्रोग्राम किए जाएंगे। 28 अक्टूबर को रंगिया मंडल में सतर्कता विषयों पर इंटरैक्टिवसेशन और सेमिनार आयोजित होंगे। 29 अक्टूबर को रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल, नेताजी विद्यापीठ रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल तथा केन्द्रीय विद्यालय, मालिगांव में निबंध लेखन, चित्रांकन और पेंटिंग प्रतियोगिताएं होंगी। इसी दिन ज़ोनल रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, अलीपुर द्वार में भी निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 30 अक्टूबर को न्यू गुवाहाटी डीज़ल लोको शेड में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भ्रष्टाचार विरोधी संदेश प्रस्तुत किए जाएँगे। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित लघु फिल्में और नुक्कड़ नाटक जैसी कार्यक्रम को 31 अक्टूबर को मुख्यालय स्थित जीएम/विजिलेंस कॉन्फ्रेंस हॉल में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सम्मानित किया जाएगा। ये सभी प्रयास पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की उस निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके तहत ईमानदारी की संस्कृति को प्रोत्साहित करने, सुशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे अपने सभी कर्मचारियों, हितधारकों और आम जनता से अपील करता है कि वे इस सामूहिक जिम्मेदारी और नैतिकता के अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें तथा सतर्कता और नैतिक आचरण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

# नकली शराब, गांजा और जुए ने आंध्र को अराजकता की ओर धकेला: पूर्व मंत्री कन्नूबाबू

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेडड्डी



काकीनाडा। पूर्व मंत्री और वाईएसआरसीपी के उत्तरी आंध्र क्षेत्रीय समन्वयक कुरासला कन्नबाबू ने गठबंधन सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि पूरा प्रशासन नकली शराब, गांजा व्यापार और जुए का अड्डा बन गया है, और ये सब सत्तारूढ़ गठबंधन के संरक्षण में चल रहा है। काकीनाडा स्थित अपने कैंप कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा तेदेपा के अपने विधायक और उपमुख्यमंत्री भी अब इस अराजकता का पर्दाफाश कर रहे हैं, फिर भी चंद्रबाबू नायडू को कोई शर्म नहीं आ रही है।

कन्नबाबू ने कहा कि सरकार झूठे प्रचार और श्रेय की चोरी में लिप्त होकर लोगों की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा, चंद्रबाबू और उनके मंत्री नौकरियों और निवेश के बारे में झूठ फैलाने में व्यस्त हैं, जबकि राज्य बर्बाद हो रहा है। उन्हें लगता है कि भाजपा का समर्थन और जन सेना की साझेदारी उन्हें बचा लेगी, और येलो मीडिया उन्हें हर हाल में महिमामंडित करेगा। उन्होंने बताया कि तंबल्लापल्ले से परवाड़ा तक नकली शराब का उत्पादन कुटीर उद्योग की तरह हो रहा है, जहाँ हर गाँव में दुकानें चल रही हैं और यहाँ तक कि घर-घर शराब की डिलीवरी भी हो रही है। उन्होंने कहा वे क्यूआर-कोड जागरूकता अभियानों का दावा तो करते हैं, लेकिन सड़कों पर शराब खुलेआम बह रही है।

कन्नबाबू ने सत्तारूढ़ दलों के भीतर से चौंकाने वाले खुलासे का हवाला देते हुए कहा, ÷तेदेपा विधायक कोलिकापुडी श्रीनिवास राव ने खुद खुलासा किया कि सांसद केसिनेनी चिन्नी के आदमी गांजा बेच रहे हैं। यहाँ तक कि उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने भी लिखित रूप में स्वीकार किया कि पुलिस अधिकारी जुए के अड्डे चला रहे हैं। फिर भी, उसी क्षेत्र के उपसभापति जुए को जायज़ ठहराते हुए इसे एक हानिरहित ताश का खेल बताते हैं। यह चंद्रबाबू के शासन में नैतिक पतन को दर्शाता है। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ÷आरोग्यश्री ठप हो गया है; नेटवर्क अस्पताल 3,000 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान के कारण हड़ताल पर हैं। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, बुखार फैल रहा है, छात्रावास के छात्र संक्रमण से मर रहे हैं, और सरकार को कोई परवाह नहीं है। बेशर्मी से श्रेय लेने के लिए चंद्रबाबू की आलोचना करते हुए, कन्नबाबू ने याद दिलाया कि विशाखापट्टनम में 4 अडानी-गूगल डेटा सेंटर की अवधारणा, स्वीकृति और उद्घाटन वाईएस जगन के कार्यकाल के दौरान हुआ था। उन्होंने कहा, यहाँ तक कि गौतम अडानी ने भी ट्वीट करके इसकी पुष्टि की थी।

## छठ पर्व पर उत्तर रेलवे की बड़ी पहल

# दिल्ली क्षेत्र से 33 स्पेशल ट्रेनें रवाना, यात्रियों के लिए विशेष प्रबंध

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर बेहतर इंतज़ाम किए हैं, विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए जो पूर्वी भारत की ओर अपने घर जा रहे हैं। दिल्ली एरिया के 6 प्रमुख स्टेशनों नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, आनंद विहार टर्मिनल, हजरत निजामुद्दीन, शकूरबस्ती और गाज़ियाबाद से कुल 3,51,221 यात्री रवाना हुए। यह संख्या पिछले वर्ष की इसी अवधि (दीपावली के पांचवें दिन, 05.नवंबर .2024) की तुलना में 7.86 प्रतिशत अधिक है।

आज 33 स्पेशल ट्रेनें दिल्ली एरिया के प्रमुख स्टेशनों से चलाई जा रही हैं। नई दिल्ली से 9, दिल्ली जंक्शन से 4, आनंद विहार टर्मिनल से 9, हजरत निजामुद्दीन से 2, शकूरबस्ती से 5, दिल्ली सराय रोहिल्ला से 1, शामली से 1 और रोहतक से 2। इसके अतिरिक्त 3 पासिंग स्पेशल ट्रेनें भी निर्धारित की गई हैं। यात्रियों के सुगम आवागमन हेतु, 3 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें नई दिल्ली-दरभंगा, नई दिल्ली-राजेंद्र नगर टर्मिनल (पटना) और नई दिल्ली-सहरसा को 25 अक्तूबर को चलाया गया।

# डॉ. तरुणजीत सिंह बुतालिया को ग्लोबल इंटरफेथ कॉन्फ्रेंस से मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** रिलिजंस फॉर पीस अमेरिका के कार्यकारी निदेशक डॉ. तरुणजीत सिंह बुतालिया को लाहौर स्थित मिन्हाज विश्वविद्यालय में अंतरधार्मिक सद्भाव और सिख विरासत के संरक्षण के प्रति उनकी आजीवन प्रतिबद्धता के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार विश्व धर्मों पर आयोजित आठवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया, जहाँ मिन्हाज विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. हुसैन कादरी और कुलपति डॉ. एस.एम. शहजाद ने डॉ. बुटालिया को सम्मानित किया। इसी समारोह में क्रिश्चियन स्टडी सेंटर, रावलपिंडी के निदेशक बिशप सैमुअल रॉबर्ट अजारिया को भी राष्ट्रीय लाइफटाइम अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस वैश्विक सम्मेलन में 'लचीले समाजों का निर्माण~ कट्टरपंथ को उसकी जड़ों से रोकना' विषय पर प्रमुख धार्मिक विद्वानों और वैश्विक धार्मिक हस्तियों ने भाग लिया। दो दिवसीय चर्चा का मुख्य विषय बढ़ते ध्रुवीकरण और असहिष्णुता के दौर में अंतरधार्मिक संवाद को बढ़ावा देना और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना था।

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद डॉ. बुतालिया ने विश्वविद्यालय और सम्मेलन आयोजकों को धन्यवाद दिया और इस पुरस्कार को दुनिया भर में अंतरधार्मिक सहयोग को बढ़ावा देने वालों के सामूहिक प्रयासों के लिए एक प्रोत्साहन बताया। उन्होंने विभिन्न समुदायों के बीच मतभेदों को दूर करने और आपसी सम्मान एवं सहयोग को बढ़ावा देने में अंतरधार्मिक संवाद की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. बुतालिया की शांति के लिए एक वैश्विक राजदूत, संस्कृतियों और धर्मों के बीच सेतु-निर्माता के रूप में उनके स्थायी प्रभाव और अंतरधार्मिक नेतृत्व के क्षेत्र में उनके अद्वितीय स्थान के लिए प्रशंसा की गई।



**डॉ. तरुणजीत सिंह बुतालिया, आठवें अंतर्राष्ट्रीय विश्व धर्म सम्मेलन के दौरान मिन्हाज विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. हुसैन कादरी (दाएँ) और कुलपति डॉ. एस.एम. शहजाद (बाएँ) से लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्राप्त करते हुए। चित्र में बिशप सैमुअल रॉबर्ट अज़ारिया भी दिखाई दे रहे हैं।**

# रेल डिब्बा कारखाना कपूरथला में 27 अक्तूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कपूरथला।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सी वी सी) की राष्ट्रव्यापी पहल के अनुरूप, रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक 'सतर्कता हमारी साझा ज़िम्मेदारी' थीम के अंतर्गत सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है। इस सप्ताह के दौरान, कर्मचारियों, छात्रों और आम जनता के बीच नैतिक आचरण और सुशासन के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। उद्घाटन समारोह 27 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा, जहाँ सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी की शपथ दिलाई जाएगी। पूरे सप्ताह सेमिनार, विभिन्न प्रतियोगिताएं, कार्यशालाएं और आउटरीच कार्यक्रमों सहित कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

युवाओं को दैनिक जीवन में सतर्कता और नैतिकता के प्रति जागरूक करने के लिए आस-पास के शैक्षणिक संस्थानों में विशेष जागरूकता अभियान भी आयोजित किए जाएंगे। सतर्कता जागरूकता सप्ताह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में केंद्रीय सतर्कता आयोग की सहभागी सतर्कता पहलों में से एक है। यह शासन और लोक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। इस संदर्भ में, अगस्त 2025 में तीन महीने का अभियान शुरू किया गया, जिसमें आर सी एफ अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के हिस्से के रूप में, कर्मचारियों के बीच ईमानदारी और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए आर सी एफ में विभिन्न स्थानों पर प्रेरक आउटरीच बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं। मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री विनोद पाल के नेतृत्व में सतर्कता विभाग जागरूकता और आउटरीच गतिविधियों की एक श्रृंखला के माध्यम से इस कार्यक्रम के सफल संचालन को सुनिश्चित करने में पूरे मनोयोग से लगा हुआ है।

## शिमला में मैक्स अस्पताल के हेल्थ चेकअप कैंप में 150 लोगों की जांच की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला। रविवार को शिमला के माल स्थित इंदिरा गांधी खेल परिसर में मैक्स अस्पताल, मोहाली के निशुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप में 150 लोगों की जांच की गई। विधायक हरीश जनारथा ने शिविर का उद्घाटन किया। यह कैंप नियमित मेडिकल हेल्थ चेकअप, शीघ्र निदान और दीर्घकालिक बीमारियों से बचाव हेतु जीवनशैली में बदलाव के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया था।

कैंप के दौरान, मैक्स अस्पताल के ऑर्थो और इंटरनल मेडिसिन की एक एक्सपर्ट टीम ने जॉइंट पेन इवैल्यूएशन , बोन डेंसिटी की जाँच, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमआई विश्लेषण और अन्य महत्वपूर्ण जांच सहित विस्तृत हेल्थ इवैल्यूएशन किया। एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली डॉ. पिनाक मौदगिल ने कहा, हमारा लक्ष्य हेल्थ सेवाओं को अस्पताल की चारदीवारी से बाहर निकालकर लोगों तक पहुँचाना है जहां वे रहते हैं। नियमित हेल्थ जांच गंभीर बीमारियों का जल्द पता लगाने और उनकी रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हाई ब्लड प्रेशर, हाई ब्लड शुगर और जॉइंट समस्याओं जैसी अधिकांश जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का समय पर पता लगाकर और समय पर उपचार करके प्रबंधन किया जा सकता है या उन्हें रोका भी जा सकता है। ऐसे शिविरों के माध्यम से, हमारा उद्देश्य लोगों को उनकी हेल्थ स्थिति के बारे में अधिक जागरूक बनाना और उन्हें दीर्घकालिक हेल्थ के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# साइबर विंग को नकली शराब के गोरखधंधे का दुष्प्रचार के सौंपी शिकायत

अर्थ प्रकाश/ बोम्मा रेडड्डी

मंगलागिरी। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व मंत्री व नेताओं ने मंगलागिरी स्थित पुलिस महानिदेशक कार्यालय में सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा कथित तौर पर आंध्र प्रदेश में उजागर हुए नकली शराब के गोरखधंधे में अपनी व गैर संलिप्तता से जनता का ध्यान हटाने के लिए चला रहे एक राजनीति से प्रेरित आईवीआरएस अभियान के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराई ।

साइबर अपराध विभाग को सौंपी गई शिकायत का नेतृत्व पूर्व मंत्री जोगी रमेश और पूर्व मंत्री वेलमपल्ली श्रीनिवास साथ में एमएलसी मोंडिथोका अरुण कुमार, राज्य विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोहर रेड्डी, पूर्व विधायक, ब्राह्मण कॉर्पोरेशन अध्यक्ष मल्लाडी विष्णु और एनटीआर जिला पार्टी अध्यक्ष देवीनेनी अविनाश ने किया।

प्रतिनिधिमंडल ने इस बदनाम करने वाले अभियान के लिए ज़िम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की विदित हो इस विषय को लेकर नकली शराब के घोटाले के .मामले को सी.बी.आई. जांच करने की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को सांसदों द्वारा लिखित शिकायत भी देकर मांग की गई थी।

मीडिया से बात करते हुए, जोगी रमेश ने कहा आंध्र प्रदेश के लोग नकली शराब के धंधों से नाराज़ हैं, जिसने गठबंधन सरकार के भीतर भ्रष्टाचार और आपराधिक गठजोड़ को उजागर किया है जो छुपाया नहीं जा सकता इस मामले में सीधेमुख्यमंत्री और नारा लोकेश की भी मिली भगत कराई गई नकली शराब बिक्री घोटाला का धंधा सामने आ रहा है।



सच्चाई का सामना करने में असमर्थ, तेलुगु देशम पार्टी ने सुनियोजित ढंग से वाईएसआर पार्टी के नेताओं को बदनाम करने के लिए आईवीआरएस कॉल के माध्यम से झूठ फैलाकर ध्यान भटकाने की रणनीति अपना रहे हैं जो इनके वार्तालापऔर बनाई गई योजनाएं फोन कॉल डाटा कॉल तथा गत चुनाव में बांटी गई शराबसे लेकर अब तकहजारों करोड़ों कानकली शराब का धंधाजब तक सीबीआई जांच नहीं होगी यह उजागर नहीं होगाऔर उनके हरकतों पर हम एक बार पुनः साइबर को शिकायत दिया है कहा .ताकि उनकी योजनाओं पर निगरानी रखें युक्त शिकायतकेंद्रीय विभाग को भी भेजा जा रहा है अगर प्रेस को बताया । उन्होंने नकली शराब मामले से उन्हें जोड़ने वाले निराधार आरोपों को बढ़ावा देने के लिए चंद्रबाबू की जाति बिरादरी येलो मीडिया मनगढ़ंत बातें फैलाई जा रही है .जो निराधार है कहा पूर्व मंत्री योगी रमेश ने जिसकी निंदा की और इसे चरित्र हनन का एक जानबूझकर किया गया प्रयास करार दिया। उन्होंने साइबर अपराध अधिकारियों से इसके मास्टरमाइंड की पहचान करने और उन्हें दंडित करने का आग्रह किया।

जोगी रमेश ने आगे कहा केवल चंद्रबाबू और लोकेश ही इस तरह का प्रचार करने में सक्षम हैं। अगर चंद्रबाबू में सचमुच हिम्मत है, तो उन्हें शराब रैकेट की सीबीआई जाँच का आदेश देना चाहिए। अपनी ईमानदारी की पुष्टि करते हुए, उन्होंने कहा कि वह अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए लाई डिटेक्टर या नार्को-एनालिसिस टेस्ट के लिए तैयार हैं। वाईएसआरसीपी ने शराब रैकेट और बदनाम करने वाले आईवीआरएस अभियान, दोनों की पारदर्शी और स्वतंत्र जाँच की माँग की और इसे आंध्र प्रदेश में राजनीतिक ईमानदारी की परीक्षा बताया।

# पिंक सिटी के निवासियों ने पार्क की जगह पर कब्ज़ा करने का आरोप लगाते हुए बिल्डर के खिलाफ किया रोष प्रदर्शन


कार्यकारी अधिकारी को दी जाएगी बिल्डर के खिलाफ शिकायतः स्थानीय निवासी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 26 अक्टूबर।** रविवार को पिंक सिटी, पीर मुछल्ला के निवासियों ने सोसाइटी के पार्क पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए बिल्डर के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इस अवसर पर सोसायटी निवासियों ने नगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी को देने के लिए एक मांग पत्र भी जारी किया। मामले संबंधित जानकारी देते हुए गुरसेवक सिंह पुनिया, लक्ष्मण सिंह प्रधान पिंक सिटी, शेर सिंह, दिनेश सैनी, ईश्वर सिंह आदि ने बताया कि उनकी सोसाइटी में गेट नंबर 2 के आखिर में चार दिवारी के अंदर 610 गज का एक पार्क है। यह पार्क नगर परिषद द्वारा पास किए गए नक्शे में भी मौजूद है। उन्होंने बताया कि इसी पार्क में सोसाइटी निवासियों के लिए पीने के पानी का ट्यूबल भी है। उन्होंने आरोप लगाया के अब बिल्डर इस पार्क में प्लॉट काट कर फ्लैट बनाने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक बिल्डर ने तो यहां कुछ जगह पर कब्जा भी कर लिया है। सोसाइटी निवासियों का कहना है कि सोसाइटी के पास सिर्फ यही एक ग्रीन एरिया है। उन्होंने कहा कि यदि इसमें भी बिल्डर गैर कानूनी निर्माण कर कब्जा कर लेता है, तो सोसायटी के पास कोई भी पार्क नहीं बचेगा। उन्होंने कार्यकारी अधिकारी जीरकपुर से इस मामले में संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

इस अवसर पर सौरव मलिक, विष्णु शर्मा, तरुण जीत सिंह, जोगिंदर सैनी, रविंद्र सिंह राणा, विनोद चौहान, अभिषेक तलवार, राकेश मनचंदा, गौरव शर्मा, राधेश्याम, गुलशन कुमार गोयल, बलविंदर नैन, सुरजीत, अलका, बरसाती, रमेश भट्ट, संदीप और सनी भी उपस्थित थे।








यदि बिल्डर ने प्लान लेआउट के हिसाब से पार्क और ट्यूबवेल के लिए जगह नहीं छोड़ी और उस जगह में प्लाट काट रहा है तो उसके खिलाफ सोमवार सुबह मौका देखने के बाद सख्त एक्शन लिया जाएगा।
परविंदर सिंह भट्टी
कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद जीरकपुर

# ज़ीरकपुर में सेन सभा ने रखा सम्मान समारोह

सेन समाज ने विधायक रंधावा को किया सम्मानित और सौंपा मांग पत्र

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**ज़ीरकपुर, 26 अक्टूबर।** हलका विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा ज़ीरकपुर की सेन सभा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

समारोह की अध्यक्षता सेन सभा ज़ीरकपुर के प्रधान मुकेश सेन ने की। कार्यक्रम के दौरान समाज की तरफ़ से विधायक रंधावा को क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर सेन सभा ने समाज की वर्षों पुरानी मांगों को विधायक के समक्ष रखते हुए शीघ्र समाधान की अपील की। रंधावा ने सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुनकर भरोसा दिलाया कि सेन समाज के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा हमारी प्राथमिकता है। आपकी हर मांग पर विभागीय स्तर पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।'

सेन सभा की प्रमुख मांगों में ज़ीरकपुर में किसी चौक/पार्क/सड़क का नामकरण संत शिरोमणि सेन भगत जी के नाम पर रखा जाए। ज़ीरकपुर में सेन समाज के सामाजिक-धार्मिक कार्यों के लिए एक प्लॉट आवंटित किया जाए जिसका इस्तेमाल समाज के धार्मिक व सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए किया जा सके।





### सेन समाज ने जताया आभार

प्रधान मुकेश सेन ने कहा कि 'विधायक रंधावा हमेशा हमारे साथ खड़े रहे हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि इस बार सेन समाज के लिए नई सौगात मिलेगी।'

### समाज में खुशी और उम्मीद का माहौल

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे विधायक के आश्वासन के बाद उपस्थित लोगों में उत्साह देखने को मिला। निवासियों ने कहा कि संत शिरोमणि सेन भगत जी के नाम पर चौक का नामकरण होने से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी और समाज के योगदान को पहचान मिलेगी। सेन सभा ने नगर निगम व जिला प्रशासन को भी लिखित रूप से मांगपत्र सौंपा है, जिस पर जल्द ही बैठक की उम्मीद जताई जा रही है।

# बाबा श्याम जी के जन्मदिवस को समर्पित भव्य निशान यात्रा की तैयारियां हुई मुकम्मल

श्री अग्रसेन समिति द्वारा लगाया जाएगा कड़ी कचोरी का भंडारा

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 26 अक्टूबर।** जगराओं हारे के सहारे बाबा श्याम जी के जन्मदिवस को समर्पित 2 नवंबर दिन रविवार को जगराओं रेलवे स्टेशन से शुरु होने वाली भव्य निशान यात्रा की तैयारियां मुकम्मल हो चुकी है। बाबा श्याम के भक्तों द्वारा निकाली जा रहे भव्य निशान यात्रा संबंधी जानकारी देते हुए भक्त हर्ष सिंगला बताया कि बाबा खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा रेलवे स्टेशन से आरम्भ को होकर मंडी चौक, झांसी रानी चौक से होती हुई माता चिंतपूर्णी मंदिर मॉडल टाउन जगराओं में संपन्न होगी। श्याम भक्त संजीव बंसल काला ने कहा कि जो भक्त बाबा खाटू श्याम जी को निशान चढ़ाते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। बाबा श्याम के भक्त निशान यात्रा में शामिल होकर बाबा के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा व्यक्त करते हैं। बाबा के भक्त मॉडर्न फोटोग्राफ़ी वाले विनय गुप्ता ने कहा कि श्याम भक्तों द्वारा जगह जगह पर भंडारे भी लगाए जाएंगे। श्री अग्रसेन समिति अग्रवाल समाज द्वारा श्याम भक्तों के लिए बाबा श्याम जी का प्रिय प्रसाद कड़ी कचोरी का भंडारा लगाया जाएगा। इस मौके युधिष्ठिर सैन, उदय बंसल, संजीव बांसल निक्कू, रोहित कुमार, विनीत कुमार, कमल किशोर, राकेश गुप्ता और अशोक सिंगला हाजिर थे।



# नियमों को ताक पर रख डंपिंग ग्राउंड में फेंका जा रहा है मेडिकल वेस्ट

नगर परिषद के अधिकारी इस तरफ नहीं दे रहे ध्यान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** बिशनपुरा के डंपिंग ग्राउंड में नियमों को ताक पर रख कर कूड़े के साथ-साथ मेडिकल वेस्ट भी फेंका जा रहा है, लेकिन नगर परिषद के अधिकारियों का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। लोगों ने डंपिंग ग्राउंड में गिरे हुए सिरिंज दिखाते हुए कहा कि इस तरह से कूड़े कचरे में मेडिकल वेस्ट फेंकने से इन्फेक्शन का खतरा होता है। उन्होंने कहा कि नशेड़ी किस्म के लोग इन सीरिंज का इस्तेमाल नशा करने के लिए करते है। इसलिए यह भी जांच का विषय है कि डंपिंग ग्राउंड में इतनी बड़ी मात्रा में यह मेडिकल वेस्ट कहां से आ रहा है? लोगों ने नगर परिषद के अधिकारियों से मांग की है कि डंपिंग ग्राउंड में एक सुपरवाइजर नियुक्त किया जाना चाहिए, जो इस बात का ध्यान रखे कि मेडिकल वेस्ट, कूड़े के साथ डंपिंग ग्राउंड में न डाला जाए। दूसरी तरफ डंपिंग ग्राउंड के मुख्य गेट के साथ वाली दीवार, जो पिछले काफी समय से टूटी हुई है, अभी तक नहीं बनाई गई है। इसके कारण डंपिंग ग्राउंड का कूड़ा बाहर वाली सड़क की तरफ फैल गया है। दीवार न होने के कारण आवारा पशु डंपिंग ग्राउंड में घुस जाते है और इस कूड़ा करकट को खाते रहते है। लोगों का कहना है कि जहां नगर परिषद ने डंपिंग ग्राउंड को साफ करने का ठेका करोड़ों रुपए में एक निजी कंपनी को दे रखा है, वहीं दूसरी तरफ डंपिंग ग्राउंड के मुख्य गेट के साथ की दीवार को अभी तक नहीं बनाया है, जिसके कारण यह कूड़ा सड़क पर फैल गया है। इस कारण जहां इस क्षेत्र में बदबू फैलने लगी है, वहीं यहां से गुजरने वाले राहगीरों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।





मेडिकल वेस्ट जिसमें इस्तेमाल की गई सिरिंजे और इंजेक्शन मेडिकल में इस्तेमाल की गई हुई पट्टीयों को डंप ग्राउंड में नहीं फेंका जा सकता यह सरासर गलत है। जिस किसी ने भी ऐसा किया है उसके अगेंस्ट एक्शन लिया जाएगा और इस बारे में सेनेटरी इंस्पेक्टर से डिटेल रिपोर्ट मांगी जाएगी और दीवार बनाने का काम जल्द शुरू कर दिया जाएगा।
परविंदर सिंह भट्टी
कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद जीरकपुर

# पशुपति सेवा संस्था द्वारा देउसी-भैलो एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम का सफल आयोजन

अर्थ प्रकाश/जे.के. बत्रा

**चंडीगढ़, 26 अक्टूबर।** ट्राई-सिटी क्षेत्र की एकमात्र नेपाली सामाजिक संस्था पशुपति सेवा संस्था (रजि.) द्वारा श्री पंचमुखी पशुपतिनाथ शिवालय मंदिर, नयागांव (केयर ऑफ पशुपति सेवा संस्था रजि.) में मंदिर निर्माण की आगामी योजना के तृतीय चरण हेतु देउसी-भैलो एवं दीपावली मिलन-घर दैलो कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम मंदिर परिसर से आरंभ होकर नयागांव में संपन्न हुआ। इसमें संस्था के कलाकारों, बाल-बालिकाओं, कार्यकारिणी समिति, जनरल टीम और स्थानीय अतिथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री कृष्ण महतारा ने की, संचालन सचिव श्रीमती मीना गौतम ने किया और मार्गदर्शन वरिष्ठ सलाहकार त्रिलोचन भट्टराई ने प्रदान किया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य मंदिर के निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग एकत्रित करना रहा। नेपाल में दीपावली के अवसर पर मनाया जाने वाला 'देउसी-भैलो' कार्यक्रम दान, आशीर्वाद और शुभकामनाओं की परंपरा को आगे बढ़ाता है।

संस्था द्वारा प्राप्त समस्त धनराशि श्री पंचमुखी पशुपतिनाथ शिवालय मंदिर के निर्माण कार्य में समर्पित की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएँ शीघ्र उपलब्ध कराई जा सकें।



# सैदपुरा गांव में लगे शिविर में 130 ने किया रक्तदान

डेराबस्सी नगर परिषद क्षेत्र में सराहनीय पहल

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 26 अक्टूबर।** डेराबस्सी नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सैदपुरा में रविवार को सैदपुरा युवा क्लब की ओर से एक बड़ा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस सामाजिक पहल में गांव के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगभग 130 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह सैदपुरा के नौजवानों द्वारा आयोजित पहला रक्तदान शिविर था, जिसने पूरे क्षेत्र में मिसाल पेश की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निर्मल सिंह नीमा और सत्येंद्र कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मानवता की भावना को मजबूत करते हैं तथा जरूरतमंदों की जान बचाने में मददगार साबित होते हैं।

रक्तदान शिविर के संचालन में डॉ. विश्वजीत की अगुवाई में सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, सेक्टर 32, चंडीगढ़ की चिकित्सा टीम ने विशेष सहयोग दिया। इस मौके पर सैदपुरा युवा क्लब के सदस्य विशाल खान ने कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है, आगे भी गांव के नौजवान समाज सेवा के कार्यों में इसी तरह बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि क्लब का उद्देश्य युवाओं में सहयोग और सेवा भावना को जागृत करना है, ताकि हर व्यक्ति समाज के विकास में अपनी भूमिका निभा सके।

शिविर के आयोजन में गांव के कई सक्रिय युवा साथी जैसे आशु, नंदू, लाड़ी, राजेश, सिप्पू, हर्ष, रूबल, रवि, राहुल आदि मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और एकता का माहौल देखा गया।



# भजन गायक हंसराज रघुवंशी व उसके परिवार को उसके ही भक्त ने लॉरेंस व गोल्डी बराड़ से मरवाने की धमकी दी

ऑडियो रिकार्डिंग में आरोपी भजन गायक हंसराज रघुवंशी को गोल्डी बराड से मारने की दे रहा धमकी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 26 अक्टूबर।** प्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी व उसके परिवार को उसके ही भक्त ने लॉरेंस व गोल्डी बराड़ से मरवाने की धमकी दी है। भक्त ने धमकी के साथ 15 लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी है। मध्यप्रदेश के मंडीदीप हिमांशुमेरा सिटी के रहने वाले राहुल कुमार नागडे ने भजन गायक हंसराज रघुवंशी के सिक्योरिटी गार्ड को व्हट्सएप्प कॉल करके यह धमकी दी है। 4 मिंट 25 सेकंड की इस ऑडियो रिकार्डिंग में वह साफ तौर पर भजन गायक हंसराज रघुवंशी को गोल्डी बराड से मारने की धमकी दे रहा है। हालांकि धमकी एक महीने पहले (15 सितंबर) को मिली थी लेकिन आरोपी की वॉयल रिकार्डिंग पुलिस को देने उपरांत रिकार्डिंग के आधार पर निजी सिक्योरिटी गार्ड विजय कटारिया के बयान पर राहुल नागडे के खिलाफ बीएनएस की धारा 351/2(सम्मान को नुकसान पहुंचाना व कार्य करने के लिए मजबूर करने की धमकी देना), 308/5(जबरन वसूली), 296 व 67 के तहत मामला दर्ज किया गया है। लॉरेंस व गोल्डी बराड़ के नाम से मोहाली में सिंगर, बिजनेसमैन, फार्मा कंपनी के मालिक तक को भी रंगदारी व जान से मारने की धमकियां आ चुकी हैं और अब भजन गायक को भी धमकी मिली है। पुलिस का मानना है कि कई मामलों में लॉरेंस बिश्नोई व गोल्डी बराड़ का नाम इस्तेमाल किया जाता है जिसकी जांच की जा रही है। इस मामले में भी पुलिस जांच कर रही है कि राहुल नागड़े का उक्त गैंगस्टरों से संपर्क है या नहीं या फिर उनके नाम का इस्तेमाल कर भजन गायक को डराया व धमकाया गया है।

उज्जैन के महाकाल मंदिर में वर्ष 2021-22 में राहुल कुमार नागड़े की मुलाकात हंसराज रघुवंशी से पहली बार हुई थी। एफआईआर के अनुसार उसने रघुवंशी की नजरों में खुद को बड़ा भक्त साबित किया और नजदीकियां बनाई। खुद को हंसराज रघुवंशी का छोटा भाई बताता था और राहुल रघुवंशी नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट बना लिया। उसने हंसराज रघुवंशी से इस अकाउंट को फॉलो करवा लिया। हंसराज रघुवंशी की शादी में शामिल हुआ और उसके रिश्तेदारों से संपर्क बना लिया। वह हंसराज रघुवंशी की महिला भक्तों को मिलवाने के लिए उन्हें अपने साथ ले जाता था। वहीं, बाबा से मिलवाने के नाम पर भक्तों से पैसे ले जाता था। यह बात मालुम होने पर हंसराज रघुवंशी ने उससे दुरिया बना ली। बाबा की पहचान और लोकप्रियता का गलत इस्तेमाल किया। उसने रिकार्डिंग में कहा कि जैसे टी-सीरीज के मालिक गुलशन कुमार की हत्या हुई थी वैसे ही वह उसकी हत्या करवा देगा क्योंकि लॉरेंस बिश्नोई उसे स्पॉट करता है और गोल्डी बराड़ के साथ उसके निजी संबंध हैं। उसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई की दूसरी कॉपी बताया। जिसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ।



# गुरदर्शन सैणी ने सीतला माता मंदिर में सभी के भले के लिए की अरदास

मंदिर कमेटी को 11 हज़ार रुपये की राशि भेंट

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 26 अक्टूबर।** सीनियर भाजपा नेता और समाजसेवी गुरदर्शन सिंह सैणी ने सीतला माता मंदिर, गांव धनौनी में माता की चौकी और भंडारे में अपने साथियों के साथ हाजिरी भरी। इस अवसर पर उन्होंने माता रानी का आशीर्वाद लिया और सभी के भले के लिए अरदास की। प्रबंधक कमेटी ने उन्हें विशेष सम्मान और मान-सम्मान प्रदान किया।

इस अवसर पर श्री सैणी ने कहा कि संगत का हिस्सा बनकर मन को बहुत खुशी मिली। उन्होंने कमेटी की हौसला-अफजाई के लिए अपनी कमाई में से 11,000 रुपये भेंट किए और कहा कि समाज को धार्मिक कार्यों से जोड़ने के लिए इस तरह के प्रयास करने वाली कमेटियों की हमेशा प्रशंसा करनी चाहिए।

सैणी ने आपसी भाईचारे को और मजबूत बनाने का भी संदेश दिया। उन्होंने प्रबंधकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए लोगों को सच्ची कड़ी मेहनत करके साधा जीवन बिताने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए और सभी धार्मिक त्योहारों को मिलकर धूमधाम से मनाना चाहिए।

सैणी ने यह भी कहा कि भारत गुरु-पीरों की धरती है और सभी धर्म बराबर हैं। धर्म आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। इसलिए धर्मों की प्रगति और सम्मान के लिए हमें हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमें मिल-जुलकर रहना चाहिए क्योंकि एकता में ही शक्ति है, जिससे हम बड़ी से बड़ी मुश्किलों का सामना आसानी से कर सकते हैं।

हमेशा ईमानदारी के मार्ग पर चलना चाहिए और किसी को धोखा नहीं देना चाहिए, क्योंकि हम जो बीजते हैं वही काटते हैं। इसलिए सभी को मिलकर प्रेम और भाईचारा कायम रखना चाहिए और सभी धर्मों का सम्मान करते हुए सभी त्योहार मिलकर मनाने चाहिए।

इस अवसर पर दविंदर सिंह धनौनी, हरप्रीत सिंह, मेजर सिंह परागपुर, मिंटू जी, बबली सरपंच, राजवीर, धर्मा और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# वेज खाने की जगह भेजा नॉनवेज खाना, पता लगने पर ग्राहक ने की ऑनलाइन शिकायत

नामी होटल से मंगवाया था खाना, जांच में जुटा होटल प्रबंधन

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 26 अक्टूबर।** अंबाला चंडीगढ़ एक्सप्रेसवे पर स्थित फाइव स्टार होटल हॉलिडे इन के विवा रेस्टोरेंट से शनिवार रात को जब स्विग्गी से ऑर्डर करने के बाद एक ग्राहक को वेज दिखा कर नॉन वेज खाना खाना भेज दिया गया। एडवोकेट साहिल गोयल ने अपने दफ्तर में अपने और अपने परिवार के लिए ऑनलाइन डिलीवरी ऐप से वेज मेनू में जाकर खाना आर्डर किया था जो कि विवा रेस्टोरेंट की तरफ से उन्हें नॉन वेज (गिलाफी सीख कबाब) भेज दिया गया।

एडवोकेट साहिल गोयल ने आज एक प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर को स्विगी ऑन लाइन एप्लीकेशन के माध्यम से होटल हॉलिडे इन स्थित रेस्टोरेंट विवा से अपने और अपने परिवार के लिए वेज मेनू में देखकर गिलाफी सीख कबाब मंगवाया था, जो कि ऐप पर स्पष्ट रूप से वेज (शाकाहारी) दिखाया गया था।

एडवोकेट गोयल ने बताया कि यह बात तब सामने आई जब उनके असिस्टेंट ने ध्यान दिलाया कि नॉन-वेज है। लेकिन तब तक एडवोकेट गोयल और उनकी पत्नी लगभग आधा खाना खा चुके थे। इसके तुरंत बाद दोनों की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें काफी अस्वस्थ महसूस हुआ। गोयल ने बताया कि उनका परिवार पूरी तरह शुद्ध शाकाहारी है और पाठ-पूजा के दिनों में प्याज-लहसुन तक का सेवन नहीं करता। ऐसे में यह घटना न केवल उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी है बल्कि उनकी धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुँचाने वाली बात है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मांग की कि ऐसे रेस्टोरेंट्स पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी भी उपभोक्ता के साथ इस तरह की ठगी और अपमानजनक घटना न हो। एडवोकेट गोयल ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को फोन कर शिकायत दर्ज करवाई दी थी और उन्हें उम्मीद है कि पुलिस जल्द इस पर कार्रवाई भी करेगी। उन्होंने आगे कहा कि वे उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए इस मामले को कानूनी रूप से आगे बढ़ाएंगे।





हमें स्वीगी एप से ऑर्डर आया था, यह गलती उनके तरफ से हुई है। उन्होंने अपने मैन्यू में वेज नॉन वेज में गलत उपडेट किया हुआ था। जिसके लिए हमने स्वीगी एप को मेल कर दी है और उन्हें अपना लिस्ट ठीक करने के लिए बोला है। हमारे पास जो ऑर्डर आया था हमने वही भेजा है। बाकी हम अपने स्तर पूरी जांच कर रहे हैं।
अमित कुमार, जी एम हॉलिडे इन होटल जीरकपुर

# मोदी के नेतृत्व में हिमाचल को हमेशा मिली प्राथमिकता : धूमल

## पूर्व मुख्यमंत्री प्रो धूमल ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**हमीरपुर।** भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो प्रेम कुमार धूमल से उनके निजी निवास पर शिष्टाचार भेंट की।

प्रो प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश को हमेशा प्रथम स्थान दिया गया है, जुलाई महा में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में यह महसूस किया गया कि हिमाचल प्रदेश में बादल फटने, अचानक बाढ़, भूस्खलन और मूसलाधार वर्षा की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हुई है, जिससे राज्य में व्यापक जनहानि, बुनियादी ढाँचे और आजीविका को नुकसान और पर्यावरण क्षरण हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तुरंत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की, भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे, भूविज्ञानी और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर के विशेषज्ञों की एक बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम गठित करने का आदेश दिया। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून 2025 के दौरान बाढ़, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के मद्देनजर, केंद्र सरकार ने उनके ज्ञापन का इंतज़ार किए बिना ही, नुकसान का प्रत्यक्ष आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल को पहले ही भेज दिया है। इस अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल ने 18-21 जुलाई 2025 तक राज्य के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, केंद्र सरकार आपदाओं के समय बिना किसी भेदभाव के राज्यों के साथ मजबूती से खड़ी है। इसी दिशा में, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने वर्ष 2023 के लिए बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने जैसी आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिये हिमाचल प्रदेश को 2006.40 करोड़ के परिव्यय को पहले ही मंजूरी दे दी है और 7 जुलाई 2025 को 451.44 करोड़ रुपये की पहली किस्त भी जारी कर दी है। इसके अलावा, राज्य के प्रभावित लोगों की सहायता के लिए, केंद्र सरकार ने तत्काल राहत उपायों के लिए 18 जून 2025 को राज्य आपदा मोचन निधि (स्ष्ठक्रस्न) से हिमाचल प्रदेश को 198.80 करोड़ रुपये की केंद्रीय हिस्सेदारी की पहली किस्त पहले ही जारी कर दी है। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश सहित सभी राज्यों को आवश्यक राष्ट्रीय आपदा मोचन बाल टीमें, सेना टीमें और वायु सेना की तैनाती सहित सभी प्रकार की रसद सहायता भी प्रदान की है। राज्य में बचाव और राहत कार्यों के लिए ह्रष्ठक्रस्न की कुल 13 टीमें तैनात हैं।

उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के प्रभावित क्षेत्रों में बादल फटने, बारिश और भूस्खलन के कारण बाढ़ की स्थिति और नुकसान की समीक्षा के लिए 9 सितंबर 2025 को हिमाचल प्रदेश का दौरा किया।

## सिद्धार्थन ने ढल्ली में सुना मन की बात कार्यक्रम



अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने कुसुम्पटी शहरी मंडल के बूथ क्रमांक 16, ढल्ली ग्रामीण में कार्यकर्ताओं के साथ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को एक साथ सुना। सिद्धार्थन ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायी विचार हम सभी को राष्ट्र सेवा के संकल्प में और दृढ़ करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोड़ ने अपने कार्यक्रम के माध्यम से समझाया कि पे?-पौधों की, वृक्षों की यही तो खासियत होती है। जगह चाहे कोई भी हो, वो हर जीव मात्र की बेहतरी के लिए काम आते हैं। इसीलिए तो हमारे ग्रन्थों में कहा गया है ङ्क धन्या महीरूहा येभ्यो, निराशां यान्ति नार्थिनः। अर्थात, वो वृक्ष और वनस्पतियाँ धन्य हैं, जो किसी को भी निराश नहीं करते। हमें भी चाहिए, हम जिस भी इलाके में रहते हैं, पे? अवश्य लगाएं। 'एक पे? माँ के नाम' के अभियान को हमें और आगे ब?ाना है।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष केशव चौहान, मंडल अध्यक्ष भारत भूषण ठाकुर, आशा शर्मा, गीता देवी, बूथ अध्यक्ष ओम प्रकाश, जीत सिंह, कुलवंत ठाकुर, मंजू कौशल, किरण देवी उपस्थित रहे।

# दिसंबर में होंगी 3 राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं : रोहित ठाकुर

> शिक्षा मंत्री ने जुब्बल में किया राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि दिसंबर माह में हिमाचल प्रदेश में 3 राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगितायें करवाई जाएगी जिसके लिए 1 करो? रुपए स्वीकृत किये जा चुके है। इन प्रतियोगिताओं में देश के 36 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से खिला?ी भाग लेंगे, जिसमे अंडर-14 छात्र वर्ग (वॉलीबाल), अंडर-19 छात्र (हेंड बॉल और कब्बडी) की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

रोहित ठाकुर आज अपने गृह क्षेत्र जुब्बल में मौजूद थे जहाँ पर उन्होंने ÷ठाकुर राम लाल÷ स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुब्बल में आयोजित छात्राओं की राज्य स्तरीय ÷अंडर-14÷ खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने इस प्रतियोगिता में राज्य भर से आई छात्राओं को बेहतरीन प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी और विद्यालय प्रशासन को इस आयोजन पर बधाईया भी दीं। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 12 जिला और एक खेल छात्रावास सहित कुल 507 छात्राएं भाग ले रही हैं और इस प्रतियोगिता में वॉलीबाल,कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन और टेबल टेनिस आदि खेल स्पर्धाएं हो रही है।

रोहित ठाकुर ने अपने वक्तव्य के दौरान खेलों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छात्र जीवन में प?ाई के साथ साथ खेलों का एक विशेष महत्त्व है। खेलों से जहाँ एक ओर बच्चों के स्वास्थ्य में वृद्धि होती है वहीँ दूसरी ओर एक स्वस्थ प्रतियोगिता का विकास भी होता है। उन्होने बताया कि वर्तमान में सरकार ने खेलों को ब?ावा देने की दृष्टि से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं जिसमे खिला?ियों की ÷डाइट मनी÷ को 120 रुपए से ब?ाकर 220 रुपए करने के अलावा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सरकार द्वारा सम्मानित किया जाना शामिल है।

# स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद आवश्यक : वीरेन्द्र

> सोलन में नि:शुल्क मैगा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि आयुर्वेद विश्व को भारत की अनुपम देन है और समग्र स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद महत्वपूर्ण है। वीरेन्द्र सिंह आज यहां प्रेस क्लब सोलन, सनातन धर्म सभा रबौन तथा भारद्वाज परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क मैगा स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारम्भ करने के उपरांत उपस्थित चिकित्सकों, पत्रकारों व अन्य प्रबुध जन को सम्बोधित कर रहे थे।

वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन धरोहर है। यह शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का विज्ञान है। आधुनिक समय में आयुर्वेद पद्धति का महत्व ब? रहा है। यह रोगों का उपचार करने के साथ-साथ बीमारियों की रोकथाम और बेहतर जीवनशैली पर बल देता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के माध्यम से रोग का समूल खात्मा किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि आयुर्वेदिक चिकित्सा को अपनाएं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा का कोई दुष्प्रभाव नहीं हैं और व्यक्ति पर इसका सकारात्मक असर होता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में योग, प्राणायाम, संतुलित आहार और अनुशासित दिनचर्या को विशेष महत्व दिया गया है।

वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्तमान में नशा ब?ी चुनौती बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि जन-जन को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देने के लिए न्याय पालिका की ओर से गांव-गांव में ?िला विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं ताकि युवाओं को नशे से बचाया जा सके। वीरेन्द्र सिंह ने युवाओं से आग्रह किया ऑनलाईन गैम्? से दूरी बनाएं और पारम्परिक तथा मैदान में खेली जाने वाली खेलों को अपनाएं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को प्राचीन संस्कृति, परम्पराओं व मूल्यों से रू-ब-रू करवाते रहें।

राज्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास निगम के प्रबंध निदेशक अजय कुमार यादव ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर ?रूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने तथा रोगियों की सहायता करने में सहायक सिद्ध होते है। इस अवसर पर समाज सेवी जगदीश भारद्वाज ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा चिकित्सा शिविर के आयोजन एवं रूपरेखा पर प्रकाश डाला। सनातम धर्म सभा सोलन के संरक्षक स्वाधीन चन्द्र गौड, ?िला आयुर्वेदिक अधिकारी किन्नौर डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ लोकेश ममघई, अधिवक्ता अतुल भारद्वाज ने इस अवसर पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए।

# छ्जू राम सैंज थाने के नए प्रभारी, नशे के खिलाफ जनता को करेंगे जागरूक

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 26 अक्तूबर।** कुल्लू जिला के पुलिस थाना सैंज में बीते दिनों खाली हुए थाना प्रभारी के पद पर सरकार ने नियुक्ति कर दी है। पिछले तीन दशकों से पुलिस विभाग में सेवारत मंडी जिला के छ्ज् राम को उनके अनुभव को देखते हुए थाना प्रभारी सैंज की कमान सौंपी गई है।

सैंज थाना में छज्जु राम ने एक्शन मोड में जॉइनिंग कर कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने की बात कही है।

पत्रकारों के साथ बात करते हुए सैंज के नए थाना प्रभारी छज्जु राम ने बताया कि बे इससे पहले जिला कुल्लू पुलिस लाइन में कार्यरत थे। छज्जु राम को एक सशक्त एवं निर्भीक पुलिस अफसर माना जाता है । शनिवार को कार्यभार संभालने के बाद नव नवेले थाना प्रभारी छज्जू राम ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में जान-माल की रक्षा के साथ-साथ शांति व्यवस्था बनाए रखना व आपराधिक गतिविधियों से जनता को दूर रखना है।

उन्होंने बताया कि आज ?रूरत है कि नशे का समूल नाश किया जाए क्योंकि नशे से अपराध को ब?ावा मिलता है जिससे दुर्घटनाएं होने की संभावना ज्यादा रहती है । थाना प्रभारी ने बताया कि सैंज में जाम की समस्या काफी हद तक हल हुई है लेकिन इसके लिए और अधिक प्रयास किए जाएंगे, जिसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों, व्यापार मंडल व आम जनता का सहयोग भी लिया जाएगा।

थाना प्रभारी ने बताया कि अपने कर्तव्य पर हमेशा से सिपाही की तरह डटे रहे हैं और सैंज में नशे के कारोबार पर नकेल कसी जाएगी। साथ ही आम जनता की भलाई के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नशे के व्यापारियों पर पुलिस द्वारा जगह-जगह नकेल कसी जाएगी। थाना प्रभारी ने घाटी के पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की है कि नशा बेचने वालों की जानकारी पुलिस को दें और जानकारी देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** अर्की विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह चण्डी-कश्लोग में सम्पन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के नाते डॉ. राजीव बिन्दल, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने जनसंघ के समय से पार्टी का कार्य करने वाले 145 वरिष्ठ नागरिकों, भाईयों, बहनो को सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सोलन रतन सिंह पाल, पूर्व विधायक गोविन्द राम शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजू ठाकुर, ओ.पी. गांधी, मण्डल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, रीना भारद्वाज, वरिष्ठ नेत्री आशा परिहार, प्रतिभा कंवर व सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

डॉ. बिन्दल ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय को स्मरण करते हुए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कठिन परिस्थितियों में पार्टी का झण्डा बुलंद करने के लिए धन्यवाद दिया।

डॉ. बिन्दल ने नरेन्द्र भाई मोदी सरकार द्वारा देश को दुनिया में अग्रिम पंक्ति पर लाकर खड़ा करने के लिए उनका धन्यवाद किया। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए डॉ. बिन्दल ने कहा कि पिछले 3 सालों में वर्तमान सरकार ने हिमाचल प्रदेश को हर मामले में पछाड़ कर रख दिया। प्राकृतिक आपदा के दौर में केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा राहत एवं पुनर्वास कार्यो हेतु दी गई राशियों को प्रभावित परिवारों तक पहुंचाने में वर्तमान सरकार पूरी तरह फेल हुई है। 2023 में जो लोग विस्थापित हुए, उन्हें आज तक जमीन, मकान नहीं मिल पाया है और 2025 में बेघर हुए परिवारों के साथ भी अन्याय हो रहा है। वितरण प्रणाली और भाई-भतीजावाद सर चढ़कर बोल रहा है।

डॉ. बिन्दल ने आरोप लगाया कि 42 हजार करोड़ का कर्जा लेने के बावजूद प्रदेश के विकास कार्यो को ग्रहण लगा हुआ है। कांग्रेस के नेता, मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगणो ने 3 साल का समय नरेन्द्र भाई मोदी को गाली देने में बिता दिया। हिमाचल प्रदेश की 28 लाख बहनों को धोखा देकर सत्ता में आई कांग्रेस पार्टी ने 3 साल में बहनों का भरपूर शोषण किया है। उन्हें 1500 रू0 महीना तो दिया ही नहीं परन्तु उनके उपयोग की वस्तुओं को निरन्तर महंगा किया जिससे परिवार चलाना कठिन हो गया। केन्द्र की मोदी सरकार ने टैक्स घटाकर रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुओं को सस्ता किया और प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने टैक्स लगाकर उन्हें महंगा कर दिया और जनता के उपर भारी भरकम बोझ लाद दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### अनिरुद्ध सिंह कल कसुम्पटी के प्रवास पर

**शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 28 अक्टूबर, 2025 को कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि पंचायती राज मंत्री 28 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे पगोग में मिनी-कुफ्टाधार से लोअर बडश सड़क का शिलान्यास करने के उपरांत जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके उपरांत दोपहर 12:20 बजे ग्राम पंचायत भोंट के शलेच में भोंट-कवि सड़क का शिलान्यास करने के उपरांत जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा कुरदी नाला से गांव शाहल सड़क का शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात् दोपहर 1:30 बजे ग्राम पंचायत डुम्मी के मेला ग्राउंड पोआबो में ग्राम पंचायत भोंट, डुम्मी और चेरी के लिए आईपीएच जेजेएम योजना का उद्घाटन करेंगे और उसके बाद जनसभा करेंगे। इसके उपरांत पोआबो में पंचायत सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास करेंगे तथा वेस्ट टू वेल्थ व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र-सह-कौशल उन्नयन केंद्र और पीडब्ल्यूएमयू का शिलान्यास करेंगे और पंचायत घर डुम्मी का उद्घाटन करेंगे।

### फ्लाइंग फेस्टिवल में खली के न आने से दर्शक मायूस

**शिमला (अरविंद शर्मा)।** जुन्गा में चल रहे फ्लाइंग फेस्टिवल और हॉस्पिटेलिटी एक्सपो 2025 में डब्लयूडब्लयूई के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रेसलर दलीप सिंह राणा ऊर्फ द ग्रेट खली के न आने से दर्शक और विशेषकर स्थानीय लोग काफी काफी मायूस दिखाई दिए । बता दें कि फ्लाइंग फेस्टिवल के दूसरे दिन अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रेसलर दलीप सिंह राणा ऊर्फ द ग्रेट के आने का कार्यक्रम था परंतु किन्ही अपरिहार्य कारणों से द ग्रेट खली नहीं आ पाए । स्थानीय लोग द ग्रेट खली के आने का ब?ी बेताबी से इंतजार कर रहे थे परंतु न आने से लोग और आयोजक काफी निराश दिखाई दिए । इनका कहना था कि द ग्रेट खली एक अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रेसलर रहे हैं जिन्होने देश का नाम रेसलिंग में विश्व भर में रोशन किया है।

# शिक्षा को ज्ञान प्राप्ति व भविष्य के मार्ग निर्धारण का साधन बनाएं छात्र : संजय

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि छात्र शिक्षा अर्जन को अंक प्राप्ति का नहीं अपितु ज्ञान प्राप्ति एवं भविष्य के मार्ग को सरल करने का माध्यम बनाएं। संजय अवस्थी आज कुनिहार स्थित शिव तांडव गुफा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के ?िला स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

विधायक ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक बनती है जब नैतिक एवं जीवन मूल्य की जानकारी उसमें समाहित हो। यह उद्देश्य समृद्ध सनातन संस्कृति का ज्ञान प्राप्त कर पूर्ण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति जीवन जीना सिखाती है और इसी संस्कृति ने पूरे विश्व को एक सूत्र में बांधने का ज्ञान दिया है।

संजय अवस्थी ने कहा कि हमारी पहचान ही हमारी संस्कृति है तथा इसके संरक्षण के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संस्कृति इतिहास और भविष्य के मध्य सेतु का कार्य करती है तथा संस्कृति का ज्ञान भावी पी?ी के जीवन को सुरक्षित बनाता है।

उन्होंने संस्कृति संवर्द्धन में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के प्रयासों की सरहना की। उन्होंने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज लुप्त होती जा रही प्राचीन संस्कृति को पुनर्जीवित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्राचीन मूल्य, परम्पराओं को पुनजीर्वित करना समय की मांग है।

संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों को समग्र शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि हिमाचल के युवा नैतिक एवं जीवन मूल्यों के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा प्राप्त करें। इस दिशा में प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित किए जा रहे राजीव गांधी डे बोर्डिंग विद्यालय मील का पत्थर साबित होंगे।

विधायक ने उपस्थित युवाओं एवं छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सफलता की प्राप्ति के लिए लक्ष्य का निर्धारण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प?ाई केवल अंक प्राप्त करने के लिए न करें अपितु ज्ञान प्राप्ति के उद्देश्य से करें। उन्होंने छात्रों को अपनी संस्कृति से जु? रहकर आगे ब?ने की सलाह दी।

संजय अवस्थी ने अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार को अपनी ओर से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की।

# मनाली के अलेऊ में बिहारी युवक ने पत्नी का गला काट कर की हत्या

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 26 अक्तूबर।** रविवार को पुलिस स्टेशन मनाली में हत्या का एक मामला दर्ज हुआ है। इस मामले में रोहित कुमार नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी का गला काटकर उसकी हत्या कर दी है।

रोहित कुमार अपनी पत्नी निधि और छोटी बेटी के साथ गांव अलेऊ में रामनाथ के मकान में किराये पर रहता था।

रोहित कुमार पेंटर का काम करता था। उसे पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है और पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया जा रहा है।

रोहित कुमार मूल रूप से बिहार राज्य के जिला पश्चिम चंपारण के गांव मंगलपुर का रहने वाला है तथा उसकी उम्र 37 वर्ष है। अभी फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है द्य पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है द्य मनाली डीएसपी केडी शर्मा ने केस की पुष्टि की है।

# लोक निर्म्राण विभाग में आंतरिक संचार भी ई-मेल से हो रहा : सीएम

> 100 कार्यालयों को ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए सीएम ने लोक निर्माण विभाग की सराहना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य सरकार के डिजिटल गवर्नेंस सुधारों के अनुरूप, लोक निर्माण विभाग के 100 कार्यालयों को ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए विभाग की सराहना की है। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यालयों में ई-ऑफिस आरम्भ करने में लिए विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पण और क?ी मेहनत की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब फाइलों का संचालन प्रमुख अभियन्ता से सचिव स्तर तक, सचिव कार्यालय से लोक निर्माण मंत्री के कार्यालय तक और इसके पश्चात मुख्यमंत्री कार्यालय तक ई-ऑफिस के माध्यम से सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग में आंतरिक संचार भी अब आधिकारिक ई-मेल के माध्यम से हो रहा है, जिससे कार्य में अनावश्यक विलंब में कमी आई है। इस डिजिटल परिवर्तन से तय समय सीमा के भीतर और पूर्ण पारदर्शिता से फाइलों का संचालन, किसी भी स्तर पर लंबित फाइलों की वास्तविक समय पर दृश्यता और आधिकारिक अभिलेखों की आसान निगरानी और पुनर्प्राप्ति सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि जहां डिजिटलीकरण आमतौर पर शीर्ष स्तर पर आसान और क्षेत्रीय स्तर पर अधिक चुनौतीपूर्ण होता है, वहीं लोक निर्माण विभाग ने अधिषाशी अभियन्ता स्तर तक ई-ऑफिस को सफलतापूर्वक लागू किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम सरकार के जवाबदेह और प्रौद्योगिकी-संचालित शासन के दृष्टिकोण के अनुरूप एक महत्त्वपूर्ण प्रशासनिक सुधार है।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह डिजिटल परिवर्तन विभाग को अधिक पारदर्शी, कुशल और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में ही विभाग ने निर्धारित समय सीमा के भीतर विभाग को डिजिटल बनाने का लक्ष्य हासिल किया है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 26 अक्तूबर।** रघुनाथ हॉस्पिटल एवं रघुनाथ फाउंडेशन की ओर से रघुनाथ क्लिनिक, जरी में महिलाओं के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर पार्वती घाटी की महिलाओं और युवतियों के लिए आयोजित किया गया था।

इस शिविर का नेतृत्व रघुनाथ हॉस्पिटल की वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ तथा लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. ललिता बंसल ने अपनी समर्पित टीम के साथ किया। शिविर में 50 से अधिक गर्भवती महिलाओं, युवतियों एवं अन्य महिलाओं ने भाग लिया और निन्शुल्क परामर्श, स्वास्थ्य जांच एवं उपचार का लाभ उठाया। इस अवसर पर महिलाओं में मातृ स्वास्थ्य, नियमित जांच एवं स्त्री रोग संबंधी जागरूकता पर विशेष बल दिया गया। डॉ. ललिता बंसल ने स्थानीय4 महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की और रघुनाथ हॉस्पिटल की ओर से भविष्य में भी ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। स्थानीय लोगों की मांग को देखते हुए, अब से हर शनिवार को रघुनाथ क्लिनिक, जरी में एक विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे।

आगामी शनिवार, 1 नवम्बर 2025 को आयोजित शिविर में रघुनाथ हॉस्पिटल के सर्जिकल स्पेशलिस्ट डॉ. नासिर अली उपलब्ध रहेंगे और मरीजों को सर्जरी एवं सामान्य शल्य चिकित्सा से संबंधित परामर्श एवं उपचार प्रदान करेंगे। रघुनाथ हॉस्पिटल एवं रघुनाथ फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

शोक | भारतीय सेना के जवान इंद्र सिंह का आकस्मिक निधन

# सैन्य सम्मान के साथ इंद्र सिंह को दी अंतिम विदाई

> कुल्लू के कराल गांव में शोक की लहर
>
> छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौटे, दिल का दौरा पड़ने से निधन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 26 अक्तूबर।** कुल्लू जिले की ऊझी घाटी के कराल (शिरड़) गांव के निवासी और भारतीय सेना के जांबाज सिपाही इंद्र सिंह का असामयिक निधन हो गया है। 37 वर्षीय जवान इंद्र सिंह का निधन हिसार में उनकी तैनाती के दौरान हृदय गति रुकने (दिल का दौरा) से हुआ।

जानकारी के अनुसार, इंद्र सिंह हाल ही में दिवाली का पर्व अपने परिवार के साथ बिताने के बाद हिसार स्थित अपनी ड्यूटी पर वापस लौटे थे, जहां अचानक उनकी जान चली गई। छुट्टी से लौटकर राष्ट्र सेवा में जुटे इस जवान का यूं अचानक दुनिया से चले जाना पूरे क्षेत्र के लिए एक गहरा सदमा है। उनके निधन की खबर से कराल गांव और पूरे कुल्लू में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

देश के लिए अपनी सेवाएं देते हुए अपनी जान गंवाने वाले शहीद इंद्र सिंह का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव कराल में पूरे राजकीय और सैन्य सम्मान के साथ हुआ।

जैसे ही उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। इस वीर सपूत के अंतिम दर्शन के लिए स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए। सेना के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

जवान इंद्र सिंह अपने पीछे एक बेटी और दो बहनें छोड़ गए हैं। उनके पिता तुलसी राम वन विभाग से सेवानिवृत्त हैं और माता गृहणी हैं। इस अचानक हुई क्षति से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पूरे गांव और क्षेत्र ने इस दुख की घड़ी में शहीद के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है ।

# इत्र और गुलाब की खुशबू से महक उठे सांवरिया सरकार...

श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा विशाल श्री श्याम जागरण दीदार सांवरे का आयोजित, उमड़ पड़ा आस्था का समुद्र

अर्थ प्रकाश/अमित



**कुरुक्षेत्र, 26 अक्तूबर।** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), कुरुक्षेत्र द्वारा विशाल श्री श्याम जागरण दीदार सांवरे का एवं अमृतमयी भंडारा संपन्न हुआ। विस्तृत जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभू प्रसाद,प्रधान सुभाष सुखीजा और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव अनुष्ठान श्री श्याम जागरण के साथ संपन्न हुआ जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे श्याम भक्तों ने दरबार में शीश नवाया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री हनुमान मंदिर सब्जी मंडी के मुख्य पुजारी आचार्य नरेश कौशिक ने समिति पदाधिकारियों प्रधान सुभाष सुखीजा, उप प्रधान एलडी कंबोज, सचिव अटल शर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा, राजेश मोदगिल, आशीष चोपड़ा, विनीत राजपाल, हेमंत भारद्वाज मंडोली, राजू छाबड़ा, अशोक शर्मा, अशोक अरोड़ा, सुरेन्द्र काठपाल, हेमंत यादव, बंसी लाल, संदीप देवीदास पुरा, विजय सैनी, राजू ज्योतिसर, ललित अत्री, डॉ.घनश्याम शर्मा, सतीश कारसा, लवकेश शर्मा, जतिन शर्मा, विजय गुलाटी, डा.प्रवीण शर्मा, अनिरुद्ध, साहिल शर्मा, नरेश सैनी बिशनगढ़, जतिन सैनी बिशनगढ़, शेर सिंह शेरा, कृष्ण कुमार, हिमांशु मल्होत्रा, सोनू, विजय नरूला, मोहम्मद खान, सुरेन्द्र कुमार, श्री खाटू श्याम मंदिर महिला मंडल की सदस्याएं, श्री हनुमान मंदिर सभा पुरानी सब्जी मंडी के कार्यकारिणी सदस्य, मेन बाजार मार्केट एसोसिएशन के सदस्य और दुकानदार, अंशु, अनमोल, गौरव, शंटी, अंशुमान,सर्वेश रोहिला, शुभम, कपिल सोनी, शिवम सैनी, स्वतंत्र शर्मा,राजू और राजीव बारना आदि ने श्री श्याम पूजन में हिस्सा लिया .तत्पश्चात मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी संजीव सीकरी मित्तल और उद्योगपति अंकुश गुप्ता-अभिषेक गुप्ता ने श्याम ज्योति प्रज्ज्वलन किया।

### श्याम जी को छप्पन भोग लगाए गए

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, जगबीर जोगनाखेड़ा, गगनदीप ढींगरा आशु, श्याम जुनेजा, श्यामप्रेमी अजय गोयल, दिनेश गोयल व हर्ष गोयल ने विशेष तौर पर शिरकत की। मंच संचालक सोनीपत से श्री भगवान दीक्षित ने मंदिर विस्तार हेतु दानवीरों ने यथासंभव सहयोग देने की घोषणा की। इत्र और गुलाब की खुशबू से श्री श्याम जी का भव्य दरबार महक उठा। श्याम जी को छप्पन भोग लगाए गए और रंगीन आतिशबाजी भी की गई। श्याम जागरण में हजारों की संख्या में पहुंचे श्याम भक्तों की आस्था का समुद्र उमड़ पड़ा। कई श्रद्धालुओं के जत्थे पैदल निशान लेकर पहुंचे और श्याम जी के चरणों में अर्पित किए। आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रसाद प्रदान किया। अर्धरात्रि तक चले श्याम जागरण में समस्तीपुर (बिहार) से रेशमी शर्मा, जयपुर से संजय पारीख, सोनीपत से अंश दीक्षित ने श्याम गुणगान किया।



# आर्य पी.जी. महाविद्यालय में कोचिंग कैंप का समापन

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 26 अक्टूबर।** लैक्रोस संघ हरियाणा के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय हरियाणा स्टेट रेफरी कोचिंग एवं कोच सेमिनार का सफल समापन आज आर्य पी.जी. महाविद्यालय, पानीपत के खेल परांगण में हुआ। यह सेमिनार 25 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2025 तक चला, जिसमें प्रदेश के 14 जिलों से आए 75 पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों एवं तकनीकी अधिकारियों ने भागीदारी की।

इस तकनीकी सेमिनार के दौरान प्रतिभागियों को लैक्रोस खेल की तकनीकी एवं व्यावहारिक बारीकियों से अवगत करवाया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य राज्य में लैक्रोस खेल को प्रोत्साहन देना तथा रेफरियों और कोचों के कौशल को निखारना रहा। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा ओलंपिक संघ के पूर्व सह सचिव एवं हरियाणा रग्बी के सचिव नरेंद्र सिंह मोर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि लैक्रोस संघ हरियाणा के प्रधान महेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर लैक्रोस संघ हरियाणा रेफरी बोर्ड के चेयरमैन सोमनाथ सैनी और कन्वीनर राजपाल रेढू ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया तथा प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कैंप के दौरान राजेंद्र देशवाल, नीमा रानी, सुमित राठी, मनीष (रोहतक), परवीन (दादरी), अनिल गौड़ (पलवल), राम रति (फरीदाबाद), विष्णु बिश्नोई (हिसार), दीपेश (भिवानी), सिद्धार्थ (यमुनानगर), अशोक (फतेहाबाद), बलराज (सिरसा), सोनू, राहुल (पानीपत), अमन एवं अमित (झज्जर) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पूर्व विद्यार्थी शिक्षण संस्थान की जीवंत पहचान होते हैं : डा. बलदेव सेतिया

**कुरुक्षेत्र, 26 अक्तूबर (अर्पण वधवा)।** विद्या भारती से संबद्ध व हिन्दू शिक्षा समिति द्वारा संचालित श्रीमद भगवत गीता प्राथमिक विद्यालय बालघर में रविवार को स्मृतियों की पुनर्गम पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम तिलक के साथ सभी का स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि (विद्यालय के पूर्व छात्र) डा. बलदेव सेतिया (प्रोफेसर एनआईटी), मुख्य वक्ता डा. ममता चावला (असिस्टेंट प्रोफेसर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी), चेतराम शर्मा (हिंदू शिक्षा समिति उपाध्यक्ष एवं विद्यालय प्रांत प्रतिनिधि), प्रबंध समिति अध्यक्ष सतपाल शर्मा, उपाध्यक्ष केवल कृष्ण, प्रबंधक जीवन मौदगिल, कोषाध्यक्ष धीरज गोयल व प्रधानाचार्या चेतना वशिष्ठ द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन व? वंदना के साथ किया गया।

# ज्ञान मंदिर की 18वीं मंजिल पर 40 से अधिक कवियों ने रचनाएं गोष्ठी में प्रस्तुत की

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 26 अक्तूबर।** प्रेरणा संस्था ने निरंतर साहित्य के क्षेत्र में कदम ब?ाते हुए साहित्यिक विंग अखिल भारतीय प्रेरणा साहित्य एवं शोध संस्थान के द्वारा मासिक काव्य गोष्ठी का दूसरी बार 18 मंजिला ज्ञान मंदिर के शीर्ष पर आयोजन किया। उल्लेखनीय है कि धर्मनगरी में यह सबसे ऊंचा मंदिर निर्माणाधीन है जहां से पूरे नगर का अवलोकन किया जा सकता है। मंदिर की 18वीं मंजिल पर कार्यक्रम के दौरान प्रेरणा साहित्य एवं शोध संस्थान के अध्यक्ष डा. जय भगवान सिंगला ने बताया कि हमारा प्रयास है कि लोगों में साहित्य के पठन-पाठन की रुचि बढ़े और साहित्य का विकास हो। हमारी मासिक काव्य गोष्ठी कई मायनों में दूसरी काव्य गोष्ठियों से भिन्न है। इसमें प्रत्येक महीने की काव्य गोष्ठी के लिए एक अलग विषय दिया जाता है। उसी विषय पर ही सभी कवि व रचनाकार अपनी-अपने रचनाएं लेकर आते हैं। उन्होंने बताया कि दूसरी विशेष बात यह है कि ऐसा हमारे देश में पहली बार हो रहा है कि प्रत्येक महीने की काव्य गोष्ठी की रचनाओं को एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित करवाया जाता है। इस महीने की काव्य गोष्ठी में डा. हरिप्रसाद मुख्य अतिथि थे और विशिष्ट अतिथि के रूप में अरुण पाराशर बारना मौजूद रहे। इस बार की काव्य गोष्ठी में 40 से अधिक कवियों की प्रतिभागिता रही और सब ने नवरात्र, दीपावली और दशहरे पर अपनी अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सरोज सैनी, डा. ममता सूद, हरकेश पपोसा, विकास शर्मा, सौरभ, गौरव चौधरी, शिव किरमच, अनिता रामपाल, कविता रोहिल्ला, वीरेंद्र राठौर, सुषमा, सुरेखा, चायना अंकित माथुर, सागर आदि कवि मौजूद रहे।

# शिक्षा विभाग के एसीएस विनीत गर्ग ने फतेहाबाद की अनाज मंडी का किया दौरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहाबाद, 26अक्तूबर।** शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) विनीत गर्ग ने फतेहाबाद की अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद कार्यों की प्रगति, व्यवस्थाओं और किसानों की सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया।

एसीएस विनीत गर्ग ने मंडी में पहुंचकर किसानों, आढ़तियों और खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधियों से बातचीत की तथा मौके पर धान की आवक, तौल, गेट पास, उठान का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान खरीद प्रक्रिया सरकार द्वारा निर्धारित सभी मानकों के अनुसार पारदर्शी और सुचारु रूप से पूरी की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को उनकी फसल का समय पर और उचित मूल्य दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंडियों में साफ-सफाई, बिजली, पीने के पानी, शौचालय, तौल और उठान जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि खरीदी गई फसल का भुगतान निर्धारित समयसीमा में किसानों के खातों में सीधे हस्तांतरित किया जाए। सीएस ने धान अवशेष (पराली) प्रबंधन की स्थिति की भी समीक्षा की और कहा कि किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक किया जाए तथा जहां आवश्यकता हो, वहाँ सख्त कार्रवाई भी की जाए। दौरे के उपरांत विनीत गर्ग ने रेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेकर खरीद कार्यों और अवशेष प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को मंडियों और खेतों दोनों में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि जिले में धान खरीद कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। सभी मंडियों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो खरीद कार्य की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पराली प्रबंधन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जागरूकता के साथ-साथ सख्ती भी बरती जा रही है, ताकि किसी भी किसान द्वारा धान के अवशेष न जलाए जाएं।

# फतेहाबाद पुलिस का सख्त आदेश, मंडियों में केवल हरियाणा का ही बिकेगा धान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहाबाद, 26 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस* के निर्देशानुसार जिलेभर के सभी चौकी एवं थाना प्रभारियों को सख्त आदेश जारी किए गए हैं कि किसी भी हालत में बाहरी राज्य का धान फतेहाबाद की मंडियों में न बेचा जाए। केवल हरियाणा प्रदेश का धान बिक्री की अनुमति होगी। यह कदम किसानों की मेहनत और उत्पादन की सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय मंडियों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

एसपी जैन* ने कहा कि अंतरराज्यीय नाकों पर लगातार चेकिंग की जाएगी। ट्रक, वाहन या कोई भी संदिग्ध गतिविधि पुलिस की नजर से बच नहीं पाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी चौकी एवं थाना प्रभारी पूरी सतर्कता और सख्ती के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएँगे।

पुलिस और प्रशासन के सहयोग से इस अभियान की सफलता सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मंडियों और नाकों पर नियमित निरीक्षण करें और संदिग्ध वाहनों पर पैनी नजर रखें। साथ ही, पुलिस-मित्र और स्थानीय नागरिक भी इस मिशन के सहयोगी हैं। यदि कोई बाहरी राज्य का धान मंडियों में बेचने की कोशिश करेगा, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। एसपी जैन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को देखें तो चुप न रहें। ÷देखा-सुना-सुनाया, तुरंत पुलिस को बताया।÷ जनता और पुलिस के सहयोग से फतेहाबाद की मंडियों में पारदर्शिता बनी रहेगी और किसानों के उत्पादन एवं अधिकार सुरक्षित रहेंगे।

पुलिस की चेतावनी साफ है ङ्क मंडियों में केवल हरियाणा प्रदेश का धान बिकेगा। बाहरी राज्य का धान लाने वालों के लिए कानून सख्त है। पुलिस सतर्क है, प्रशासन तैयार है और आप भी इस मिशन का हिस्सा बनें। फतेहाबाद पुलिस सुरक्षा, सख्ती और समुदाय का साथ।



# जयराम पब्लिक स्कूल के नन्हे बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण किया

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 26 अक्तूबर।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल के नन्हे नन्हे विद्यार्थियों का अरुणाय मंदिर पिहोवा में शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान नर्सरी से द्वितीय कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों को मंदिर के महत्व से अवगत करवाया गया। साथ बच्चों भ्रमण के उद्देश्य व धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से परिचित करवाया गया। बच्चों ने पूरे मंदिर परिसर का भ्रमण किया। सरस्वती नदी के दर्शन किए तथा प्रकृति की सुंदरता का आनंद लिया।

शिक्षकों ने बच्चों को मंदिर के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर नन्हे बच्चे अत्यंत उत्साहित और आनंदित दिखे। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनमें भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं।

# जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने छठ महापर्व में भगवान सूर्यदेव की पूजा का महत्व बताया

छठ महापर्व पूजा भगवान सूर्य देव को धन्यवाद देने का अनोखा त्यौहार है ˆ महंत राजेंद्र पुरी

अर्थ प्रकाश /अर्पण वधवा



**कुरुक्षेत्र, 26 अक्तूबर।** जग ज्योति दरबार के श्रद्धालुओं द्वारा छठ महापर्व की पूजा के अवसर पर महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि सनातन धर्मावलंबी महिलाएं सुख-समृद्धि के लिए कठिन व्रत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रकृति के षष्ठ अंश से उत्पन्न षष्ठी माता बालकों की रक्षा करने वाले भगवान विष्णु द्वारा रची माया हैं। बच्चे के जन्म के छठे दिन छठी मैया की पूजा की जाती है, जिससे बच्चे के सुख कल्याण होता है।

छठ पर डूबते व उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मइया (षष्ठी देवी) का पूजन करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। महंत राजेंद्र पुरी ने सत्संग में प्राचीन कथा एक प्रसंग पर चर्चा करते हुए बताया कि राजा प्रियव्रत के मृत पुत्र को छठी मैया ने जीवित कर दिया था, जिसके बाद से उनकी पूजा की परंपरा चली। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि भगवान सूर्य प्रत्यक्ष देवता हैं, वे संपूर्ण जगत की अंतरात्मा हैं। छठ महापर्व सृष्टि चक्र का प्रतीक है। मनुष्य के जीवन में उदय व अस्त दोनों अनिवार्य है। छठ का पर्व हमें सिखाता है कि बच्चे के जन्म पर जैसे उत्सव मनाते हैं। ठीक उसी प्रकार मृत्यु को गले लगाना चाहिए। हर अस्त में उदय छिपा है, हर मृत्यु में नवजीवन। उत्थान और पतन दोनों को समान सम्मान होना चाहिए, क्योंकि पतन ही उत्थान का मार्ग प्रशस्त करेगा। शास्त्रों ने उगते और डूबते सूर्य दोनों को महत्व दिया है। इस अवसर पर रविवार का भजन संकीर्तन भी हुआ। इस अवसर पर मेघराज गोयल, साधना गोयल, करमचंद, विकास रहेजा, अंजना रहेजा, कृतिका, अंशुल, दीपक, अजय राठी, विजय राठी व अक्षय राठी इत्यादि भी मौजूद रहे।

जानकारी

## जरूरतमंदों को इलाज के लिए आवेदन के 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता

# मुख्यमंत्री राहत कोष में आवेदन की प्रक्रिया हुई सरल : डीसी अभिषेक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गई है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी।

डीसी ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत



कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### वित्त वर्ष में केवल एक बार ही मिलेगा लाभ

डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत पैसा ही मिलेगा, जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख रुपए निर्धारित की गई है। आवेदक वित्त वर्ष में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया को आम जनता के लिए सरल बनाने के साथ ही समयबद्ध भी किया गया है। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। यदि कोई आवेदक दूसरे राज्य में इलाज करवा रहा है और वह चाहता है कि उपचार की राशि सीधे अस्पताल को मिले तो वह संबंधित अस्पताल की बैंकिंग डिटेल्स भी सांझा कर सकता है।

**यह है आवेदन मंजूरी की प्रक्रिया :** डीसी अभिषेक मीणा ने आवेदन मंजूरी की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि जैसे ही आवेदक आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर अपना आवेदन डालेगा, वैसे ही आवेदन को संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक, अध्यक्ष जिला परिषद, अध्यक्ष ब्लॉक समिति, मेयर/एमसी के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा और ये जनप्रतिनिधि पांच दिन के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ डीसी कार्यालय को भेजेंगे। उसके उपरांत आवेदन को डीसी कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदार को आवेदक की चल -अचल संपत्ति की वेरिफिकेशन तथा सिविल सर्जन को मेडिकल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए भेजा जाएगा। इस पूरी प्रकिया में संपत्ति की वेरिफिकेशन के लिए चार दिन व सिविल सर्जन कार्यालय से जु? सत्यापन कार्य के लिए पांच दिन की समयसीमा निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त दोनों विभागों से मिली रिपोर्ट्स को उपायुक्त की संस्तुति के साथ कमेटी के सदस्य सचिव को भेजा जाएगा, जिसे वे सीनियर एकाउंट अधिकारी को भेजेंगे। इसके बाद स्वीकृत की गई राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेज दी जाएगी।

# डोंकी से विदेश जाना जीवन और समाज दोनों के लिए घातक : कुलदीप सिंह

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद।** आज जींद पुलिस ने तीन युवकों को सुरक्षित रिसीव किया जो अवैध रूप से 'डोंकी रूट' से अमेरिका गए थे।

पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह भा.पु.से. ने जानकारी देते हुए बताया कि जींद जिले के अजय पुत्र राजेश निवासी भैरो खेड़ा, लब्जोत सिंह पुत्र तहलसिंह निवासी निम्नाबाद व नवीन पुत्र जोगेंद्र निवासी पीलूखेड़ा कुछ समय पूर्व गैर-कानूनी तरीके से 'डोंकी रूट' के माध्यम से अमेरिका चले गए थे। अब यह तीनों युवक अमेरिका से वापस लौट आए हैं, जिन्हें डीएसपी संदीप कुमार की अगुवाई में जींद पुलिस द्वारा सुरक्षित रिसीव कर के उन्हें सुरक्षित परिजनों के हवाले कर दिया गया।

एसपी जींद ने बताया कि 'डोंकी रूट' से विदेश जाना एक गंभीर अपराध होने के साथ-साथ समाज की प्रतिष्ठा पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। इस तरह की अवैध यात्रा न केवल आर्थिक हानि का कारण बनती है बल्कि जीवन को भी खतरे में डाल देती है। कई बार ऐसे मामलों में युवाओं को रास्ते में शारीरिक प्रताड़ना, धोखाधड़ी, या यहां तक कि जान तक गंवानी पड़ जाती है।

एसपी जींद ने समस्त जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति विदेश जाना चाहता है तो हमेशा वैध और प्रॉपर चैनल के माध्यम से ही जाए। वीज़ा लगवाने से पहले एजेंट या संस्था का पूरा सत्यापन करें और किसी भी अंजान व्यक्ति के झूठे लालच में न आएं।





# सारांश टंडन चुने गए यूटीसीए के नए प्रेसिडेंट, नई लीडरशिप का रोडमैप जमीनी स्तर, महिला क्रिकेट को प्रोत्सान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 अक्टूबर।** सारांश टंडन को रविवार को चंडीगढ़ के होटल हयात रीजेंसी में हुई एसोसिएशन की 45वीं सालाना आम बैठक में सर्वसम्मति से तीन साल के कार्यकाल (2025-26, 2026-27 और 2027-28) के लिए यूटी क्रिकेट एसोसिएशन का नया प्रेसिडेंट चुना गया। सारांश टंडन ने 19 अक्टूबर को दूसरे उम्मीदवारों के साथ प्रेसिडेंट पद के लिए अपना नॉमिनेशन फाइल किया था, जिसके खिलाफ कोई और नॉमिनेशन नहीं मिला। इलेक्शन ऑब्जर्वर मनिंदर सिंह बैंस (आईएएस) ने हरि सिंह खुराना (सेक्रेटरी), संजय डेनियल बनर्जी (वाइस प्रेसिडेंट), राहुल तलवार (जॉइंट सेक्रेटरी) और आलोक कृष्ण (ट्रेजरर) वाली नई पांच सदस्यों वाली एग्जीक्यूटिव टीम की घोषणा की। इस बीच, विनय ग्रोवर बिना किसी विरोध के एपेक्स




काउंसिल मेंबर चुने गए, जबकि पवन कुमार मुटनेजा और रविंदर सिंह को गवर्नर काउंसिल (सीपीएल) पदों के लिए चुना गया। प्रोफेसर (डॉ.) नीरू मलिक, रविकांत शर्मा और अभिमन्यु जी को विमेंस प्रीमियर लीग की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पूर्व रणजी खिलाड़ी राकेश जॉली को क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है, जबकि जस्टिस राज मोहन सिंह को लोकपाल और मेहन एसोसिएट्स को ऑडिटर के तौर पर नियुक्त किया गया है। इससे पहले, अपने भाषण में, बीसीसीआई द्वारा डब्ल्यूपीएल के गवर्निंग काउंसिल मेंबर के तौर पर नियुक्त किए गए निवर्तमान प्रेसिडेंट संजय टंडन ने अपने कार्यकाल के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों पर बात की और कई ऐसी पहलों के बारे में बताया, जिन्होंने चंडीगढ़ में क्रिकेट के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखी है।

संजय टंडन ने यूटीसीए के महिला क्रिकेट को मजबूत बनाने पर ध्यान देने पर ज़ोर दिया, जिसमें विमेंस प्रीमियर लीग गवर्निंग काउंसिल बनाना भी शामिल है। उन्होंने बताया कि बीसीसीआई ने चंडीगढ़ में साल भर क्रिकेट एक्टिविटी में मदद के लिए एक स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट इंडोर क्रिकेट फैसिलिटी बनाने के लिए 20 करोड़ रुपये के प्रिंसिपल ग्रांट को मंजूरी दी है। उन्होंने क्लीन क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए एंटी-करप्शन यूनिट्स को मज़बूत करने, प्लेयर इंगेजमेंट और ओरिएंटेशन प्रोग्राम शुरू करने और दिव्यांग (डिफरेंटली-एबल्ड) क्रिकेट को सपोर्ट करने में यूटीसीए की कोशिशों पर भी ज़ोर दिया, जिससे एसोसिएशन का होलिस्टिक और इनक्लूसिव अप्रोच दिखता है। टंडन ने बताया कि यूटीसीए ने आने वाले बीसीसीआई टूर्नामेंट्स के लिए अपनी फैसिलिटीज़ का इस्तेमाल करने के लिए पंजाब यूनिवर्सिटी के साथ एक एग्रीमेंट किया है। यूटीसीए की लगातार ग्रोथ को देखते हुए, बीसीसीआई ने पहले उनकी लीडरशिप में चंडीगढ़ की शानदार प्रोग्रेस को पहचान देने के लिए 3 करोड़ रुपये के क्रिकेटिंग इक्विपमेंट दिए थे। जमीनी स्तर की पहलों पर बात करते हुए, टंडन ने 'गली क्रिकेट' की सफलता का ज़िक्र किया, जो कम्युनिटी लेवल पर क्रिकेट को बढ़ावा देने और युवाओं को जोड़कर ड्रग्स के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए एक मॉडल प्रोग्राम है। उन्होंने गर्व के साथ यह भी बताया कि यूटीसीए भारत का आठवां स्टेट एसोसिएशन (36 में से) बन गया है, जिसने उभरते क्रिकेटरों के लिए ज्यादा मौके बनाने के लिए अपनी खुद की फ्रेंचाइजी-बेस्ड लीग शुरू की है। यूटीसीए के निवर्तमान सेक्रेटरी देविंदर शर्मा ने सालाना रिपोर्ट पेश की। प्लेयर रजिस्ट्रेशन 1,400 (2023-24) से बढ़कर 2,820 (2024-25) हो गए, जो 2,419 (2025-26) पर आकर रुके और चंडीगढ़ के बढ़ते क्रिकेट बेस को दिखाया। यूटीसीए ने रणजी ट्रॉफी समेत 59 बीसीसीआई मैच होस्ट किए। सीनियर मेन्स टीम सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी नॉकआउट में पहुंची, जबकि रणजी टीम ने सात मैचों में चार जीत हासिल की, जो उसके ग्रुप में सबसे ज़्यादा थी। आठ प्लेयर्स ने एनसीए कैंप में हिस्सा लिया, जिसमें काश्वी गौतम, संदीप शर्मा, राज अंगद बावा और निखिल कुमार ने नेशनल अवॉर्ड जीते–दो आईपीएल में, एक डब्ल्यूपीएल में, और एक इंडिया 19 वर्ष से कम आयु के एशिया कप में।

सदस्यों के भरोसे के लिए उनका शुक्रिया अदा करते हुए, नए प्रेसिडेंट सारांश टंडन ने कहा कि उनका फोकस अपने पहले के प्रेसिडेंट की रखी मजबूत नींव को और मजबूत बनाने पर होगा। उन्होंने ट्रांसपेरेंट गवर्नेंस पक्का करने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर विकास, खिलाड़ियों की भलाई और मॉडर्न ट्रेनिंग सुविधाओं के लिए नए कमिटमेंट पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि यूटीसीए चंडीगढ़ में क्रिकेट के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए बीसीसीआई के साथ मिलकर काम करता रहेगा।

इससे पहले, ट्रेजरर आलोक कृष्ण ने ऑडिटेड अकाउंट्स पेश किए। आखिर में, सारांश टंडन ने यूटीसीए को और असरदार बनाने के लिए सदस्यों से सुझाव भी मांगे।

# चोरियों से सहमे लोग: गाड़ी से लैपटॉप, स्कूटर में रखा मोबाइल चोरी, टावर की 24 बैटरियां मिली गायब

पंचकूला पुलिस ने दर्ज किए किए मामले, एक सुलझा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 26 अक्तूबर।** जिले में पुलिस की लाख कोशिशों के बीच चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ली रही। बीते 24 घण्टों में घटित हुई चोरी की ऐसी 3 वारदातों के मद्देनजर लोग सहमे हुए हैं। पुलिस ने मामले दर्ज करते हुए अज्ञात आरोपियों की धरपकड़ की। पुलिस ने इस बीच एक मामले को सुलझा लिया। पुलिस टीम ने सेक्टर 25 में हुई घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की और गुप्त सूचना के आधार पर महज 24 घंटे के भीतर आरोपी को पहचानकर 25 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान प्रमोद कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त वाहन ह्युंडई कार और चोरी किया गया आईफोन भी बरामद कर लिया। आरोपी को। जिला अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया



गया है।

**स्कूटर के स्टोरेज स्पेस से उड़ाया मोबाइल:** पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 24 अक्टूबर को पंचकूला निवासी शिकायतकर्ता ने पुलिस को सूचना दी कि 23 अक्टूबर को उसकी पत्नी सेक्टर-25 की मार्किट गई थी। इसी दौरान जब वह स्कूटी बिल्डिंग के सामने खड़ी करके अंदर गई तो उसका मोबाइल फोन स्कूटी के सामने वाले स्टोरेज स्पेस में रह गया। इस मौके का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति ने फोन चोरी कर लिया और मौके से कार में सवार होकर फरार हो गया। शिकायत मिलने के बाद सैक्टर-25 चौकी इंचार्ज विकाश की टीम ने मामले की त्वरित जांच शुरू की।

**कार से लैपटॉप चोरी:** पंचकूला के टगरा गांव निवासी प्रतीक शर्मा ने बताया कि वह एक फाइनेंस कंपनी में काम करते हैं। 25 अक्टूबर को वह एक दोस्त की सगाई में गए हुए थे। उन्होंने अपनी कार पार्किंग में खड़ी की थी। करीब 5 घंटे बाद जब वे वापस आए तो उन्होंने देखा कि उनकी कार का शीशा टूटा हुआ है और कार से उनका लैपटॉप गायब है। किसी ने उनकी गाड़ी का शीशा तोड़कर लैपटॉप चोरी कर लिया था। पंचकूला पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धारा 303, 324(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।


**मोबाइल टावर से बैटरी चोरी:** पंचकूला के ढंढारू गांव में इंडस कंपनी के टावर से 24 बैटरी चोरी हो गई। कंपनी के सुपरवाइजर राव कासिम ने बताया कि 24 अक्टूबर की शाम को 4 बजे उनके पास लो बैटरी का अलार्म आया तो उन्होंने टावर पर जाकर देखा। वहां पर 300 एएच की 24 बैटरी चोरी हो चुकी थीं। कंपनी सुपरवाइजर की शिकायत पर पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी रवि शेर ने बताया कि आसपास के इलाके के सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं।

# दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने सामने हुई भयंकर टक्कर, दो युवकों की मौत, एक जख्मी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 26 अक्तूबर।** रायपुररानी के नजदीक गांव कामपुर में हुई दो मोटरसाइकिलों में आमने सामने की टक्कर में दो युवकों की जान चली गई और एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल का सेक्टर 6 के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की और क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिलों को कब्जे में ले लिया।

प्राथमिक जांच के मुताबिक मृतकों की पहचान 28 वर्षीय नीटू निवासी दूधगढ़ और अमन निवासी रायपुररानी उम्र 23 वर्ष के रूप में हुई। अस्पताल



में मौजूद हरजोत ने बताया कि शनिवार को रात करीब साढ़े 8 बजे रायपुररानी-मोरनी रोड पर काजमपुर मोड़ के पास दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। घायलों को तुरंत रायपुररानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से एक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पंचकूला के सेक्टर 6 रैफर कर दिया गया। सीएमओ डा. संजीव ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि अन्य की हालत नाजुक बनी हुई है। घायल हरप्रीत दूधगढ़ का रहने वाला है। उधर, अमन के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि अमन अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है। करीब एक साल पहले उसकी बहन की भी मौत हो चुकी थी, जिसके बाद अब घर में सिर्फ मां-बाप ही रह गए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। मृतक दोनो युवकों के शवों को पंचकूला के सेक्टर 6 अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# प्लास्टिक कचरे के बदले भोजन देने वाली अनोखी पहल 'गार्बेज कैफे' को देशभर में मिली पहचान

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में कहा - नगर निगम अंबिकापुर के प्लास्टिक मुक्त संकल्प से बदली शहर की तस्वीर

'मन की बात' में छत्तीसगढ़ के नवाचारों और माओवाद उन्मूलन के संकल्प का उल्लेख प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात - मुख्यमंत्री श्री साय

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित इलाके में देशी श्वान की उपलब्धि का किया जिक्र - विस्फोटक का पता लगाकर की जवानों की सुरक्षा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रायपुर।** 'मन की बात' कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के नवाचारों और माओवाद उन्मूलन के संकल्प का उल्लेख होना प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंबिकापुर के 'गार्बेज कैफे' और भारतीय नस्ल के श्वानों की उपलब्धि का विशेष उल्लेख किए जाने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इसे पूरे प्रदेश के लिए सम्मान बताया। मुख्यमंत्री ने आज राजधानी रायपुर के शांति नगर में 'मन की बात' के 127वें संस्करण का श्रवण किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'मन की बात' देशभर में हो रहे नवाचारी, प्रेरणादायी और जनहितकारी कार्यों को जोड़ने वाला एक विशेष मंच है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वालों प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान दिलाता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का उल्लेख होना प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अंबिकापुर नगर निगम की अनूठी पहल 'गार्बेज कैफे' की सराहना की, जिसने प्लास्टिक मुक्त शहर की दिशा में एक मिसाल कायम की है। यहाँ प्लास्टिक कचरा देने वालों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है - यह पहल स्वच्छता, पुनर्चक्रण और सामाजिक संवेदना का अद्भुत उदाहरण बन चुकी है।अम्बिकापुर में शहर से प्लास्टिक कचरा साफ करने के लिए एक अनोखी पहल की गई है। अम्बिकापुर में गार्बेज कैफे चलाए जा रहे हैं। ये ऐसे कैफे हैं, जहाँ प्लास्टिक कचरा लेकर जाने पर भरपेट खाना खिलाया जाता है। अगर कोई व्यक्ति एक किलो प्लास्टिक लेकर जाए उसे दोपहर या रात का खाना मिलता है और कोई आधा किलो प्लास्टिक ले जाए तो नाश्ता मिल जाता है। ये कैफे अम्बिकापुर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन चलाता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने त्योहारों की बढ़ी रौनक, सामाजिक एकता के प्रतीक छठ पर्व और नए आत्मविश्वास से आगे बढ़ते भारत की भावना का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि माओवादी गतिविधियों के सिमटते प्रभाव पर गर्व का अनुभव होता है। डबल इंजन की सरकार के मजबूत संकल्प से देश में शांति और सुरक्षा की दिशा में उल्लेखनीय परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से अब मूलभूत सुविधाएं सुदूर गाँवों तक पहुँच रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है। इस बार उन इलाकों में भी खुशियों के दीप जले हैं, जहाँ कभी माओवादी आतंक का अंधेरा छाया रहता था। उन्होंने कहा कि लोग उस माओवादी आतंक का जड़ से खात्मा चाहते हैं जिसने उनके बच्चों के भविष्य को संकट में डाल दिया था।

श्री साय ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों में भारतीय नस्ल के श्वानों को शामिल किए जाने के निर्णय की भी सराहना की। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित क्षेत्र में एक देशी श्वान ने 8 किलो विस्फोटक का पता लगाकर जवानों की जान बचाई। यह सिद्ध करता है कि भारतीय नस्ल के श्वान अधिक अनुकूल, दक्ष और विश्वसनीय हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रकृति संरक्षण पर भी विशेष जोर देते हुए सभी नागरिकों से पेड़ लगाने का आग्रह किया और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय नवाचारों को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर इसे उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया। उन्होंने इसे राष्ट्रप्रेम की अमर अभिव्यक्ति बताते हुए प्रत्येक नागरिक से इसके गौरवगान में स्वस्फूर्त रूप से सहभागिता करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के पुण्य स्मरण के साथ जनजातीय अधिकारों और स्वतंत्रता संग्राम में उनके सर्वोच्च योगदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस उन महान जननायकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिवस है, जिन्होंने देश की आज़ादी और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास हो रहे नवाचारों और सकारात्मक प्रयासों को अवश्य साझा करें, ताकि अन्य लोग भी उनसे प्रेरणा लेकर समाजहित में योगदान दे सकें।

**मुख्यमंत्री ने पुंगनूर नस्ल की गायों को खिलाया चारा**

'मन की बात' कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पुंगनूर नस्ल की गायों को चारा खिलाया और उनकी विशेषताओं की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि आंध्र प्रदेश में पाई जाने वाली यह विशेष नस्ल अपनी अनूठी शारीरिक बनावट और विशिष्ट गुणों के कारण प्रसिद्ध है।



कार्यक्रम में विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्री शंभूनाथ चक्रवर्ती, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत छाबड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

# 'पूना मारगेम' से जनविरोधी माओवादी विचारधारा का खात्मा, बस्तर में हो रही शांति की स्थापना: मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

**-कांकेर जिले में 21 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर किया आत्मसमर्पण**

अर्थ प्रकाश/ रायपुर/ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में माओवाद की समाप्ति अब वास्तविकता बनने की ओर अग्रसर है। 'पूना मारगेम - पुनर्वास से पुनर्जीवन' जैसी जनोन्मुख पहल ने बस्तर में शांति और विश्वास की नई बयार बहा दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज कांकेर जिले में 21 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया, जो प्रदेश में चल रही 'आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति - 2025' तथा 'नियद नेल्ला नार योजना' की सफलता का सशक्त प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माओवाद की झूठी और भ्रामक विचारधारा से भटके युवा अब समझने लगे हैं कि बंदूक नहीं, विकास की राह ही भविष्य का सही विकल्प है। सरकार इन आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास, पुनर्प्रशिक्षण और सामाजिक पुनर्संस्थापन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है, ताकि वे मुख्यधारा से जुड़कर समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर के लोगों का विश्वास जीता है। यही कारण है कि अब माओवादी संगठन तेजी से कमजोर पड़ रहे हैं और बड़ी संख्या में हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति को स्वीकार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर अंचल में अब नक्सलवाद की कमर टूट चुकी है और क्षेत्र तेजी से शांति, विकास और सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक भारत को नक्सलमुक्त बनाना है और छत्तीसगढ़ इस दिशा में तेजी से अग्रसर है।

# आशा किरन स्कूल में मुफत मैडिकल कैंप आज



अर्थ प्रकाश / होशियारपुर 26 अक्टूबर ( तरसेम दीवाना ) - जे.एस.एस आशा किरन स्पेशल स्कूल जहानखेला में वर्धमान यार्न एंड थ्रैंड कंपनी की तरफ से वलर्ड कैंसर केयर के सहियोग से कैंसर और आंखों का फ्री मेडिकल कैंप 27 अक्टूबर को सुबह 10 वजे से लेकर शाम 4 वजे तक लगाया जा रहा है, इस कैंप में कैंसर के लक्षणों की जांच और शुरूआत में इसे रोकने की जानकारी समेत आंखों का मुफत चैकअप और जरूरतमंद लोगों को चशमें दिए जाएगे। कैंप के दौरान शूगर, बी.पी. मैमोग्राफी टैस्ट, महिलाओं के अलग-अलग टैस्ट किए जाएगे। आशादीप वैलफेयर सोसायटी की तरफ से शहर वासियों को इस कैंप में पहुंचकर अपने टैस्ट करवाने की अपील की गई है। जानकारी देने के समय आशादीप वैलफेयर सोसायटी के प्रधान हरबंस सिंह,एसएसपी संदीप मलिक, श्रीमती सम्रिती शैली, सेकेटरी कर्नल गुरमीत सिंह, पेटर्न परमजीत सिंह सचदेवा, सीए तरनजीत सिंह, मस्तान सिंह ग्रेवाल, मलकीत सिंह महेडू, हरीश चंद्र ऐरी, राम आसरा, लोकेश खंना, हरमेश तलवाड़, प्रिंसीपल शैली शर्मा, वलर्ड कैसर केयर सोसायटी से धरमिंदर ढिल्लो, मैनेजिंग डायरेक्टर पूजा माही, जसप्रीत सिंह, मनदीप, अमनप्रीत कौर, डा. प्रभजोत कौर, डा. सुखदेव मौजूद रहे। इस कैंप का उदघाटन तरुन चावला सीएफओ डायरेक्टर वर्धमान लिमि. की तरफ से किया जाएगा।

# तमिलनाडु की तरफ बढ़ रहा चक्रवाती तूफान 'मोंथा का खतरा, उत्तरी तटीय क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

अर्थ प्रकाश/ चेन्नई। दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव क्षेत्र धीरे-धीरे तेज हो रहा है और सोमवार सुबह तक इसके चक्रवाती तूफान 'मोंथा' में तब्दील होने की आशंका है। रविवार को भारत मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी इस चेतावनी के बाद तमिलनाडु में ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक इस चक्रवाती तूफान की गति अब उत्तर-पश्चिम की तरफ है और यह लगभग 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। अगले दो दिनों में इसके कारण तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय जिलों में भारी बारिश और तेज हवा होने की संभावना है। दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव क्षेत्र रविवार सुबह 5.30 बजे चेन्नई से लगभग 800 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था। आईएमडी का अनुमान है कि यह दवाब सोमवार सुबह तक बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम-मध्य हिस्से में एक चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह सिस्टम उत्तर-उत्तर-पश्चिम की दिशा में बढ़ता रहेगा और सोमवार रात या मंगलवार सुबह तक यह गंभीर चक्रवाती तूफान बन सकता है। यह तूफान मंगलवार शाम या रात तक आंध्र प्रदेश के तट से काकीनाडा के पास, मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच होकर गुजर सकता है। तूफान के दौरान हवा की गति 90 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है। आंध्र और उत्तरी तमिलनाडु के तटों पर 110 किलोमीटर प्रति घंटे तक की तेज हवाएं चल सकती हैं। इस दौरान मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है। जो मछुआरे पहले से ही समुद्र में हैं, उन्हें उफनती लहरों और तेज हवाओं के खतरे के कारण तुरंत तट पर लौटने की सलाह दी गई है। इस सिस्टम के कारण रविवार को तिरुवल्लुर, चेन्नई, चेंगलपट्ट, कांचीपुरम, विल्लुपुरम, रानीपेट जिलों और पुडुचेरी में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसका मतलब है कि इन इलाकों में तेज बारिश और तेज हवा के कारण खतरा बढ़ सकता है। सोमवार को रानीपेट, तिरुवल्लुर और चेन्नई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं, विल्लुपुरम, चेंगलपट्ट, कांचीपुरम, वेल्लोर और पुडुचेरी में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। मंगलवार तक बारिश का क्षेत्र उत्तर की तरफ बढ़ेगा और रानीपेट और तिरुवल्लुर जिलों में विशेष रूप से जोरदार बारिश होने की प्रबल संभावना है। जिलों की प्रशासनिक टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और आपदा प्रबंधन टीमों को निर्देश दिया गया है कि वे अगले 48 घंटों में भारी बारिश, बाढ़ या तेज हवा से उत्पन्न किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें।

## न्यूज ब्रीफ

# गांव कांसल के प्राचीन माता कांसा देवी के मंदिर में नतमस्तक होने पहुंचा सुधीर सूद परिवार



अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ । गांव कांसल के प्रचीन माता कांसा देवी के मंदिर में नतमस्तक होना कांसल वासीयो में स्थित एक धार्मिक अनुष्ठान है, जो देवी के प्रति श्रद्धा दिखाने के लिए किया जाता है। यह मंदिर खरड़ विधानसभा क्षेत्र के नयागांव के पास कांसल के शिवालिक की पहाड़ों में स्थित है। जिसकी मान्यता बहुत है । गांव कांसल नयागांव व नजदीक के क्षेत्र वासी माता कांसा देवी की श्रध्दा से पूजन करते है । यह एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थान है- यह मंदिर मां कांसा देवी को समर्पित है और कांसल, चंडीगढ़ के सचिवालय के पास एक पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है। कांसल वासी समाज सेवक सुधीर सूद ने बताया माता कांसा देवी जी का यह मन्दिर तकरीबन 250 वर्ष पुराना ऐतिहासिक मन्दिर है आज भी बाबा समाधा वाले जी कांसा माता के मन्दिर में श्रद्धा पूर्वक माता के चरणों में नतमस्तक होते हैं। यहां नतमस्तक होना भक्तों द्वारा देवी को नतमस्तक होना, उनकी पूजा करने और आशीर्वाद मांगने का एक प्रचीन तरीका है। मंदिर खरड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत, कांसल नयागांव के पहाड़ों में है। सूधीर सूद ने बताया कि कांसा माता के नाम पर ही कांसल गाँव बसाया गया. खूबसूरत शिवालिक वादियों से घिरा यह मंदिर बहुत सुंदर है और बहुत शांतिपूर्ण है. मंदिर में एक यज्ञशाला भी है जहाँ एक गुफा बनी हुई नवरात्रि में यहाँ बहुत भीड़ लगती है । आज इस प्रचीन माता कांसा देवी के मंदिर में सुधीर सूद का परिवार बढे बैंड बाजे के साथ अपने परिवारिक मित्रो व रिश्तेंदारो के सथ नतमस्तक होने पहूंचे थे ,जिसम उनके पूत्र दक्ष सूद,बेटी नितिका सूद,पत्नी रेखा सूद सहित पुर्व तहसीलदार नेहरा जी, ब्रिज कालिया,सुनीता कालिया,आशा बत्ता ,मेघा कालिया, पार्षद सुशील शर्मा, हरप्रीत सिंह काका सिध्दू,पुर्व नयागांव कांग्रेस प्रधान कुलदीप सिंह सिध्दू, मंजीत सिंह सिध्दू, जे के बत्ता , डिम्पल ढिल्लों , इंस्पैक्टर जॉनी कुमार ,शिव कुमार , सैलेश यादव, अछर सिंह बब्बू , डाक्टर अशोक , पुर्व पार्षद कांसल सोहन लाल, पुर्व पार्षद कृष्ण कुमार कांसल , सहित लगभग 200 श्रध्दालू शामिल थे ।

# टीकाराम जूली का भाजपा पर हमला: किसानों को बिजली कनेक्शन देने में खुल रही सरकार के दावों की पोल, कहा- सिंचाई के लिए महंगे डीजल पर निर्भर है किसान

अर्थ प्रकाश/ जयपुर। किसानों की बिजली कनेक्शन में देरी की ख़बरों को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। जूली ने कहा है कि किसानों को बिजली कनेक्शन देने के भाजपा सरकार के दावों और वादों की पोल समय बीतने के साथ खुल रही है। पिछले दो वर्षों में अलवर जिले में 3183 कृषि कनेक्शन की फाइलें लगी हैं, लेकिन 2470 आवेदन बकाया पड़े हैं। किसान सिंचाई के लिए महंगे डीजल पर निर्भर है, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है। जब लागत बढ़ रही है तो आय कैसे बढ़ेगी? किसान पैसा भी जमा करवा चुके हैं और नियम है कि डिमांड नोटिस जमा करने के 90 दिनों में कनेक्शन जारी करना होता है। कोई कमी है तो उसे दूर करवाना चाहिए। अगर किसान डिफॉल्ट करता है तो उसके साथ तो बहुत सख्ती की जाती है लेकिन खुद भाजपा सरकार ने तो जैसे जिम्मेदारियों से मुंह ही मोड़ किया है। बिजली मंत्री को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी 'भारत समुद्री सप्ताह' कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे

अर्थ प्रकाश / भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी रविवार को मुंबई दौरे पर रहेंगे। वे भारत समुद्री सप्ताह (इंडिया मेरिटाइम वीक) में हिस्सा लेंगे। 27 से 31 अक्टूबर तक इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। मुख्यमंत्री माझी उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और बाद में ओडिशा विशेष सत्र में भाग लेंगे, जो राज्य के पोर्ट-आधारित निवेश अवसरों और उसके समुद्री बंदरगाहों के माध्यम से निर्यात क्षमता पर केंद्रित होगा। ओडिशा सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहले ही मुंबई पहुंच चुका है। 'इंडिया मेरिटाइम वीक' एक प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है जो सरकारी नेताओं, उद्योग विशेषज्ञों और निवेशकों को समुद्री बुनियादी ढांचे, बंदरगाह विकास और नीली अर्थव्यवस्था में प्रगति और अवसरों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाता है। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य भारत के बढ़ते समुद्री क्षेत्र में सहयोग और इनोवेशन को बढ़ावा देना है। ओडिशा की भागीदारी राज्य की पोर्ट-आधारित औद्योगिक वृद्धि और तटीय आर्थिक विकास में प्रमुख केंद्र बनने की दृष्टि को दर्शाती है। राज्य का प्रतिनिधिमंडल पोर्ट-आधारित उद्योगों, लॉजिस्टिक्स, मत्स्य पालन और समुद्री तकनीक में निवेश के अवसरों के बारे में जानकारी देगा। इसके साथ ही, यह प्रतिनिधिमंडल भारत के समुद्री व्यापार और निर्यात इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए ओडिशा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगा। ओडिशा सत्र के दौरान, राज्य अपने विश्व स्तरीय पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, नए विकास और विशाल समुद्री संभावनाओं को सामने रखेगा और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को नए साझेदारी अवसरों की तलाश के लिए आमंत्रित करेगा। यह यात्रा एक महत्वपूर्ण क्षण भी है क्योंकि ओडिशा सरकार मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के नेतृत्व में 500 दिन पूरे कर रही है। साथ ही, सरकार समावेशी विकास, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन पर अपना मजबूत ध्यान केंद्रित कर रही है।

# चडीसीए की सुरभि पंजाब अंडर-19 क्रिकेट टीम में संभालेगी उपकप्तान की जिम्मेदारी: डा. रमन घई

सुरभि के चयन से समूह होशियारपुर व एचडीसीए के खिलाड़ियों में खुशी की लहर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**होशियारपुर (तरसेम दीवाना )** एचडीसीए की होनहार खिलाड़ी सुरभि नारायण को पंजाब महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम के उपकप्तान की जिम्मेदारी मिलने से एचडीसीए के अन्य खिलाड़ियों एवं पूरे जिले में खुशी की लहर है। इस संबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि वुडलैंड ओवरसीज़ स्कूल की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा सुरभि नारायण पंजाब अंडर-19 टीम के अलावा पंजाब अंडर-23 टीम का भी पिछले वर्ष नेतृत्व कर चुकी है। उन्होंने बताया कि पंजाब की यह महिला अंडर-19 टीम बीसीसीआई द्वारा औरंगाबाद महाराष्ट्र में 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक करवाए जाने वाले अंडर-19 महिला राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामैंट में भाग लेगी। डा. घई ने बताया कि सुरभि पिछले 4 साल से लगातार पंजाब के लिए अंडर-15, अंडर-19 तथा अंडर-23 में पंजाब के लिए खेल रही है। सुरभि के पंजाब टीम की उपकप्तान बनने एचडीसीए के अध्यक्ष डा. दलजीत खेला व समूह एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सुरभि को बधाई दी। डा. घई ने बताया कि जिस तरह मेहनत व लग्न से सुरभि के साथ-साथ अन्य खिलाड़ी मेहनत कर रहे हैं, आने वाले दिनों में जल्द ही होशियारपुर का कोई न कोई क्रिकेट खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करेगा। उपकप्तान बनने पर सुरभि के कोच दविंदर कौर कल्याण, सहायक कोच नीतिका कुमारी व जिला कोच दलजीत सिंह, जूनियर कोच दलजीत धीमान, पंकज पिंका, दिनेश शर्मा तथा जिला ट्रेनर पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी कुलदीप धामी ने भी सुरभि को बधाई देते हुए आशा प्रकट की कि सुरभि जल्द ही बढ़िया प्रदर्शन कर आगे जाकर राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह बनाकर होशियारपुर के साथ-साथ पंजाब का नाम रोशन करेगी।



# समाज को प्रेरित करती है पीएम मोदी की 'मन की बात': रेखा गुप्ता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 127वें एपिसोड के बारे में कहा कि यह कार्यक्रम समाज को प्रेरित करता है। रेखा गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी हमेशा इस कार्यक्रम के माध्यम से सुंदर सार्थक संवाद करते हैं।

मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जब हम समाज से जुड़ते हैं और प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन का पालन करते हैं तो हजारों लोग भी इसमें शामिल होते हैं और हमेशा एक सुंदर और सार्थक संवाद होता है जो समाज को प्रेरित करता है। हर बार कुछ नया होता है, कभी देश के किसी विशेष हिस्से से, कभी पर्यावरण, संस्कृति या किसी भी चीज से संबंधित जो राष्ट्र की प्रगति में मदद करती है। आज जैन तेरापंथी समुदाय के साथ इस कार्यक्रम में शामिल होकर, इसे सुनकर और इससे मार्गदर्शन और प्रेरणा प्राप्त करके मुझे बहुत खुशी हुई।

रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री मोदी का लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में आमजन और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुना। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने महापर्व छठ पूजा की शुभकामनाओं से की। उन्होंने 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रन फॉर यूनिटी में सक्रिय भागीदारी के लिए देशवासियों का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने आगामी 7 नवंबर को वंदे मातरम के 150वें वर्ष प्रवेश उत्सव के अवसर पर नागरिकों से अपने मूल्यवान सुझाव 'वंदे मातरम 150' के माध्यम से साझा करने का आग्रह किया। रेखा गुप्ता ने आगे लिखा कि जन संवाद पर आधारित 'मन की बात' कार्यक्रम सामाजिक उपलब्धियों और जन-भागीदारी की प्रेरक कहानियों का एक महत्वपूर्ण मंच है। यह कार्यक्रम राष्ट्र को जोड़ने, प्रेरित करने और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है।



# अणुव्रत आंदोलन मानवता के उत्थान का सशक्त माध्यम है : रेखा गुप्ता

अर्थ प्रकाश/ नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को अणुव्रत दिवस के अवसर पर केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में आयोजित प्रेरक कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्य तुलसी का अणुव्रत आंदोलन केवल उपदेशों का नहीं, बल्कि मानवता के उत्थान, आत्मसंयम और नैतिकता के पुनर्जागरण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने यह दिखाया कि जब व्यक्ति अपने आचरण में सत्य, करुणा और अनुशासन को अपनाता है, तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हम सभी अपने जीवन में छोटे-छोटे संकल्प जैसे स्वदेशी को अपनाना, पर्यावरण की रक्षा करना, सत्यनिष्ठा और नियमों का पालन करना उतार लें, तो यही छोटे अणुव्रत समाज में बड़े और स्थायी बदलाव का आधार बन सकते हैं। कार्यक्रम में दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह तथा अणुव्रत समिति ट्रस्ट के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।



# हिन्दुस्तान ज़िंक की सीएसआर पहल सखी ने महिलाओं को दी 125.71 करोड़ की आर्थिक ताकत

राजस्थान और उत्तराखंड में 2,167 स्वयं सहायता समूहों की 25,455 से अधिक महिलाओं को बनाया सशक्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता

विश्व की सबसे बड़ी जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक ने सीएसआर के प्रमुख महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम सखी के तहत एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस पहल ने राजस्थान और उत्तराखंड की 2,167 स्वयं सहायता समूहों में 25,455 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाते हुए, कुल 125.71 करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया है। सखी फेडरेशन के माध्यम से प्रदान की गयी यह ऋण राशि इन महिलाओं के लिए वित्तीय सशक्तिकरण की आधारशिला बनी है। इस पैसे का उपयोग वे आय-अर्जक गतिविधियों में निवेश करने, छोटे व्यवसायों को बढ़ाने, बच्चों की शिक्षा और घर के बुनियादी ढांचे को सुधारने में कर रही हैं। यह राशि उन्हें अनौपचारिक स्त्रोतों पर निर्भर हुए बिना, जरूरत के समय पर लोन पाने में भी मदद करती है।

हिन्दुस्तान ज़िंक का सखी कार्यक्रम महिलाओं में आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक सशक्तिकरण और नेतृत्व को बढ़ावा देता है। मंजरी फाउंडेशन और चैतन्य ट्रस्ट के साथ साझेदारी में कार्यान्वित, सखी स्वयं सहायता समूहों के गठन और सुदृढ़ीकरण कर महिलाओं को औपचारिक बैंकिंग, बचत और ऋण प्रणालियों तक पहुँच प्रदान करती है। उद्यमशीलता और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर, यह पहल महिलाओं को अपने घरों और समुदायों में सक्रिय योगदानकर्ता के रूप में उभरने में सहायता कर रही है।

महिला सशक्तिरण की उदाहरण है फरजाना, जिन्होंने कम उम्र में अपने पति को खो दिया था, सखी के माध्यम से वह आचार बनाने की यूनिट में प्रशिक्षित हुईं। आज, उनकी आय उनके परिवार को स्थिरता दे रही है और उनके बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित कर रही है। वह कहती हैं कि, यहाँ काम करने से मेरे बच्चों के बेहतर भविष्य की उम्मीद मिली है। बिजनेस वर्ल्ड द्वारा मान्यता प्राप्त और सोशल इम्पैक्ट लीडर अवार्ड से सम्मानित उनकी उल्लेखनीय यात्रा, अवसर के माध्यम से सशक्तिकरण का एक प्रेरक प्रमाण है।

इंद्रा मीणा, माँ और अपने परिवार की एकमात्र कमाने वाली, जावर की नमकीन यूनिट में सबसे अधिक आया वालों में से एक बन गईं। उनकी लगन ने उन्हें सखी उत्पादन समिति के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में जगह दिलाई, जहाँ वह अब निर्णय लेने और अन्य महिलाओं को सलाह देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

सखी और सूक्ष्म उद्यम कार्यक्रमों के माध्यम से, हिन्दुस्तान ज़िंक आर्थिक सशक्तिकरण, उद्यमिता और कौशल निर्माण सहित समावेशी विकास का एक पारिस्थितिकी तंत्र निर्मित कर रहा है। सखी उत्पादन समिति के अंतर्गत सूक्ष्म उद्यमों ने 14 उत्पादन इकाइयाँ और 208 स्टोर स्थापित किए हैं, जिससे 231 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है । खाद्य पदार्थ के दाइची और वस्त्र के उपाया ब्रांड के माध्यम से ग्रामीण बाजारों के साथ मजबूत संबंध स्थापित हुए हैं। लैंगिक समानता, सभ्य कार्य, आर्थिक विकास और असमानताओं को कम करने पर संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप, इस पहल ने 200 से अधिक गाँवों में 2,167 स्वयं सहायता समूहों की 25,455 से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाया है, ग्रामीण राजस्थान के विकास की कहानी को फिर से परिभाषित किया है और महिलाओं को परिवर्तन और प्रगति के प्रमुख वाहक के रूप में आगे बढ़ाया है।

सखी के साथ ही, सामाजिक परिवर्तन के लिए हिन्दुस्तान ज़िंक की प्रतिबद्धता बच्चों के कल्याण और शिक्षा, स्थायी आजीविका और कौशल से लेकर स्वास्थ्य सेवा, जल और स्वच्छता, खेल, संस्कृति, पर्यावरण और पशु कल्याण तक कई क्षेत्रों में फैली हुई है। अपने परिचालन के आसपास के समुदायों के जीवन की गुणवत्ता और आर्थिक कल्याण को बढ़ाने के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, कंपनी रणनीतिक और सहयोगात्मक पहलों के माध्यम से समावेशी विकास को आगे बढ़ा रही है। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान में, नंद घर जैसे प्रमुख कार्यक्रम प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा का आधुनिकीकरण कर रहे हैं, जबकि जल संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में परियोजनाएं मजबूत और आत्मनिर्भर समुदायों को सुनिश्चित कर रही हैं। हिन्दुस्तान ज़िंक 2,350 से अधिक गांवों में 23 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित कर रही है।

